✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

● पटना संस्करण

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290 /90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक :280 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, मंगलवार, 10 मार्च 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रूपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



कोर्ट परिसर में बम की सूचना पर हड़कंप

### हड़ताली सीओ-आरओ को डिप्टी सीएम विजय सिन्हा की कड़ी चेतावनी

# काम पर लौटें, नहीं तो सेवा समाप्ति तय : विजय सिन्हा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग में जारी हड़ताल को लेकर सरकार ने अब सख्त रुख अपना लिया है। कई दिनों से हड़ताल पर चल रहे अंचलाधिकारी और राजस्व अधिकारी को डिप्टी सीएम एवं विभागीय मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि वे जल्द काम पर नहीं लौटते हैं तो सरकार उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई करने से पीछे नहीं हटेगी। जरूरत पड़ने पर सेवा समाप्ति और अस्थायी बहाली जैसे विकल्प भी अपनाए जा सकते हैं।



पटना में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि हड़ताल के कारण आम जनता से जुड़े महत्वपूर्ण राजस्व और भूमि संबंधी कार्य प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने हड़ताली अधिकारियों से अपील करते हुए कहा कि वे जल्द से जल्द अपने कर्तव्यों पर लौटें और नौकरी को सेवा भाव से निभाएं। उन्होंने साफ कहा कि सरकार कामकाज ठप नहीं होने देगी और इसके लिए वैकल्पिक व्यवस्था भी तैयार कर ली गई है।

डिप्टी सीएम ने कहा कि सरकार हड़ताल के हर दिन की गणना कर रही है। उन्होंने कर्मचारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि सरकार की सहानुभूति को कमजोरी न समझें। "वे हमारे विभाग के कर्मचारी हैं, इसलिए हम उनसे संवाद और समाधान की उम्मीद रखते हैं। लेकिन यदि इस सहानुभूति को कमजोरी समझा गया तो सरकार सख्त कार्रवाई करने से भी नहीं हिचकेगी"।

विजय कुमार सिन्हा ने हड़ताल के पीछे साजिश की आशंका भी जताई। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ भू-माफिया इस आंदोलन को हवा दे रहे हैं ताकि भूमि सुधार की प्रक्रिया को बाधित किया जा सके। उन्होंने कहा कि ऐसे तत्वों को आने वाले दिनों में इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। एनडीए सरकार को मिले जनादेश का सम्मान करते हुए सरकार हर कीमत पर प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूत बनाए रखेगी। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उन्होंने विभाग के 100 दिनों के कार्यों का भी उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि बिहार भूमि पोर्टल की शुरुआत की गई है, जिससे राज्य की जमीनों से जुड़ी जानकारी और प्रक्रियाएं अधिक पारदर्शी और सुलभ होंगी।

अंत में उन्होंने दो टूक कहा कि सरकार संवाद के लिए तैयार है, लेकिन कामकाज बाधित होने की स्थिति में कठोर कदम उठाने से भी पीछे नहीं हटेगी।

## मोकामा थाना पुलिस ने 390 किलो गांजा किया बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जिले के मोकामा थाना पुलिस ने सोमवार को मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर 390 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया है। इस मामले में तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। मोकामा थाना प्रभारी कुणाल कुमार ने बताया कि पुलिस को क्षेत्र में मादक पदार्थों की एक बड़ी खेप आने की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घेराबंदी की और तलाशी अभियान चलाया। तलाशी के दौरान पुलिस ने मौके से 390 किलोग्राम गांजा बरामद किया। बरामद किए गए गांजे की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लाखों रुपए आंकी जा रही है।

थाना प्रभारी ने पुष्टि की है कि इस अवैध कारोबार में संलिप्त तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस फिलहाल इन तस्करों से पूछताछ कर रही है ताकि गांजे की यह खेप कहाँ से लाई गई थी और इसे कहां पहुंचाया जाना था, इसका पता लगाया जा सके। पुलिस इस गिरोह के अन्य सदस्यों और मुख्य सरगना की तलाश में जुट गई है। इस पूरे मामले को लेकर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। बरामदगी की गंभीरता को देखते हुए, पटना ग्रामीण एसपी द्वारा एक आधिकारिक प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से इस ऑपरेशन का विस्तृत विवरण और तस्करों के नेटवर्क का खुलासा किया जाएगा।

# चार राज्यों और पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान जल्द

### चुनाव आयोग की तैयारियां अंतिम चरण में

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** देश के पांच महत्वपूर्ण क्षेत्रों असम, केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा अब किसी भी समय हो सकती है। भारतीय चुनाव आयोग इस सप्ताह इन चुनावों के कार्यक्रम का ऐलान कर सकता है। माना जा रहा है कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की अगुवाई में पूरी चुनाव आयोग की टीम पश्चिम बंगाल के दौरे से लौटने के बाद इस पर अंतिम निर्णय लेगी।

चुनाव आयोग की पूरी बेंच, जिसमें चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी शामिल हैं, इन दिनों पश्चिम बंगाल में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों का जायजा ले रही है। इससे पहले आयोग की टीम असम, तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी का दौरा कर वहां की चुनावी तैयारियों का विस्तृत मूल्यांकन कर चुकी है। आयोग के



सूत्रों के अनुसार पश्चिम बंगाल का दौरा पूरा होने के बाद पूरी टीम 10 मार्च को दिल्ली लौटेगी, जिसके बाद चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की संभावना प्रबल है। इन राज्यों की विधानसभा का कार्यकाल भी जल्द समाप्त होने वाला है। पश्चिम बंगाल विधानसभा का कार्यकाल 7 मई, तमिलनाडु का 10 मई, असम का 20 मई और केरल का 23 मई को खत्म हो रहा है। ऐसे में संवैधानिक प्रक्रिया के तहत समय पर चुनाव कराना आयोग की प्राथमिकता है। इस बार चुनाव आयोग चुनावी पारदर्शिता को और मजबूत करने के लिए एक बड़ा कदम उठाने जा रहा है। असम, पश्चिम बंगाल, केरल, तमिलनाडु और पुडुचेरी के सभी मतदान केंद्रों पर पहली बार 100 प्रतिशत वेबकास्टिंग की व्यवस्था लागू की जाएगी। इससे मतदान प्रक्रिया की रियल-टाइम निगरानी संभव हो सकेगी और किसी भी गड़बड़ी पर तुरंत कार्रवाई की जा सकेगी।

इसके लिए रिटर्निंग ऑफिसर, जिला चुनाव अधिकारी और मुख्य चुनाव अधिकारी स्तर पर विशेष मॉनिटरिंग टीमें गठित की जाएंगी। आयोग का उद्देश्य साफ है देश के इन अहम राज्यों में स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव सुनिश्चित करना। चुनाव आयोग ने यह भी संकेत दिया है कि चुनाव की तारीखें तय करते समय स्थानीय त्योहारों और सामाजिक आयोजनों का विशेष ध्यान रखा जाएगा। साथ ही मतदाता जागरूकता बढ़ाने के लिए 'स्वीप' कार्यक्रम के तहत कई अभियान चलाए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक लोग लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी निभा सकें। स्पष्ट है कि देश के राजनीतिक परिदृश्य को प्रभावित करने वाले इन चुनावों को लेकर चुनाव आयोग पूरी तरह सतर्क और तैयार है। अब पूरे देश की नजर इस सप्ताह होने वाली उस घोषणा पर टिकी है, जो आगामी महीनों में राजनीतिक दिशा तय करेगी।

# डीएसपी समेत 12 पुलिसकर्मियों पर गैर-जमानती वारंट

### मुजफ्फरपुर में न्यायालय का सख्त रुख

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुजफ्फरपुर।** न्यायिक प्रक्रिया की अवहेलना पर विशेष एनडीपीएस कोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए डीएसपी समेत 12 पुलिसकर्मियों के खिलाफ गैर-जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। अदालत ने स्पष्ट आदेश दिया है कि सभी आरोपित पुलिसकर्मियों को गिरफ्तार कर 9 मार्च तक न्यायालय में प्रस्तुत किया जाए। यह कार्रवाई मादक पदार्थों से जुड़े दो महत्वपूर्ण मामलों में बार-बार समन जारी होने के बावजूद गवाही के लिए अदालत में उपस्थित न होने के कारण की गई है।

विशेष एनडीपीएस कोर्ट-दो के न्यायाधीश नरेंद्र पाल सिंह ने सुनवाई के दौरान मामले की गंभीरता पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि न्यायिक प्रक्रिया में बार-बार बाधा उत्पन्न होना अत्यंत गंभीर विषय है। उन्होंने कहा कि जब गवाह के रूप में नामित पुलिसकर्मी ही अदालत के आदेशों की अनदेखी करेंगे, तो न्यायिक व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ना स्वाभाविक है। इसी को देखते हुए अदालत ने कड़ा कदम उठाते हुए गैर-जमानती वारंट जारी किया और पुलिस प्रशासन को इनके तामील की जिम्मेदारी सौंपी। पहला मामला कुढ़नी थाना क्षेत्र के गरहुआ चौक से जुड़ा है, जहां चार वर्ष पूर्व पुलिस ने रौशन कुमार को एक लोडेड कट्टा और 1.920 मिलीग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया था। इस मामले में पुलिस ने चार्जशीट भी दाखिल कर दी थी, लेकिन गवाहों के लगातार अनुपस्थित रहने के कारण साक्ष्य प्रस्तुत नहीं हो पाए और मामला लंबित पड़ा है। दूसरा मामला वर्ष 2020 का है, जब सदर थाना क्षेत्र के खबरा भेल कॉलोनी में पुलिस ने एक अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ किया था। इस कार्रवाई में एक किलो चरस, एटीएम क्लोनिंग मशीन और नगदी बरामद की गई थी। गिरोह पर एटीएम फ्रॉड में संलिप्त होने का आरोप था, लेकिन आवश्यक गवाहों की अनुपस्थिति से मामले की सुनवाई प्रभावित हो रही थी। अदालत ने तत्कालीन कुढ़नी थानेदार अरविंद पासवान, तत्कालीन डीएसपी (रक्षित) विपिन नारायण शर्मा, दारोगा विवेकानंद सिंह, एएसआई प्रकाश कुमार, गृहरक्षक कुमोद कुमार, दिनेश चौधरी, रघुवीर सिंह, राजेश कुमार यादव, सिपाही छोटेलाल सिंह, संजीव कुमार, अरविंद कुमार और धनिक कुमार राणा के खिलाफ वारंट जारी किया है। अदालत के इस कड़े आदेश ने पुलिस महकमे में भी हलचल पैदा कर दी है और अब सबकी नजरें इस बात पर टिकी हैं कि इन वारंटों की तामील कितनी जल्दी होती है।

# गृह विभाग ने पुलिस अधिकारियों को भेजा तीसरा रिमाइंडर

### चल-अचल संपत्ति का ब्योरा जल्द देने का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में प्रशासनिक पारदर्शिता और जवाबदेही को लेकर गृह विभाग ने पुलिस अधिकारियों और कर्मियों के प्रति कड़ा रुख अपनाया है। विभाग ने चल-अचल संपत्ति का विवरण समय पर जमा नहीं करने पर नाराजगी जताते हुए तीसरी बार रिमाइंडर जारी किया है। विभाग ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि सभी संबंधित अधिकारी और कर्मचारी जल्द से जल्द अपनी संपत्ति तथा दायित्वों की पूरी जानकारी उपलब्ध कराएं।

गृह विभाग के अनुसार राज्य की विभिन्न पुलिस इकाइयों से 31 दिसंबर 2025 की स्थिति के आधार पर चल-अचल संपत्तियों का विस्तृत ब्योरा मांगा गया है। इसके लिए पहले ही 15 फरवरी तक की समय-सीमा निर्धारित की गई थी, लेकिन बड़ी संख्या में अधिकारियों और कर्मियों की ओर से अब तक विवरणी जमा नहीं की गई है। इस स्थिति को गंभीरता से लेते हुए विभाग ने फिर से पत्र जारी कर आवश्यक जानकारी शीघ्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। गौरतलब है कि गृह विभाग ने इस संबंध में पहली बार 15 दिसंबर को सभी पुलिस इकाइयों को पत्र भेजा था। इसके बाद छह फरवरी को स्मार पत्र जारी कर समय-सीमा की याद दिलाई गई थी। बावजूद इसके कई इकाइयों से संपत्ति विवरणी नहीं मिलने पर अब तीसरा रिमाइंडर भेजा गया है, जिससे विभाग की सख्ती साफ झलक रही है। पांच मार्च को जारी ताजा पत्र में आर्थिक अपराध इकाई के आईजी, बिहार सैन्य पुलिस के सहायक आईजी, रेलवे के सहायक आईजी, बिहार पुलिस अकादमी के एसपी, एसपी वितंतु, सैनिक कल्याण निदेशालय के सहायक निदेशक, बिहार सैन्य पुलिस-05 और 14 के डीएसपी तथा विशेष शाखा के डीएसपी को विशेष रूप से निर्देशित किया गया है कि वे अपने अधीनस्थ पदाधिकारियों और कर्मियों से शीघ्र संपत्ति का ब्योरा प्राप्त कर विभाग को उपलब्ध कराएं।

दरअसल, हर वर्ष अखिल भारतीय सेवा के सभी अधिकारियों और राज्य सरकार के अधीन कार्यरत कर्मियों की चल-अचल संपत्ति की जानकारी सार्वजनिक की जाती है। यह प्रक्रिया 31 मार्च 2026 तक पूरी की जानी है। ऐसे में गृह विभाग की सख्ती यह संकेत दे रही है कि सरकार पारदर्शिता के मामले में किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त करने के मूड में नहीं है।

# जर्दा कारोबारी से 4.20 लाख की लूट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर।** नगर थाना क्षेत्र के बहादुरपुर इलाके में सोमवार को दिनदहाड़े हथियारबंद बदमाशों ने जर्दा कारोबारी की एजेंसी में घुसकर 4.20 लाख रुपये की लूट की वारदात को अंजाम दिया। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। पूरी वारदात एजेंसी में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसके आधार पर पुलिस अपराधियों की पहचान करने में जुट गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बहादुरपुर निवासी राहुल गुप्ता अपने आवासीय परिसर में ही विभिन्न कंपनियों की जर्दा एजेंसी का संचालन करते हैं। सोमवार दोपहर उनका कलेक्शन ब्वॉय बाजार से उगाही की राशि लेकर एजेंसी पहुंचा था। इसी दौरान तीन नकाबपोश बदमाश भी वहां पहुंच गए और अंदर घुसते ही हथियार निकालकर मौजूद लोगों को डराने-धमकाने लगे। बताया जाता है कि दो बदमाश एजेंसी के अंदर घुसकर गल्ले में रखी नकदी लूटने लगे, जबकि तीसरा बदमाश गेट पर खड़ा होकर पहरा देता रहा। कुछ ही मिनटों में बदमाशों ने गल्ले में रखी पूरी रकम बैग में भरी और हथियार लहराते हुए मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही नगर थाना के थानाध्यक्ष अजीत कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी। कारोबारी राहुल गुप्ता के अनुसार बदमाश करीब 4.20 लाख रुपये लूटकर फरार हुए हैं। थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि मामले में कारोबारी से लिखित आवेदन लिया जा रहा है, जिसके आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है। इधर एजेंसी में लगे सीसीटीवी कैमरों में पूरी वारदात रिकॉर्ड हो गई है। फुटेज में बदमाशों के एजेंसी में घुसने, लूटपाट करने और वहां से भागने तक की पूरी गतिविधि स्पष्ट दिखाई दे रही है। पुलिस अब इसी फुटेज के आधार पर बदमाशों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

## सीएम बनने के सवाल को टाल गए निशांत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री के बेटे निशांत कुमार ने 8 मार्च यानी रविवार को जदयू की सदस्यता ली। शपथ लेने के बाद उन्होंने अपने पिता नीतीश कुमार का आशीर्वाद लिया। सोमवार को निशांत कंकड़बाग स्थित मंजू सिन्हा पार्क पहुंचे हैं, जहां उन्होंने अपनी मां की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

निशांत ने कहा, यहां मेरी मां की प्रतिमा है, माल्यार्पण करने आया हूं। मां की बहुत याद आ रही है, उनका आशीर्वाद मेरे ऊपर बना रहे। उनकी कमी महसूस होती है, वो रहती तो और अच्छा होता।'

निशांत ने आगे कहा, बिहार के सभी 38 जिलों में यात्रा करूंगा, अभी डिसाइड कर रहा हूं।' टी20 वर्ल्ड कप में उन्होंने इंडिया को जीत की बधाई दी है। पत्रकारों ने निशांत से पूछा कि कार्यकर्ताओं का कहना है कि आप सीएम बनें। निशांत इस सवाल को टालते हुए आगे बढ़ गए।

# पॉल्ट्री व्यवसायी की गोली मारकर हत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुजफ्फरपुर।** जिले में अपराधियों के हौसले एक बार फिर बुलंद नजर आए, जब रामपुर हरि थाना क्षेत्र के कोइली भराव गांव में बेखौफ बदमाशों ने एक पॉल्ट्री फार्म व्यवसायी की गोली मारकर हत्या कर दी। बाइक सवार अपराधियों ने सुनसान स्थान पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर वारदात को अंजाम दिया और फरार हो गए। इस घटना के बाद इलाके में दहशत और आक्रोश का माहौल है। मृतक की पहचान कोइली भराव गांव निवासी रणधीर कुमार के रूप में हुई है। बताया जाता है कि रणधीर कुमार भराव चौक पर पान की दुकान चलाने के साथ-साथ पॉल्ट्री फार्म का व्यवसाय भी करते थे। रविवार की देर शाम वह अपनी पान की दुकान बंद कर बाइक से सब्जी और अन्य सामान लेकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान बाइक सवार अपराधियों ने उनका पीछा किया और सुनसान जगह पर पहुंचते ही उन पर गोलियां चला




दीं। परिजनों के अनुसार अपराधियों ने रणधीर कुमार को तीन गोलियां मारीं, जिनमें दो गोलियां उनके बाएं हाथ में और एक गोली सीने में लगी। गोली लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद ग्रामीण आनन-फानन में उन्हें इलाज के लिए श्रीकृष्ण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक की पत्नी चिंटू देवी ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से उनके पति के मोबाइल फोन पर हत्या की धमकियां मिल रही थीं। हालांकि इस संबंध में थाने में कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई थी। घटना के बाद उनका मोबाइल फोन भी गायब बताया जा रहा है, जिससे आशंका और गहरा गई है। सूचना मिलते ही रामपुर हरि थानाध्यक्ष शिवेंद्र नारायण सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल से दो खोखे बरामद किए हैं और एफएसएल टीम ने भी वहां से साक्ष्य जुटाए हैं। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची थी, लेकिन तब तक ग्रामीण घायल को अस्पताल ले जा चुके थे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। फिलहाल पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

# बोकारो कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी से मचा हड़कंप

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोकारो।** सोमवार की सुबह बोकारो जिला अदालत परिसर में उस समय अफरातफरी मच गई जब कोर्ट के रजिस्ट्रार के ईमेल पर बम से उड़ाने की धमकी भरा संदेश मिला। सूचना मिलते ही प्रशासन और पुलिस महकमा सतर्क हो गया तथा सुरक्षा के मद्देनजर पूरे कोर्ट परिसर को तत्काल खाली करा दिया गया। इस घटना के कारण दिनभर अदालत का कामकाज प्रभावित रहा। जानकारी के अनुसार सोमवार तड़के करीब चार बजे रजिस्ट्रार के ईमेल आइडी पर एक धमकी भरा मेल आया था। ईमेल में दावा किया गया था कि बोकारो कोर्ट परिसर के विभिन्न स्थानों पर साइनाइड गैस से भरे 14 बम लगाए गए हैं। मेल में विशेष रूप से कोर्ट की छतों की तलाशी लेने की बात भी लिखी गई थी। इतना ही नहीं, इसमें यह भी उल्लेख किया गया कि आईएसआई द्वारा ड्रोन के माध्यम से बम गिराए गए हैं। मेल में भेजने वाले के रूप में 'सौरव विश्वास' नाम का जिक्र किया गया था और इसमें तमिलनाडु की एक घटना का भी हवाला दिया गया था। बोकारो के पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह ने बताया कि विस्तृत जांच के बाद यह मामला अफवाह साबित हुआ है। परिसर में कहीं भी किसी प्रकार का विस्फोटक या संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। उन्होंने कहा कि एहतियातन पूरी जांच कराई गई, लेकिन धमकी भरा ईमेल पूरी तरह फर्जी निकला।




# दिव्यांग युवक की पीट-पीटकर हत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**महनार (वैशाली)।** टी-20 विश्व कप 2026 के फाइनल मैच को लेकर हुए विवाद में महनार थाना क्षेत्र के जक्कोपुर गांव में एक 18 वर्षीय मूक-बधिर युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। इस घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है, जबकि मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक की पहचान नगर परिषद महनार के वार्ड संख्या 18 स्थित जक्कोपुर गांव निवासी बृजकिशोर राय के पुत्र कुंदन कुमार के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लैब) की टीम ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रविवार की रात गांव के कुछ युवक मोबाइल फोन पर भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेले जा रहे टी-20 विश्व कप का फाइनल मैच देख रहे थे। उसी दौरान कुंदन कुमार भी पीछे खड़े होकर मैच देखने लगा। आरोप है कि इसी बात को लेकर मोबाइल पर मैच देख रहे एक युवक ने उसे धक्का दे दिया, जिससे वह सड़क पर गिर पड़ा। इसके बाद उसकी जमकर पिटाई कर दी गई। मारपीट के दौरान पास के ब्रेकर से उसका सिर टकरा गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महनार पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति गंभीर होने पर उसे सदर अस्पताल हाजीपुर रेफर कर दिया गया। हाजीपुर में भी हालत नाजुक रहने पर चिकित्सकों ने उसे पीएमसीएच पटना भेज दिया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। कुंदन दो भाई और दो बहनों में सबसे छोटा था। उसके पिता पेशे से किसान हैं। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है और परिजनों में आक्रोश व्याप्त है। महनार थानाध्यक्ष वेदानंदन सिंह ने बताया कि मोबाइल पर क्रिकेट मैच देखने के दौरान हुए विवाद में मूक-बधिर युवक की पिटाई की गई, जिससे उसकी मौत हो गई। इस मामले में केशव कुमार ठाकुर, पिता विष्णुकांत ठाकुर को आरोपित बनाया गया है। पुलिस ने उसके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली है तथा गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# खगड़िया और बेगूसराय सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय/खगड़िया।** बिहार के खगड़िया और बेगूसराय सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद सोमवार को दोनों जिलों के कोर्ट परिसरों में हड़कंप मच गया। ई-मेल के माध्यम से कोर्ट परिसर में बम रखे जाने की सूचना मिलने के बाद प्रशासन तुरंत हरकत में आया और सुरक्षा एजेंसियों ने व्यापक तलाशी अभियान शुरू कर दिया। धमकी की सूचना मिलते ही पुलिस, बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वॉड की टीम कोर्ट परिसर पहुंची और पूरे क्षेत्र की सघन जांच की। तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षा कारणों से कुछ समय के लिए कोर्ट परिसर में लोगों के आने-जाने पर रोक लगा दी गई तथा प्रवेश द्वारों पर कड़ी निगरानी रखी गई।

खगड़िया सिविल कोर्ट में चित्रगुप्त नगर थाना और नगर थाना की पुलिस के साथ बम निरोधक दस्ते की टीम ने परिसर के विभिन्न हिस्सों में गहन तलाशी ली। वहीं कोर्ट परिसर के बाहर भी अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती कर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई। बेगूसराय सिविल कोर्ट में भी इसी तरह का सर्च अभियान चलाया गया। खगड़िया के डीएसपी मुकुल रंजन ने बताया कि ई-मेल के माध्यम से कोर्ट परिसर में बम होने की सूचना मिली थी। इसी सूचना के आधार पर पुलिस और बम स्क्वॉड की टीम जांच के लिए मौके पर पहुंची। उन्होंने बताया कि अब तक किसी प्रकार की संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई है, लेकिन सूचना की गंभीरता को देखते हुए जांच जारी है। साथ ही उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और शांत रहने की अपील की है। इस संबंध में स्थानीय अधिवक्ताओं ने भी बताया कि ई-मेल के जरिए मिली धमकी के बाद एहतियातन यह जांच की जा रही है, ताकि किसी भी संभावित खतरे से बचाव सुनिश्चित किया जा सके। फिलहाल दोनों कोर्ट परिसरों में सघन तलाशी अभियान के बाद स्थिति सामान्य बताई जा रही है। हालांकि पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि धमकी भरा ई-मेल किसने और कहां से भेजा। प्रशासन का कहना है कि हर ऐसी सूचना को गंभीरता से लिया जाता है, भले ही बाद में मामला फर्जी ही क्यों न साबित हो।

# कृषि यांत्रीकरण की दिशा में बड़ा कदम

## किसानों को आधुनिक यंत्रों पर मिलेगा अनुदान : रामकृपाल यादव


**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने बताया कि राज्य में कृषि को आधुनिक और लाभकारी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए 12 मार्च से 15 मार्च 2026 तक गांधी मैदान, पटना में राज्यस्तरीय कृषि यांत्रिकरण मेला सह प्रदर्शनी 'एग्रो बिहार-2026' का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह चार दिवसीय मेला किसानों के लिए आधुनिक कृषि तकनीक और यंत्रों से रूबरू होने का एक महत्वपूर्ण मंच होगा। इस मेले में देश के प्रमुख कृषि यंत्र निर्माताओं द्वारा अत्याधुनिक कृषि यंत्रों का प्रदर्शन किया जाएगा। बिहार के अलावा पंजाब, हरियाणा, गुजरात, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों के कृषि यंत्र निर्माता भी इसमें भाग लेंगे। लगभग 3.25 लाख वर्ग फीट क्षेत्र में आयोजित इस मेले में 100 से अधिक स्टॉल लगाए जाएंगे। इसके साथ ही खाद्य प्रसंस्करण, पशु एवं मत्स्य संसाधन, गन्ना उद्योग, उद्योग विभाग, सहकारिता विभाग तथा कॉम्फेड द्वारा भी अपनी योजनाओं एवं गतिविधियों का प्रदर्शन किया जाएगा। मेले में आने वाले आगंतुकों के लिए बिहारी व्यंजनों से युक्त फूड कोर्ट की भी विशेष व्यवस्था की गई है। मंत्री ने बताया कि किसानों को आधुनिक तकनीकों की जानकारी देने के उद्देश्य से प्रतिदिन किसान पाठशाला का आयोजन किया जाएगा जिसमें विशेषज्ञ किसानों को नई तकनीकों एवं आधुनिक कृषि यंत्रों के उपयोग की जानकारी देंगे। साथ ही राज्य के सभी कृषि महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं को भी आधुनिक कृषि यंत्रों की जानकारी के लिए इस मेले का भ्रमण कराया जाएगा।

उन्होंने कहा कि मेले के दौरान प्रतिदिन मुख्य मंच से कृषि आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा जिससे किसानों और आमजनों के लिए यह मेला ज्ञान के साथ-साथ मनोरंजन का भी केंद्र बनेगा। श्री यादव ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में कृषि यांत्रिकरण योजना के अंतर्गत कुल 91 प्रकार के कृषि यंत्रों पर अनुदान दिया जा रहा है। इस वर्ष से अनुदान की राशि सीधे लाभुक किसानों के बैंक खाते में हस्तांतरित की जा रही है जिससे पारदर्शिता और सुविधा दोनों सुनिश्चित होंगी। किसान यंत्रवार अनुदान की जानकारी विभागीय वेबसाइट, बिहार कृषि मोबाइल ऐप, जिला कृषि कार्यालय, प्रखंड कृषि कार्यालय या कृषि समन्वयक से प्राप्त कर सकते हैं। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के किसानों के लिए कृषि यंत्रों पर अधिक अनुदान का विशेष प्रावधान किया गया है। इसके अलावा 20 हजार रुपये या उससे कम अनुदान वाले कृषि यंत्रों पर निबंधित गैर-रैयत कृषक (वास्तविक खेतिहर किसान) भी इस योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। किसानों को यंत्र के मेक, मॉडल तथा आपूर्तिकर्ता प्रतिष्ठान का चयन स्वयं करने की स्वतंत्रता दी गई है। किसान अपनी पसंद के अनुसार कृषि विभाग द्वारा सूचीबद्ध मेक-मॉडल के यंत्र खरीद सकते हैं जिन पर निर्धारित अनुदान प्रदान किया जाएगा। मंत्री ने राज्य के अधिक से अधिक किसानों से अपील की है कि वे 'एग्रो बिहार-2026' मेले में भाग लेकर आधुनिक कृषि यंत्रों और तकनीकों की जानकारी प्राप्त करें तथा अनुदानित दर पर यंत्र खरीदकर अपनी खेती को अधिक लाभकारी बनाएं।

## नगालैंड का राज्यपाल बनाए जाने पर प्रदेश भाजपा नेता सनोज यादव ने दी बधाई



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** प्रदेश भाजपा नेता सनोज यादव सोमवार को पूर्व विधानसभा अध्यक्ष नन्द किशोर यादव से उनके पटना स्थित निजी आवास पर मिले। उन्होंने उन्हें नगालैंड का राज्यपाल बनाए जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

## भारतीय क्रिकेट टीम ने विश्व कप जीत कर देश का मान बढ़ाया : डॉ. प्रेम कुमार

### टीम इंडिया समेत पूरे देशवासियों को दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने अंतरराष्ट्रीय टी-20 विश्वकप के फाइनल में भारत के विजेता बनने पर टीम इंडिया समेत पूरे देशवासियों को बधाई दी है। हर्ष जताते हुए कहा कि भारतीय क्रिकेट टीम ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन, अनुशासन, टीम भावना और दृढ़ संकल्प के बल पर विश्व मंच पर भारत का गौरव बढ़ाया है। खिलाड़ियों ने पूरे टूर्नामेंट में जिस प्रकार का खेल कौशल दिखाया, वह देश के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि भारत की यह ऐतिहासिक जीत देश के युवाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी। उन्होंने टीम के सभी खिलाड़ियों, कोचिंग स्टाफ और भारतीय क्रिकेट बोर्ड को इस शानदार उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

## केवाइपी केंद्रों का भुगतान चार माह से लंबित, संचालकों में भारी आक्रोश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी योजना कुशल युवा कार्यक्रम (केवाइपी) के अंतर्गत संचालित प्रशिक्षण केंद्रों का पिछले चार माह से भुगतान लंबित रहने के कारण केंद्र संचालकों में भारी आक्रोश व्याप्त है। संचालकों का आरोप है कि लगातार भुगतान के बारे में पूछे जाने पर विभागीय अधिकारियों द्वारा केवल टालमटोल किया जाता है और कई बार केंद्र बंद करा देने की धमकी भी दी जाती है।

केवाइपी वेल्फेयर सोसाइटी, वैशाली के माध्यम से केंद्र संचालकों ने बताया कि होली जैसे बड़े पर्व के अवसर पर भी भुगतान नहीं किया गया जिससे संचालकों और कर्मचारियों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा जबकि युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग, बिहार सरकार के सचिव कौशल किशोर के हस्ताक्षर से जारी पत्र में स्पष्ट रूप से उल्लेख था कि सभी लंबित भुगतान और समस्याओं का समाधान 28 फरवरी 2026 तक कर दिया जाएगा, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। सोसाइटी ने यह भी बताया कि 23 फरवरी 2026 को केवाइपी वेल्फेयर सोसाइटी के माध्यम से डॉ. आनंद रंजन झा के साथ कई केंद्र संचालकों ने 20 सूत्री मांग पत्र पर हस्ताक्षर कर इसे सामूहिक समस्या बताते हुए विभाग के सचिव को ज्ञापन सौंपा था, लेकिन इतने महत्वपूर्ण मुद्दे पर अब तक कोई समाधान नहीं होना अत्यंत निंदनीय है। केंद्र संचालकों का कहना है कि विभागीय अधिकारियों को फोन करने पर अधिकतर कॉल नहीं उठाए जाते और यदि कोई फोन उठा भी लेता है तो स्पष्ट जवाब देने के बजाय बातों को टाल दिया जाता है। डॉ. आनंद रंजन झा ने कहा कि इतनी महत्वाकांक्षी योजना आज अव्यवस्था और लापरवाही के कारण प्रभावित हो रही है जिसका सीधा असर राज्य के युवाओं के भविष्य पर पड़ रहा है। उन्होंने सरकार से मांग की कि चार माह से लंबित सभी भुगतान अविलंब जारी किए जाएं अन्यथा सम्पूर्ण बिहार के केवाइपी केंद्र संचालक आंदोलन और कानूनी कार्रवाई के लिए बाध्य होंगे।

## विधान सभा अध्यक्ष ने कुशेश्वरस्थान में किया महादेव का रुद्राभिषेक



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना ।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने परिवार सहित दरभंगा जिले के कुशेश्वरस्थान स्थित महादेव मंदिर में रुद्राभिषेक व पूजा-अर्चना कर राज्य की सुख-शांति व समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि हमारी कामना है विकसित बिहार का सपना पूरा हो और देश की तरक्की में बिहार का योगदान बढ़े। क्योंकिबिहार के बगैर भारत विकसित देश नहीं बन सकता। कहा कि केंद्र में लगातार 11 वर्षों से कर्मयोगी नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार विकास के कार्य कर और जनकल्याणकारी योजनाएं चलाकर जनता का भला कर रही है। साथ ही विकास पुरुष नीतीश कुमार के नेतृत्व में लगातार 20 वर्षों से बिहार हर क्षेत्र में तरक्की कर रहा है।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर वाणिज्य विभाग की 26 महिला रेलकर्मियों को किया गया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर 8 मार्च 2026 को पटना जंक्शन पर रेलवे की कमान महिला रेल कर्मियों को सौंपी गई थी तथा पटना इसलामपुर मेमू ट्रेन का परिचालन भी पूरी तरह से महिला रेल कर्मियों के जिम्मे था जिसका निर्वहन उन्होंने बखूबी किया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के ठीक दूसरे दिन महिला रेल कर्मियों को सम्मानित करने के लिए दानापुर मंडल के वाणिज्य विभाग की 26 महिला रेल कर्मियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। ये महिला रेलकर्मी रेलवे के वाणिज्य विभाग के विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्य करते हुए अपना योगदान दे रही हैं तथा पुरुषों के साथ कदम से कदम मिलाकर चलते हुए रेलवे को आगे बढ़ाने में अपना सहयोग कर रही हैं। आज सम्मानित होने वाली सभी रेलकर्मी दानापुर मंडल में वाणिज्य पर्यवेक्षक(बुकिंग), मुख्य वाणिज्य लिपिक, टिकट परीक्षक, वरीय बुकिंग क्लर्क, आरक्षण पर्यवेक्षक, जूनियर क्लर्क, सामान्य सहायक, वरीय वाणिज्य लिपिक/मुख्यालय/रिटर्न के महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत हैं। देश दुनिया की तरह आज हर क्षेत्र में महिलाएं पुरुषों से कदम से कदम मिलाकर चल रही हैं और रेलवे भी इसमें पीछे नहीं है।

विश्व पटल पर महिलाओं के नेतृत्व की सराहना सर्वत्र हो रही है। भारतीय रेल में भी लगभग एक लाख महिलाएं भारतीय रेल को प्रगति के पथ पर अग्रसर करने में अपना योगदान दे रहीं हैं। महिला रेलकर्मियों का आत्मविश्वास, कर्तव्यनिष्ठा एवं समर्पित सेवा की भावना भारतीय रेल की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है तथा समाज के लिए प्रेरणास्रोत है।

## बिहार में बेमेल गठबंधन की सरकार : राजेश राम

### नीतीश के बाद अब चंद्रबाबू नायडू की बारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम में बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार में नीतीश कुमार के साथ हाल के घटनाक्रम से कांग्रेस को कोई आश्चर्य नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि यह घटना होना ही था, क्योंकि मौजूदा सरकार वोट चोरी की बदौलत बनी थी और भारतीय जनता पार्टी लगातार पर्दे के पीछे से नीतीश कुमार को हटाने की साजिश रच रही थी। राजेश राम ने कहा कि भाजपा ने अब नीतीश कुमार को 'डिजिटल अरेस्ट' कर लिया है जो नीतीश कुमार हमेशा समाजवादी विचारधारा की लड़ाई लड़ते रहे, आज वही उस लड़ाई को भाजपा के हवाले कर चुके हैं और आरएसएस के एजेंडे पर समझौता कर लिया है। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि आखिर ऐसी क्या मजबूरी है कि नीतीश कुमार अपने ही कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों के आंसुओं से भी नहीं पिघल रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि भाजपा की राजनीति सहयोगी दलों को कमजोर करने और खत्म करने की रही है। उन्होंने कहा कि जिस तरह भाजपा ने शिवसेना के नेता एकनाथ शिंदे को साथ रखकर बाद में मूल शिवसेना को कमजोर किया, उसी तरह अकाली दल को भी कमजोर किया गया।


## केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण ने किया फ्रंटलाइन कार्यबल को सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** केंद्रीय विद्युत मंत्रालय के केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीइए) द्वारा टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड के सहयोग से नई दिल्ली में लाइनमैन दिवस का छठा संस्करण मनाया गया। लाइनमैन दिवस मनाने का उद्देश्य लाइनमैन और ग्राउंड मेंटेनेंस स्टाफ के अथक समर्पण और अमूल्य सेवाओं को मान्यता देना है जिनका योगदान देश भर में बिजली सेवाओं की विश्वसनीय आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस कार्यक्रम में भारत के विद्युत तथा नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री श्रीपद येसो नाइक ने शिरकत की। विद्युत सचिव पंकज अग्रवाल ने मुख्य भाषण दिया और सीईए के अध्यक्ष घनश्याम प्रसाद और सीईए के सदस्यों के साथ बिजली क्षेत्र के वरिष्ठ नेता और गणमान्य हितधारक भी उपस्थित रहे। पूरे भारत की 66 से अधिक सरकारी और निजी बिजली वितरण एवं उत्पादन कंपनियों के साथ-साथ ट्रांसमिशन लाइसेंसधारियों के लगभग 250 लाइनमैन और पर्यवेक्षकों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। इस सभा ने प्रतिभागियों के बीच सामूहिक सीखने को बढ़ावा देने के साथ-साथ अनुभव साझा करने, निर्बाध बिजली आपूर्ति बनाए रखने में परिचालन चुनौतियों पर चर्चा करने और सुरक्षा प्रथाओं पर विचारों का आदान-प्रदान करने के लिए एक मंच प्रदान किया।

## माउंट लिटेरा जी स्कूल पटना साउथ का चिपुरा मोड़, पटना में नई शाखा का उद्घाटन




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारत के सबसे तेजी से विकसित हो रहे के-12 स्कूल नेटवर्कों में से एक माउंट लिटेरा जी स्कूल ने पटना के चिपुरा मोड़ पर अपने नए शाखा का उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि बिहार सरकार के पूर्व मंत्री वृषिण पटेल सहित कई विशिष्ट अतिथियों, शिक्षा जगत के लीडर्स तथा माउंट लिटेरा जी स्कूल पटना साउथ समूह के सदस्यों ने भाग लिया। यह कार्यक्रम क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। माउंट लिटेरा जी स्कूल पटना साउथ के चेयरमैन अमित कुमार, डॉ. मधुमिता, डॉ. एल बी सिन्हा, मीना सिन्हा और आरव कुमार की दृष्टि तथा प्रधानाचार्या सीमा जोसेफ के मार्गदर्शन में, माही सिंह एजुकेशनल ट्रस्ट के तत्वावधान में संचालित माउंट लिटेरा जी स्कूल पटना साउथ की टीम विद्यालय की विशिष्ट लिटेरा नोवा शिक्षण पद्धति के माध्यम से विद्यार्थियों की प्रतिभा, कौशल और मूल्यों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

## इनरह्वील क्लब ऑफ पाटलिपुत्रा की पहल से संस्कृति एकेडमी स्कूल बना 'हैप्पी स्कूल'

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** इनरह्वील क्लब ऑफ पाटलिपुत्रा द्वारा सामाजिक सरोकार के तहत संस्कृति एकेडमी स्कूल को 'हैप्पी स्कूल' के रूप में विकसित करने की सराहनीय पहल की गई। इस परियोजना के अंतर्गत विद्यालय परिसर को बच्चों के लिए अधिक आकर्षक, स्वच्छ और सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण कार्य किए गए। परियोजना के तहत विद्यालय की दीवारों को आकर्षक रंगों से सजाया गया तथा उन पर प्रेरणादायक स्लोगन लिखे गए जिससे बच्चों में सकारात्मकता और उत्साह का संचार हो सके। स्वच्छता और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए स्कूल में हैंडवॉश स्टेशन को व्यवस्थित किया गया तथा लड़कों और लड़कियों के लिए अलग-अलग शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित की गई। किशोरी बालिकाओं में मासिक धर्म स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विद्यालय में पैड बैंक तथा इन्सिनरेटर भी उपलब्ध कराया गया। वहीं छोटे बच्चों के लिए आनंददायक वातावरण तैयार करने के उद्देश्य से स्कूल परिसर में प्ले जोन की शुरुआत की गई और इनडोर गेम्स की व्यवस्था भी की गई, ताकि बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद और मनोरंजन का भी अवसर मिल सके। कार्यक्रम का उद्घाटन डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन रश्मि गुप्ता ने किया। इस अवसर पर क्लब की प्रेसिडेंट शीतू गांधी की इस पहल की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि यह कदम बच्चों के उज्ज्वल भविष्य और उनके समग्र विकास के लिए अत्यंत प्रेरणादायक है। एम पी जैन ने बताया कि मौके पर पीडीसी श्वेता सिन्हा, सचिव नीलांजना, रति सिन्हा, स्कूल की प्रधानाचार्या नमिता शरण, एडिटर रेखा सिंह सहित क्लब की अन्य सदस्याएं भी उपस्थित रहीं और कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना सहयोग दिया।

## अनुदीप टीम के सहयोग से करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** कॉलेज परिसर में आज अनुदीप टीम के सहयोग से करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्राचार्य प्रो. रत्ना अमृत के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्लेसमेंट सेल प्रभारी डॉ. स्वर्णा कुमार ने स्वागत भाषण देते हुए विद्यार्थियों को कौशल विकास और रोजगार के नए अवसरों के प्रति जागरूक किया। अनुदीप टीम ने विद्यार्थियों को विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों और करियर निर्माण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में डॉ. सीमा कुमारी ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर डॉ. सुधीर कुमार, डॉ. रवि कुमार तथा डॉ. राजीव कुमार सहित अन्य संकाय सदस्य भी उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणादायक सिद्ध हुआ।

## विश्वविद्यालय की सर्वोच्च प्राथमिकता विद्यार्थियों को बेहतर एवं समयबद्ध सेवाएं प्रदान करना : डा.ई. कृष्णा राव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय केंद्र, पटना में आज वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक डॉ. ई. कृष्णा राव ने अपना कार्यभार ग्रहण किया। कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात उन्होंने क्षेत्रीय केंद्र के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ एक परिचयात्मक बैठक की। इस अवसर पर डॉ. ई. कृष्णा राव ने कहा कि विश्वविद्यालय की सर्वोच्च प्राथमिकता विद्यार्थियों को बेहतर एवं समयबद्ध सेवाएं प्रदान करना है। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपेक्षा की कि वे शिक्षार्थियों की समस्याओं के त्वरित समाधान तथा उनकी शैक्षणिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए कार्य करें, ताकि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराई जा सके। डॉ. ई. कृष्णा राव इससे पूर्व इग्नू के क्षेत्रीय केंद्र मुंबई, चेन्नई एवं विशाखापत्तनम में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं और विश्वविद्यालय के प्रशासनिक एवं शैक्षणिक कार्यों में उनका व्यापक अनुभव रहा है। इस अवसर पर क्षेत्रीय केंद्र पटना के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. आसिफ इकबाल, उपकुलसचिव जय प्रकाश ओझा तथा सहायक क्षेत्रीय निदेशक डॉ. नीलू शर्मा सहित क्षेत्रीय केंद्र के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## नए प्राचार्य के नेतृत्व में बीएस कॉलेज बचरी में दिख रहा बदलाव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पीरो (भोजपुर)।** बीएस कॉलेज बचरी पीरो में नए प्राचार्य के पदभार ग्रहण करने के बाद शैक्षणिक और प्रशासनिक गतिविधियों में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है। कॉलेज में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने, विद्यार्थियों की उपस्थिति बढ़ाने और परिसर की व्यवस्था बेहतर बनाने की दिशा में कई पहल शुरू की गई हैं। प्राचार्य ने पदभार संभालने के बाद शिक्षकों और कर्मचारियों के साथ बैठक कर कॉलेज के विकास से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने सभी से मिलकर संस्थान को आगे बढ़ाने और पढ़ाई का बेहतर माहौल बनाने की अपील की। प्राचार्य ने कहा कि कॉलेज का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है, ताकि वे भविष्य में बेहतर अवसर हासिल कर सकें। कॉलेज परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई की व्यवस्था को दुरुस्त किया गया है। साथ ही कक्षाओं का नियमित संचालन सुनिश्चित करने के लिए भी निर्देश दिए गए हैं। विद्यार्थियों की समस्याओं को सुनने के लिए समय-समय पर संवाद कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं जिससे छात्र अपनी बात सीधे रख सकें। इसके अलावा पुस्तकालय और प्रयोगशाला की सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में भी प्रयास शुरू किए गए हैं। प्राचार्य ने कहा कि आधुनिक शिक्षा के लिए संसाधनों का विकास जरूरी है और कॉलेज में शैक्षणिक सुविधाओं को चरणबद्ध तरीके से बेहतर बनाया जाएगा।

## पुरुलिया-आनंद विहार एक्सप्रेस का शुभारम्भ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** 14021/14022 पुरुलिया-आनंद विहार-पुरुलिया एक्सप्रेस का परिचालन शुरू किया जाएगा। यह ट्रेन निम्नलिखित समय-सारणी के अनुसार चलेगी-14021/14022 पुरुलिया-आनंद विहार-पुरुलिया एक्सप्रेस, 14021 पुरुलिया-आनंद विहार एक्सप्रेस प्रत्येक शुक्रवार को 17:00 बजे पुरुलिया से प्रस्थान करेगी और अगले दिन 23:10 बजे आनंद विहार पहुंचेगी। वापसी दिशा में 14022 आनंद विहार-पुरुलिया एक्सप्रेस प्रत्येक गुरुवार को 5 बजे आनंद विहार से प्रस्थान करेगी ।

**NAME CHANGE**

I, Sanjay Kumar S/o Kamlesh Singh R/o Near Shiv Mandir, DL-149, Domgarh, Sindri, Dhanbad, Jharkhand-828122, have changed my name to Anil Kumar Singh.

# चार प्रवासी श्रमिकों की मौत पर 25 लाख मुआवजा और सख्त कार्रवाई की मांग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** मानवाधिकार कार्यकर्ता संतोष उपाध्याय ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि गुजरात के सूरत स्थित पंडेसरा औद्योगिक क्षेत्र की एक साड़ी रंगाई मिल में अपशिष्ट जल उपचार संयंत्र के भूमिगत केमिकल टैंक की सफाई के दौरान दम घुटने से बिहार के रोहतास जिले के चार प्रवासी श्रमिकों की दर्दनाक मृत्यु हो जाना अत्यंत दुखद और चिंताजनक घटना है। मृतकों में शिवसागर थाना क्षेत्र के गिरधारियाईया निवासी सोनू पासवान, करहगर थाना क्षेत्र के धोधिहन निवासी अंकित पासवान, कोचस थाना क्षेत्र के कपासिया निवासी संदीप कुमार तथा अमरेंद्र पासवान शामिल हैं। रोजी-रोटी की तलाश में दूसरे राज्य में काम करने गए इन गरीब श्रमिकों की इस प्रकार असामयिक मृत्यु पूरे समाज को झकझोर देने वाली घटना है। मानवाधिकार कार्यकर्ता संतोष उपाध्याय ने कहा कि औद्योगिक इकाइयों में खतरनाक रसायनों से जुड़े कार्यों के दौरान सुरक्षा मानकों का पालन अनिवार्य होता है। यदि सुरक्षा उपकरण, ऑक्सीजन व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक सावधानियां सुनिश्चित की जातीं तो संभवतः इन चार मजदूरों की जान बचाई जा सकती थी। यह घटना प्रथम दृष्टया फैक्ट्री प्रबंधन की गंभीर लापरवाही को दर्शाती है। उन्होंने गुजरात सरकार और सूरत जिला प्रशासन से मांग की है कि इस घटना की निष्पक्ष जांच कर दोषी फैक्ट्री मालिक और प्रबंधन के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही मृतक श्रमिकों के परिजनों को कम से कम 25 लाख रुपये प्रति व्यक्ति मुआवजा, एक आश्रित को रोजगार तथा पार्थिव शरीर को सम्मानपूर्वक उनके गांव तक पहुंचाने की व्यवस्था की जाए। श्री उपाध्याय ने बिहार सरकार से भी आग्रह किया है कि प्रवासी श्रमिकों के परिवारों को अतिरिक्त आर्थिक सहायता प्रदान की जाए और संकट की इस घड़ी में उनके साथ खड़ा हुआ जाए। उन्होंने कहा कि इस गंभीर घटना की शिकायत राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को भी भेजी जाएगी ताकि प्रवासी श्रमिकों की सुरक्षा और उनके अधिकारों के संरक्षण के लिए प्रभावी हस्तक्षेप हो सके। उन्होंने कहा कि देश के निर्माण और औद्योगिक विकास में प्रवासी श्रमिकों का महत्वपूर्ण योगदान है, इसलिए उनकी सुरक्षा, सम्मान और जीवन की रक्षा सुनिश्चित करना सरकारों तथा उद्योग प्रबंधन की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

## रोहतास में ऑनलाइन म्यूटेशन निष्पादन में उत्कृष्ट प्रगति, निष्पादन दर 93.55 प्रतिशत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** जिलाधिकारी के निर्देशन में जिले में ऑनलाइन दाखिल-खारिज मामलों के निष्पादन में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। जिला प्रशासन द्वारा प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार जिले में म्यूटेशन मामलों के निष्पादन की कुल दर 93.55 प्रतिशत तक पहुंच गई है जो राजस्व प्रशासन की सक्रियता एवं सतत मॉनिटरिंग का परिणाम है। रिपोर्ट के अनुसार जिले में कुल 39,053 मामलों में से 36,536 मामलों का निष्पादन किया जा चुका है जबकि 2,517 मामले लंबित हैं। इनमें से 724 मामले निर्धारित समयसीमा के भीतर तथा 1,793 मामले समयसीमा के बाद लंबित हैं। अनुमंडलवार प्रगति की समीक्षा करने पर पाया गया कि डिहरी अनुमंडल में कुल 5,963 मामलों में से 5,502 मामलों का निष्पादन करते हुए 92.27 प्रतिशत की निष्पादन दर प्राप्त की गई है। इसी प्रकार सासाराम अनुमंडल में 22,119 मामलों में से 20,820 मामलों का निष्पादन करते हुए 94.13 प्रतिशत की उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की गई है। वहीं बिक्रमगंज अनुमंडल में 10,971 मामलों में से 10,214 मामलों का निष्पादन करते हुए 93.10 प्रतिशत की प्रगति दर्ज की गई है। जिलाधिकारी ने कहा कि म्यूटेशन राजस्व प्रशासन की महत्वपूर्ण सेवा है जिससे आम नागरिकों को सीधे लाभ मिलता है। उन्होंने सभी अंचल अधिकारियों को निर्देश दिया है कि लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन करते हुए सरकार द्वारा निर्धारित समयसीमा का सख्ती से पालन सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी कहा कि पारदर्शिता, समयबद्धता तथा तकनीक आधारित कार्यप्रणाली के माध्यम से आम जनता को बेहतर राजस्व सेवाएं उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। जिले में इस उपलब्धि के पीछे अपर समाहर्ता रोहतास ललित भूषण रंजन के नेतृत्व में पूरी राजस्व टीम की सक्रिय भूमिका रही है।

## आचार्यों ने की वैदिक रीति से अग्नि प्रज्जवलित कर पूजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम/तिलौथू।** तिलौथू प्रखंड क्षेत्र के चंदनपुरा गांव में आयोजित श्री श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के नौ दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम के दूसरे दिन का शुभारंभ विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ। यज्ञ कुंड स्थल पर आचार्यों द्वारा वैदिक रीति से अग्नि प्रज्ज्वलित कर पूजा-अर्चना की गई जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। इस अवसर पर कथा वाचक महाराज श्री ने अपने प्रवचन में कहा कि यज्ञ और कथा प्रवचन भारतीय संस्कार और संस्कृति को सुदृढ़ करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। यज्ञ के माध्यम से न केवल धार्मिक आस्था मजबूत होती है, बल्कि समाज में सद्भावना और सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी होता है। उन्होंने बताया कि यज्ञ एक पवित्र अग्नि अनुष्ठान है जिसमें हवन, पूजा और प्रार्थना के माध्यम से मन, वचन और कर्म को शुद्ध करने का प्रयास किया जाता है। यज्ञ से वातावरण पवित्र होता है और समाज में सकारात्मक ऊर्जा का प्रसार होता है। कथा प्रवचन के दौरान श्रीमद्भागवत पुराण और रामचरितमानस के प्रसंगों के माध्यम से भगवान की भक्ति, प्रेम और जीवन के आदर्शों का विस्तार से वर्णन किया गया। कथा श्रवण से श्रद्धालुओं के मन को शांति, आनंद और आध्यात्मिक प्रेरणा प्राप्त होती है। यज्ञ समिति की ओर से सभी श्रद्धालु एवं धर्मानुरागी भक्तों से अपील की गई है कि वे यज्ञ कुंड की परिक्रमा करें, कथा का रसास्वादन करें और अपने जीवन को आध्यात्मिक ऊर्जा से समृद्ध बनाएं। समिति ने बताया कि प्रतिदिन रात्रि 8:00 बजे से रासलीला का भी भव्य आयोजन किया जा रहा है जिसमें भगवान की लीलाओं का मंचन कर उनके आदर्शों और चरित्र से प्रेरणा लेने का अवसर श्रद्धालुओं को प्राप्त होगा। इस धार्मिक आयोजन को लेकर क्षेत्र में भक्ति और उत्साह का माहौल बना हुआ है तथा आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

## शिक्षा एवं सफाई के लिए मुसहर टोलों में चले विशेष अभियान : डॉ भवेश

### मुसहर जाति विकास कार्यशाला का आयोजन




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** उदवंतनगर प्रखंड के चौराई स्थित नई आशा सभागार में मुसहर जाति विकास कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें जिलेभर से आए इस समाज के युवकों में अपनी-अपनी समस्याओं की चर्चा करते हुए विकास के लिए शासन-प्रशासन से मिलकर विशेष अभियान चलाने का निर्णय लिया। कार्यशाला के दरम्यान वक्ताओं ने कहा कि आज भी मुसहर टोलों में नाली-गली पेयजल, शौचालय, आधार कार्ड, राशन कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड के साथ जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र की गंभीर समस्या है। आवश्यक प्रपत्र नहीं होने के कारण मुसहर जाति के बच्चा से लेकर वृद्ध तक सरकार प्रायोजित कई योजनाओं से वंचित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार को प्राथमिकता के आधार पर मुसहर जाति के सभी टोला को नाली गली पेयजल एवं शौचालय से आच्छादित करते हुए सामाजिक सुरक्षा पेंशन, शताब्दी योजना, आयुष्मान, राशन कार्ड एवं आधार कार्ड से आच्छादित करने की जरूरत है। इस अवसर पर नई आशा के संरक्षक डॉ भीम सिंह भवेश ने कहा कि विकास के लिए सबसे पहले माहौल बनाने के लिए टोलों की साफ-सफाई एवं बच्चों की शिक्षा पर ध्यान देने की जरूरत है। शिक्षा ही एक ऐसा साधन है जिसके माध्यम से गरीबी दूर की जा सकती है। उन्होंने शिक्षा एवं सफाई के लिए विशेष अभियान चलाने की बात कही। बैठक की अध्यक्षता धरमू राम एवं संचालन शैलेंद्र कुमार ने किया। उपस्थित लोगों में लाल बिहारी राम, बृजनंदन राम, भरत कुमार, गोलू कुमार, अमिर कुमार, जय किशन कुमार, राहुल कुमार, दुर्जन राम, अनंत कुमार, ममिता कुमारी, सविता कुमारी आदि प्रमुख थे।


कार्यालय, नगर पंचायत, नवीनगर (औरंगाबाद)

बिहार सरकार

**बंदोवस्ती हेतु आम सूचना संख्या – 12/2025–26**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत, नवीनगर क्षेत्रान्तर्गत वित्तीय **वर्ष 2026–27** के लिए सैरातों की बन्दोवस्ती खुले डाक द्वारा दिनांक – **31 मार्च 2027** तक के लिए निम्नांकित भार्तों के अधीन **पूर्वा0 11:30 बजे** से नगर पंचायत, नवीनगर के सभा कक्ष में किया जायेगा –

**सैरात डाक संबंधी विवरण –**

| ग्रुप सं. | बन्दोवस्ती का विवरण | सुरक्षित जमा राशि | अग्रधन की राशि | डाक की तिथि एवं समय | डाक की वैकल्पिक तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | अस्थायी दैनिक दुकानों से दैनिक टॉल वसूली एवं मंगल बाजार – शनिचर बाजार हाट की बंदोवस्ती | 1173048.00 | 117500.00 | 23.03.2026 | 24.03.2026 एवं 25.03.2026 |
| 02 | सवारी वाहनों से दैनिक पड़ाव शुल्क की वसूली | 718405.00 | 72000.00 | 23.03.2026 | 24.03.2026 एवं 25.03.2026 |
| 03 | बस पड़ाव पर अवस्थित सुलभ शौचालय से सेवा शुल्क की वसूली | 32352.00 | 3300.00 | 23.03.2026 | 24.03.2026 एवं 25.03.2026 |
| 04 | जनकपुर वार्ड सं0 – 05 सार्वजनिक शौचालय | 12000.00 | 1200.00 | 23.03.2026 | 24.03.2026 एवं 25.03.2026 |
| 05 | शनिचर बाजार वार्ड सं0– 09 सार्वजनिक शौचालय | 12000.00 | 1200.00 | 23.03.2026 | 24.03.2026 एवं 25.03.2026 |

1. डाक में भाग लेने वाले प्रत्येक डाक वक्ता अग्रधन राशि का बैंक ड्राफ्ट (कार्यपालक पदाधिकारी , नगर पंचायत, नवीनगर के पदनाम ) नगर पंचायत, नवीनगर द्वारा निर्गत अद्यतन No Dues Certificate , पैन कार्ड, जिला पदाधिकारी / पुलिस अधीक्षक से निर्गत चरित्र प्रमाण–पत्र तथा आधार कार्ड की अभिप्रमाणित छाया प्रति **दिनांक– 20.03.2026** तक कार्यालय अवधि में जमा ली जाऐगी ।
2. अपरिहार्य कारणवश यदि दिनांक – **23.03.2026** को डाक संपन्न नहीं हो सका तो पुनः उपर्युक्त नियम / शर्तों के अधीन अगले कार्य दिवस **दिनांक– 24.03.2026 एवं 25.03.2026** को उपर्युक्त समय पर खुला डाक कराया जाएगा ।

बंदोबस्ती की विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

**कार्यपालक पदाधिकारी**
नगर पंचायत , नवीनगर

PR- 025715 ( B & C ) 2025-26

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।


## अश्लील वीडियो वायरल करने की प्राथमिकी

**डिहरी ऑन-सोन (नबिटा ब्यूरो)।** सासाराम थाना क्षेत्र निवासी एक विवाहिता ने अपने पति राणा रोशन प्रताप सिंह पर अश्लील वीडियो तथा फोटो इंटरनेट मीडिया पर वायरल करने की प्राथमिकी किया है। पुलिस के अनुसार विवाहिता ने कहा है कि उन्होंने गत वर्ष भी अपने पति के इस हरकत पर साइबर थाने में प्राथमिकी किया था। उन्होंने कहा है कि उनके पति द्वारा ऐसा कृत्य कर आत्महत्या करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## जानलेवा हमला, प्राथमिकी दर्ज

**डिहरी ऑन-सोन (नबिटा ब्यूरो)।** डिहरी मुफस्सिल थाना में सुअरा गांव निवासी फूला देवी ने 16 वर्षीय पुत्र अनीश कुमार पर जानलेवा हमला कर बुरी तरह घायल करने की प्राथमिकी दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार रोहित कुमार समेत एक दर्जन लोगों पर नामजद प्राथमिकी की गई है। कहा गया है कि जब उसे लोग पीट रहे थे तो बीच बचाव करने सोनू कुमार आए उनके साथ भी मारपीट किया गया।

## अभद्र व्यवहार व मारपीट की प्राथमिकी

**डिहरी ऑन-सोन (नबिटा ब्यूरो)।** डिहरी मुफस्सिल थाना के तेंदुआ दूसाधी गांव निवासी सरिता देवी ने गांव के हजारी सिंह समेत आधे दर्जन लोगों पर अभद्र व्यवहार करने और मारपीट कर घायल करने की प्राथमिकी किया है। पुलिस के अनुसार बीच बचाव करने आए उनके पति करमचंद सिंह की भी पिटाई की गई। घटना उस समय घटी जब अपने गांव से घास काट कर घर आ रही थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।


**NAME CHANGE**

I AJOY KUMAR SINHA alias AJAY KUMAR SINHA S/O KRISHNA KUMAR SINHA R/O Plot No-33 Pioneer Co-Operative Colony Ps-Beur Bishunpur Pakri Phulwari Patna Bihar-800002 have changed my name to AJAY KUMAR SINHA.


## दरिहट पंचायत में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह आयोजित



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी प्रखंड के दरिहट पंचायत स्थित सीएलएफ कार्यालय पर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक विशेष समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिलाओं और बच्चियों के द्वारा बाल विवाह, शिक्षा और नशा मुक्ति पर आधारित नाटक एवं जागरूकता गीत प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत गीत से हुई जिसमें महिला सशक्तिकरण और बेटियों की शिक्षा का संदेश दिया गया। समारोह में जिला महिला थाना से अंशुमाला अपनी टीम के साथ उपस्थित रहीं। साथ ही सीएलएफ के कॉर्डिनेटर धर्मेंद्र, पूर्व मुखिया हरिशंकर, सीडब्ल्यूसी से गायत्री तथा जीविका के अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, सचिव और एसइडब्ल्यू सहित सभी जीविका सदस्याओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। अतिथियों का कहना था कि पहले महिलाएं घर से बाहर निकलकर अपनी बात रखने में संकोच करती थीं और समाज में उनकी भागीदारी कम थी, लेकिन अब समय के साथ महिलाओं में जागरूकता और आत्मविश्वास बढ़ा है। आज महिलाएं शिक्षा, समाज सेवा और विकास कार्यों में सक्रिय रूप से भाग लेकर समाज में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में महिलाओं के अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना, बाल विवाह जैसी कुप्रथाओं को रोकना, बेटियों की शिक्षा को प्रोत्साहित करना तथा नशा मुक्ति के प्रति लोगों को जागरूक करना था। समृद्धि संस्था रोहतास से ब्लॉक कॉर्डिनेटर रूपकी कुमारी और जिला कॉर्डिनेटर मालती देवी भी कार्यक्रम में उपस्थित रहीं। इस अवसर पर ब्लॉक कॉर्डिनेटर रूपकी कुमारी ने कहा कि बेटियों की शिक्षा समाज की प्रगति की सबसे बड़ी कुंजी है, इसलिए हमें बाल विवाह को रोककर लड़कियों को आगे बढ़ने का अवसर देना चाहिए। वहीं जिला कॉर्डिनेटर मालती देवी ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी और जागरूकता से ही समाज में सकारात्मक बदलाव संभव है और हमें नशा मुक्ति व शिक्षा के प्रति लगातार लोगों को जागरूक करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान बाल विवाह रोकने, बेटियों की शिक्षा को बढ़ावा देने और नशा मुक्ति के प्रति समाज को जागरूक करने का संदेश दिया गया। अंत में सभी उपस्थित लोगों ने समाज में सकारात्मक बदलाव लाने और महिलाओं के अधिकारों की रक्षा करने की शपथ लेकर कार्यक्रम का समापन किया।


**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं. एसजीडब्ल्यू-272-156-टी1-61ए, दिनांक 06.03.2026,** मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभियंता/परियोजना/मुख्यालय, पूर्व रेलवे, तीसरी मंजिल, फेयरली प्लेस, 17, नेताजी सुभाष रोड, कोलकाता-700001 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए समतुल्य प्रकृति के कार्य का पर्याप्त अनुभव तथा संतोषजनक न्यूनतम पात्रता के मानदंड रखने वाले अनुभवी एवं स्थापित ठेकेदारों से निर्धारित प्रपत्र पर दो पैकेट प्रणाली में खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं : **कार्य का नाम साथ में उसका स्थान :** पूर्व रेलवे के आसनसोल मंडल में कालूबथान-छोटा अमबोना अनुभाग में ड्युअल एमएसडीएसी द्वारा एएफटीसी एवं ऑटोमैटिक सिग्नलिंग सिस्टम का प्रतिस्थापन तथा सीतारामपुर-बराकर अनुभाग में एबीएस के लिए एमएसडीएसी द्वारा ड्युअल डिटेक्शन का प्रावधान। **कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 12,69,58,707.58; **बोली सुरक्षा:** रु. 7,84,800; **कार्य पूरा करने की अवधि:** 12 महीने। **प्रस्ताव की वैधता:** निविदा खुलने की तारीख से 90 दिन। **निविदा दस्तावेज ऑनलाइन जमा करने की अंतिम (बंद होने की) तारीख एवं समय:** 01.04.2026 को 15.00 बजे तक। **वेबसाइट का पता, निविदा दस्तावेज उपलब्ध होने का समय तथा तारीख:** भारतीय रेल की वेबसाइट अर्थात् www.ireps. gov.in पर दिनांक 06.03.2026 से। **बोली खुलने की तारीख एवं समय:** 01.04.2026 को 15.30 बजे। **वेबसाइट जहां निविदा बोली जमा की जा सकती है:** बोलियां सिर्फ ऑनलाइन जमा की जानी चाहिए। ई-निविदा प्रणाली में भाग लेने के लिए निविदादाताओं को भारतीय रेल की ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम (आईआरईपीएस) साइट यानी www.ireps.gov.in पर पंजीयन करवाना अनिवार्य है। आवश्यक परिवर्तन, संशोधनी/संयोजनी, आवश्यकता पड़ने पर, सिर्फ इस वेबसाइट पर जारी की जाएगी। बोलीदातागण सिर्फ बंद होने की तारीख एवं समय तक अपनी मूल/संशोधित बोलियां जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल बोली/प्रस्ताव की अनुमति नहीं है। प्राप्त किसी भी मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। (CON-75/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट ww.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध हे

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**फार्मेट सी–1**
*(समाचार पत्र, टीवी में प्रकाशन हेतु अभ्यर्थियों के लिए)*

**आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा**

*(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितंबर, 2018 के निर्णय के अनुसार)* (पब्लिक इंट्रेस्ट फाउंडेशन और अन्य बनाम भारत संघ और अन्य)

अभ्यर्थी का नाम और पता : **उपेन्द्र कुशवाहा**
राजनैतिक दल का नाम : **राष्ट्रीय लोक मोर्चा**
(निर्दलीय अभ्यर्थी यहां "निर्दलीय" लिखें)
निर्वाचन का नाम : **राज्य सभा के सदस्यों की सेवानिवृत्ति के बाद उनकी सीटों को भरने के लिए द्विवार्षिक चुनाव अप्रैल 2026 में**
निर्वाचन क्षेत्र का नाम : **बिहार से राज्यसभा के लिए 2026 में होने वाले द्विवार्षिक चुनाव के लिए**

मैं **उपेन्द्र कुशवाहा** (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता हूं:

| (क) | **लंबित आपराधिक मामले** | | | |
|---|---|---|---|---|
| | न्यायालय का नाम | मामले की सं. एवं तारीख | मामले | संबंधित अधिनियमों की धारा (धाराएं) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
| 1. | ए सी जे एम-1, पटना एमपी/एमएलए/एमएलसी न्यायालय, पटना | कोतावली पटना कांड संख्या 83/20 | लंबित | भारतीय दंड संहिता की धारा 147, 148, 149, 188,341,342,323, 353,504,506, सरकारी कार्य में बाधा डालना, यातायात बाधित करना, निषेधाज्ञा का उल्लंघन |
| 2. | ए सी जे एम-1, पटना एमपी/एमएलए/एमएलसी न्यायालय, पटना | गांधी मैदान पटना कांड संख्या 241/20 | लंबित | भारतीय दंड संहिता की धारा 269,270,188,143,145 एवं महामारी रोग अधिनियम, 1897 की धारा 03, सरकारी कार्य में बाधा डालना, यातायात बाधित करना, निषेधाज्ञां का उल्लंघन, कोरोना प्रोटोकॉल का उल्लंघन |
| 3. | प्रथम श्रेणी न्यायालय, सासाराम | करगहर (रोहतास) कांड संख्या 206/20 | लंबित | भारतीय दंड संहिता की धारा 188 एवं आपदा प्रबंधन अधिनियम की धारा 51, सरकारी कार्य में बाधा डालना, यातायात बाधित करना, कोरोना प्रोटोकॉल का उल्लंघन |
| 4. | ए सी जे एम-1, पटना एमपी/एमएलए/एमएलसी न्यायालय, पटना | कोतवाली पटना कांड संख्या 91/19 | लंबित | भारतीय दंड संहिता की धारा 147,148,149,188,352,341, 342, 323, 332, 353, 506, 427, सरकारी कार्य में बाधा डालना, यातायात बाधित करना, निषेधाज्ञा का उल्लंघन |
| 5. | ए सी जे एम-1, पटना एमपी/एमएलए/एमएलसी न्यायालय, पटना | कोतवाली पटना कांड संख्या 1126/19 | लंबित | भारतीय दंड संहिता की धारा 147,149,188,341, 342,504,505, एवं ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) कानून की धारा 09, सरकारी कार्य में बाधा डालना, यातायात बाधित करना, निषेधाज्ञा का उल्लंघन, लाउडस्पीकर प्रयोग संबंधित |
| 6. | ए सी जे एम, दानापुर | बिहटा, पटना कांड संख्या 201/19 | लंबित | भारतीय दंड संहिता की धारा 147,149,188, 363, 34, सरकारी कार्य में बाधा डालना, यातायात बाधित करना, निषेधाज्ञा का उल्लंघन |
| 7. | ए सी जे एम -1 (मुजफ्फरपुर) | मीनापुर (मुजफ्फरपुर) कांड संख्या 201/19 | लंबित | भारतीय दंड संहिता की धारा 188 एवं जनप्रतिनिधत्व अधिनियम की धारा 126, सरकारी कार्य में बाधा डालना, चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन |

| क्रम सं० | **(ख) आपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धि के मामलों के संबंध में विवरण** | | |
|---|---|---|---|
| | न्यायालय का नाम एवं आदेश (शों) की तारीख (खें) | अपराध (अपराधों) और अधिरोपित दण्ड का विवरण | **अधिकतम अधिरोपित दंड** |
| क्रम सं. 1 से 7 | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |

राज्यसभा के निर्वाचन या विधान सभा सदस्यों द्वारा विधान परिषद के निर्वाचन के मामले में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित

# जरासंध स्मारक निर्माण से मिला मगध के इतिहास को समुचित सम्मान : डॉ. प्रेम कुमार

## राजगीर में सम्राट जरासंध स्मारक की प्रथम वर्षगांठ पर बिहार विधानसभा अध्यक्ष ने उन्हें बताया अनुकरणीय

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डॉ पंकज कुमार सिन्हा (नवादा)।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ.प्रेम कुमार ने कहा है कि जरासंध स्मारक निर्माण से मगध के इतिहास को समुचित सम्मान मिला है। राजगीर में सम्राट जरासंध स्मारक की प्रथम वर्षगांठ पर आयोजित समारोह में बिहार विधानसभा अध्यक्ष ने उन्हें सबके लिए अनुकरणीय बताया। द्वापर युग के सबसे शक्तिशाली, दानवीर और शिव भक्त योद्धा को करार देते हुए डॉ.प्रेम कुमार ने कहा कि पूरे भारत के एकीकरण का माध्यम महाराज जरासंध रहे। बिहार की ऐतिहासिक धरती राजगीर में सम्राट जरासंध स्मारक की प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर जरासंध महोत्सव के भव्य आयोजन में अपार भीड़ का संबोधित करते हुए उन्होंने उपस्थितजनों को खूब प्रेरित किया। कला संस्कृति विभाग एवं नालंदा जिला प्रशासन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ.प्रेम कुमार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने दीप प्रज्जवलित कर महोत्सव का उद्घाटन किया और सम्राट जरासंध की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। जरासंध धाम प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्याम भारती तथा उपाध्यक्ष सह नवादा के भाजपा नेता व वरीय समाजसेवी मनोज सिंह चंद्रवंशी के संयोजन में भव्य आयोजन हुआ। इनकी देखरेख में समस्त व्यवस्था की गयी थी।



सभा को संबोधित करते हुए डॉ.प्रेम कुमार ने कहा कि राजगीर के कण-कण में सम्राट जरासंध का गौरवशाली इतिहास समाहित है। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि 2005 के पूर्व 23 हजार करोड़ के बजट वाले बिहार वर्तमान में 3.48 लाख करोड़ तक पहुंच चुका है। पूर्व राज्य आयोग सदस्य प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने राजगीर स्टेडियम का नाम सम्राट जरासंध के नाम पर रखने की मांग उठाई। कार्यक्रम में राज्यसभा सदस्य डॉ.भीम सिंह, ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, पूर्व सांसद चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी, पूर्व एमएलसी रामबली सिंह चंद्रवंशी, डेन्टिस्ट डॉ.धर्मेंद्र कुमार, वरीय भाजपा नेता नित्यानंद सिंह, महासभा के प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण कुमार चंद्रवंशी, रणविजय रोशन, सनोज चंद्रवंशी, सौरभ कुमार, नवीन कुमार मंटू, सत्येन्द्र कुमार, अजय कुमार बिगन, प्रहलाद कुमार, सुनील डीलर, भीम कुमार, मुन्ना सिंह आदि के साथ ही कई स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। नेताओं ने इस बात पर जोर दिया कि जरासंध किसी एक जाति के नहीं, बल्कि संपूर्ण प्रजा के राजा थे। इस महोत्सव ने न केवल ऐतिहासिक यादों को ताजा किया, बल्कि राजगीर के पर्यटन विकास की नई संभावनाओं को भी रेखांकित किया। इससे पूर्व राजगीर डिग्री कॉलेज की छात्राओं ने मनमोहक पेंटिंग प्रदर्शनी लगाई, जबकि विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गान और सम्राट की जीवनी पर आधारित नृत्य नाटिका प्रस्तुत की।


■ द्वापर युग के सबसे शक्तिशाली, दानवीर और शिव भक्त योद्धा को बताया पूरे भारत के एकीकरण का माध्यम

# सीओ-आरओ के अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाने से अंचल कार्यालय में सन्नाटा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल।** कौआकोल अंचल के सीओ मनीष कुमार सहित सूबे के सभी सीओ और आरओ सोमवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। जिससे अंचल कार्यालय में पूरी तरह सन्नाटा पसर गया है। बता दें कि राजस्व कर्मचारी भी अपने संघ के आहवान पर पिछले 11 फरवरी से ही अनिश्चितकालीन आंदोलन पर हैं। जिससे राजस्व विभाग की स्थिति चरमरा गई है।

दाखिल-खारिज, एलपीसी सहित अन्य प्रमाणपत्र बनना पूरी तरह ठप हो गया है। सरकार और विभाग की ओर से लंबे समय से लंबित मांगों को पूरा नहीं किए जाने के विरोध में राजस्व कर्मियों द्वारा उठाये गए इस



कदम का सीधा असर आम लोगों से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यों पर पड़ा है। दाखिल-खारिज, भूमि परिमार्जन, जमीन से जुड़े अन्य राजस्व मामलों के साथ-साथ जाति,आय और आवासीय प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया भी रुक गई है। इससे हजारों लोगों के जरूरी काम अटक गए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### मारपीट मामले में तीन गिरफ्तार

**नगरनौसा/नालंदा (नबिटासं)।** नगरनौसा थाना क्षेत्र के सैदपुरा गांव में फसल काटने को लेकर हुए विवाद में पुलिस ने त्वरित करवाई करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।इस मामले में पीड़िता गिरजा देवी ने कहा कि मेरे घर के पीछे मेरे खेत मे लगा सरसो व मसूर को गांव के महेंद्र प्रसाद,अरविंद कुमार, सुमन कुमार, पूर्व मुखिया अनिल कुमार, रितेश कुमार, रौशन कुमार,पवन कुमार, रितेश कुमार, कुंदन यादव, सत्येंद्र यादव सहित कुछ अज्ञात व्यक्ति द्वारा फसल काटा जा रहा है।जिसका मैं और मेरी गोतनी लक्ष्मिनी देवी फसल काटने का विरोध किया तो फसल काट रहे लोग अभद्र व्यवहार करते हुए लोहे के रड एवं लाठी डंडा मारपीट करने लगा। हो हल्ला सुनकर गोतनी का बड़ा बेटा संतु कुमार, श्रवण कुमार एवं सतीश कुमार भी फसल काटने का विरोध किया तो जान मारने के नियत से आरोपी लोग गोली चला दिया । जान बचाकर हम लोग इधर उघर भागे। थानाध्यक्ष शशीरंजन कुमार मिश्रा ने बताया कि पीड़ित के दिए आवेदन पर मामला दर्ज करते हुए मामले पर त्वरित कार्रवाई करते हुए महेंद्र प्रसाद, सुमन कुमार, पवन कुमार को गिरफ्तार किया गया है।मामले की जांच किया जा रहा है।

### मधुरापुर गांव में बदहाल सड़क से ग्रामीण आक्रोशित

**कौआकोल (नबिटासं)।** प्रखण्ड के पहाड़पुर पंचायत अंतर्गत मधुरापुर गांव के ग्रामीणों का धैर्य अब जवाब देने लगा है। लगभग 2000 मतदाताओं वाले इस गांव के लोग दशकों से लोकतंत्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते आ रहे हैं और हर चुनाव में बढ़-चढ़कर मतदान करते हैं। लेकिन विडंबना यह है कि वर्षों के मतदान और कई सरकारें बदलने के बाद भी गांव की मुख्य सड़क आज नारकीय स्थिति में तब्दील हो चुकी है। यहां सड़क नहीं,कीचड़ का साम्राज्य स्थापित हो गया है। जिससे गांव की मुख्य सड़क पर वर्तमान में पैदल चलना भी दूभर है। पूरी सड़क कीचड़ से पटी पड़ी है और जगह-जगह गहरे गड्ढे हो गए हैं। स्थिति इतनी भयावह है कि आए दिन यात्रियों से भरे टोटो (ई-रिक्शा) इन गड्ढों में अनियंत्रित होकर पलट रहे हैं,जिससे लोग चोटिल हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यह केवल एक सड़क की समस्या नहीं है,बल्कि पूरे मधुरापुर के ग्रामीणों के स्वाभिमान का अपमान भी है। सड़क पर जमा गंदा पानी और कीचड़ अब सड़ने लगा है,जिससे पूरे इलाके में दुर्गंध फैल रही है। इससे संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा पैदा हो गया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि चुनाव के समय वोट मांगने आने वाले प्रतिनिधि जीत के बाद मधुरापुर गांव की सुध लेना भूल जाते हैं। ग्रामीणों ने एकजुट होकर मांग की है कि जीते हुए प्रतिनिधि और संबंधित विभाग के अधिकारी अविलंब इस समस्या का संज्ञान लें। यदि जल्द ही सड़क की मरम्मत और जल निकासी की व्यवस्था नहीं की गई,तो ग्रामीण उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

### एसएफसी गोदाम में घुसकर बदमाशों ने की कर्मी एवं मजदूरों से मारपीट, तीन घायल

**कौआकोल (नबिटासं)।** कौआकोल प्रखण्ड मुख्यालय स्थित एसएफसी का गोदाम परिसर सोमवार को देखते ही देखते रणक्षेत्र में तब्दील हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार को रोह प्रखण्ड के एक जनवितरण दुकानदार सुजीत कुमार,पिता-सुरेश साव,ग्राम-रोह के द्वारा किसी बात को लेकर एसएफसी के कर्मी एवं मजदूरों के साथ विवाद हो गया। और देखते ही देखते गोदाम परिसर रणक्षेत्र में तब्दील हो गया। दो दर्जन से अधिक लोगों ने ताबड़तोड़ लाठी डंडे से हमला कर दिया। इस सम्बंध में डाटा इंट्री ऑपरेटर राहुल कुमार ने कौआकोल थाना में लिखित आवेदन देकर बदमाशों को चिन्हित कर कार्रवाई की मांग किया है। थाना में दिये गए आवेदन में ऑपरेटर राहुल कुमार ने आरोप लगाया है कि रंगदारी की मांग को लेकर एक सुनियोजित साजिश के तहत डीलर सुजीत कुमार एवं उनके साथ रहे 8 नामजद समेत 20 से 25 लोगों के द्वारा मजमा बनाकर जानलेवा हमला किया गया। जिसमें डाटा ऑपरेटर राहुल कुमार एवं परिवहन अभिकर्ता हिमांशु कुमार एवं मजदूर अंकित कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों का कौआकोल पीएचसी में ईलाज करवाया गया है। वहीं इस सम्बंध में थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस अनुसन्धान में जुट गई है।

### जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन

**नारदीगंज/नवादा (नबिटासं)।** प्रखंड कार्यालय नारदीगंज में सोमवार को आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में 8 मामले आये। इस आशय की जानकारी लिपिक गौतम कुमार ने दी। उन्होंने कहा जिसमे वृद्धजन पेंशन योजना के तहत 7 लाभुकों ने आवेदन पत्र जमा किये। वही 1 मृत्यु प्रमाण से सम्बंधित एक मामले को निष्पादित के लिए पहुंचे थे।

# शैक्षणिक परिभ्रमण पर नालंदा गए उच्च माध्यमिक विद्यालय धमनी के विद्यार्थी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल।** बिहार शैक्षणिक दर्शन 2025-26 के अंतर्गत प्रखंड के उच्च माध्यमिक विद्यालय धमनी के नालन्दा जिला में स्थित पावापुरी जल मन्दिर, नालन्दा खंडहर,राजगीर के शांति स्तूप आदि ऐतिहासिक व दार्शनिक स्थानों का भ्रमण कराकर



छात्र-छात्राओं ने सोमवार को मुख्यमंत्री परिभ्रमण योजना के तहत राजगीर,नालन्दा एवं पावापुरी का भ्रमण किया। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक निशा कुमारी एवं शिक्षक संजीव कुमार के देखरेख में बच्चों को उन्हें आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। शिक्षकों ने कहा कि छात्र-छात्राओं के परिभ्रमण से बौद्धिक और मानसिक विकास होता है। इसलिए छात्र-छात्राओं को हर साल विभिन्न जगहों पर परिभ्रमण कराया जाता है।

# सात निश्चय-3 के तहत जिले के सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा ।** बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के सातवें निश्चय ह्लसबका सम्मान-जीवन आसान का मुख्य उद्देश्य राज्य के सभी नागरिकों के दैनिक जीवन में आने वाली कठिनाइयों को कम कर उनके जीवन को अधिक सरल, सहज एवं सम्मानजनक बनाना है। इस निश्चय के अंतर्गत यह सुनिश्चित किया गया है कि आमजनों को सरकारी कार्यालयों से संबंधित कार्यों के निष्पादन में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

उक्त उद्देश्य की प्राप्ति हेतु प्रत्येक सप्ताह सोमवार एवं शुक्रवार को जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई की व्यवस्था लागू की गई है। जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश के निदेर्शानुसार जिले के ग्राम पंचायत,



थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तर के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई का आयोजन किया गया, जिसमें आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा उनके त्वरित एवं प्रभावी निष्पादन हेतु आवश्यक कार्रवाई की गई। जिला स्तर पर जनसुनवाई का आयोजन जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में किया गया। इस जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों द्वारा कुल 09 शिकायतें दर्ज की गईं। कार्यक्रम के दौरान जिला पदाधिकारी द्वारा कई शिकायतों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को जाँचोपरांत आवश्यक कार्रवाई हेतु अग्रसारित किया गया। जनसुनवाई के दौरान थाना-कादिरगंज, ग्राम-आती के सुरेंद्र कुमार द्वारा परिमार्जन प्लस से संबंधित, थाना-सिरदला, ग्राम-अमहडीह की आशा देवी द्वारा जमीनी विवाद के संबंध में, नगर थाना नवादा, ग्राम-गोंदापुर के अशोक कुमार द्वारा पारिवारिक विवाद के संबंध में तथा थाना-रूपौ, ग्राम-शादीपुर की शिला रानी देवी द्वारा मुआवजा से संबंधित आवेदन दिया गया। इसके अतिरिक्त अन्य परिवादियों द्वारा भी विभिन्न प्रकार की शिकायतें प्रस्तुत की गईं। जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को सभी मामलों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं नियमानुसार निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इसी क्रम में जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग सहित जिले के ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तर के सभी सरकारी कार्यालयों में भी जनसुनवाई का आयोजन किया गया।

# आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु जागरूकता रथ रवाना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा ।** नालसा एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा आशुतोष कुमार झा के कर-कमलों द्वारा 14.03.2026 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार हेतु 09.03.2026 को प्रचार वाहन रथ को सिविल कोर्ट के मुख्य द्वार से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

यह प्रचार वाहन रथ शहर के प्रमुख चौराहों एवं सार्वजनिक स्थानों पर जाकर लोगों को जागरूक करेगा एवं राष्ट्रीय लोक अदालत के पम्पलेट आदि का वितरण करेगा, जिससे नवादा वासियों को 14.03.2026 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक



अदालत में उनके वादों का निष्पादन हो सके। इस मौके पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा आशुतोष कुमार झा के नेतृत्व में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा धीरेन्द्र कुमार पाण्डेय एवं सुभाष चन्द्र शर्मा, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश तथा अन्य न्यायिक पदाधिकारीगण, डिफेंस/ पैनल अधिवक्तागण, पारा विधिक स्वयंसेवक, व्यवहार न्यायालय के कर्मचारीगण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# टी 20 वर्ल्ड कप में भारत की जीत को किया सेलिब्रेट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा।** टी 20 वर्ल्ड कप 2026 की शानदार जीत के बाद भारतीय टीम के धुरंधर बल्लेबाज ईशान किशन की दादी सेवानिवृत्ति सिविल सर्जन डॉक्टर सावित्री शर्मा के साथ बोधी ट्री इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान हिस्सा बनने का अवसर मिला। नवादा में लोगों ने जीत को सेलिब्रेट करते हुए ईशान किशन की प्रतिभा की प्रशंसा की और इनके कठिन परिश्रम व लगन को सराहा। इशान किशन की दादी ने कहा- कि हम परिवार वालों ने हमेशा इसका हौसला आफजाई किया। ईशान किशन ने भी परिवार और देश को कभी निराश नहीं किया है।

इन्होंने कहा कि अपनी कठिन मेहनत से टीम में वापसी कर इन्होंने अपनी प्रतिभा का लोहा बनवाया है।



इसी का नतीजा है कि टी 20 वर्ल्ड कप में ईशान ने अपनी दमदार उपस्थिति का एहसास दिलाया है। दादी ने कहा- कि जीत के साथ ही देर रात से लोगों का बधाई संदेश मिल रहा है। सैकड़ों लोगों ने फोन पर भारतीय टीम की जीत और इशान किशन के प्रदर्शन को सराहा है। बोधी ट्री इंटरनेशनल स्कूल के ग्राउंड पर आयोजित कार्यक्रम में स्कूल के निदेशक शशांक भूषण और जाने-माने व्यवसायी कौशलेंद्र नारायण सिंह उर्फ नमूना जी ने कहा कि यह नवादा के लिए गर्व की बात है कि हमारे बीच का एक युवा भारतीय टीम में अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कर रहा है। इस दौरान पत्रकार अजय कुमार ,मनोज कुमार, अनिल विशाल, बबलू कुमार, प्रोफेसर प्रमोद कुमार, बीजेपी के बबलू सिंह, नंदकिशोर चौरसिया, समाजसेवी मालती देवी सहित दर्जनों लोग मौजूद थे। इस दौरान सोशल मीडिया से जुड़े एक यू ट्यूबर सोनल कुमार ने ईशान किशन की जमकर तारीफ की।

# भाकपा माले का शांति मार्च, ईरान पर हमले का किया विरोध

## इजरायल के द्वारा ईरान पर युद्ध का अविलंब लगाए रोक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हिलसा (नालंदा)।** अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर हो रहे हमले के विरोध में माले कार्यकताओं ने बुधवार को हिलसा में शांति मार्च निकाला। मार्च पार्टी कार्यालय हिलसा से शुरू होकर काली स्थान, वरुण तल, सिनेमा मोड़ होते हुए जोगीपुर मोड़ के पास सभा में तब्दील हो गया। शांति मार्च में शामिल कार्यकर्ताओं ने अमेरिका-इजरायल की नीतियों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए युद्ध तत्काल रोकने और विश्व में शांति कायम करने की मांग की। कार्यकर्ताओं ने कहा कि युद्ध से मानवता को भारी नुकसान हो रहा है और विश्व शांति को खतरा पैदा हो गया है।

सभा की अध्यक्षता किसान महासभा के प्रखंड सचिव दिनेश




कुमार यादव ने की। पार्टी सचिव अरुण यादव ने कहा कि अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर किए जा रहे हमले की माले कड़ी निंदा करता है और तत्काल युद्ध रोकने की मांग करता है। उन्होंने आरोप लगाया है कि दुनिया के जिन क्षेत्रों में प्राकृतिक संसाधन और तेलों का भंडार है, वहां अमेरिका दबाव बनाकर हस्तक्षेप कर रहा है।नेताओं ने कहा कि युद्ध से बड़ी मानव क्षति हो रही है और इसका असर पूरी दुनिया पर पड़ सकता है। उन्होंने भारत सहित विश्व के सभी देशों से शांति और कूटनीतिक समाधान का समर्थन करने की अपील की। इस मौके पर इंकलाबी नौजवान सभा के जिला सचिव वीरेश कुमार, प्रखंड सचिव ब्रह्मदेव प्रसाद, बिंद अध्यक्ष संजय पासवान, किसान महासभा के जिला सचिव मुन्नी लाल यादव, शिव शंकर प्रसाद, क्रांति प्रकाश, उमेश जमादार, रामप्रवेश साहनी, उपेंद्र ठाकुर समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर जनवादी संगठनों ने नवादा में निकाली आकर्षक विशाल रैली

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा ।** देश के अंतर्गत बहुत चर्चित एवं जुझारू महिला संगठन"अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति,"समता ज्ञान विज्ञान समिति , श्रमिक ट्रेड यूनियन सीटू ,किसान सभा कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारी समेत सभी जनवादी संगठनों के प्रगतिशील लोगों ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एकजूटता प्रदर्शित करते हुए नवादा नगर में गगन भेदी नारों के साथ विशाल रैली निकाली दानी विद्यार्थी ,विजय कुमार एवं सीमा कला आदि नेताओं ने जन सभा को संबोधित किया। भगत सिंह चौक पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए एडवा के जिलाध्यक्ष पुष्पा कुमारी ने कहा यह अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मेहनतकश महिलाओं के स्वर्ण अक्षरों में भावी इतिहास में लिए समर्पित है। आज हमें जो भी अधिकार मिला है,वह संघर्ष के उपरांत हीं मिला है। संघर्ष ही असली जीवन है।आज ये भाजपा



जो काफी प्रभावकारी रहा । नवादा के भगत सिंह चौक पर महिलाओं को संवैधानिक प्रदत्त अधिकार ,लैंगिक भेदभाव के खिलाफ ,हिंसा और भूख से मुक्ति , महिलाओं के इज्जत आबरू से खिलवाड़ की जड़ेमुल से समाप्ति,समान काम का समान मजदूरी एवं सभी बेरोजगारों को रोजगार की गारंटी, उचित न्याय, वाजिब हक और न्यायोचित सामाजिक समानता के लिए ही यह रैली निकाली गयी। इसके बाद सभा में नेताओं ने जमकर अपनी बात रखी। जिसका नेतृत्व एडवा के जिलाध्यक्ष एवं प्रखर बुद्धिजीवी सशक्त महिला नेत्री पुष्पा कुमारी एवं सचिव विनीता कुमारी , सीपीएम के वरिष्ठ नेता प्रो.नरेश चंद्र शर्मा , श्रमिक के चहेता शह लोकप्रिय नेता कामरेड रामरतन सिंह , सीपीएम के जिला सचिव और आरएसएस की सरकार देश को सांप्रदायिक कारपोरेट के हाथों सौंपना चाह रही है। वर्ष 1908 में न्यूयार्क के कपड़े सिलने वाली महिला मजदूरों ने संघर्ष किया और काम के लिए ८ घंटे,मजदूरी बढ़ाने ,वोट का अधिकार आदि जीत हासिल किया। आज मोदी सरकार धीरे - धीरे संविधान प्रदत्त अधिकार छीनकर सारी सुविधाओं से बंचित करने की घृणित अमानुषिक प्रयास में एडिचोटी एक कर रही है। इसके खिलाफ हम सभी देशभक्तों और देशप्रेमियों को संघर्ष करने की जरूरत है। एडवा के नवादा जिला अध्यक्ष और बिहार राज्य के उपाध्यक्ष पुष्पा कुमारी कहा कि मैं आह्वान करती हूँ की आगामी 24 मार्च को दिल्ली में भाजपा के जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आयोजित विशाल रैली में

# गार्गी नारीशक्ति सम्मेलन में दो महिलाओं को मिला सम्मान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में पटना स्थित ए एन कॉलेज में गार्गी नारीशक्ति सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन लेटस इंस्पायर बिहार के तत्वावधान में किया गया। जिसमें बिहार के विभिन्न जिलों से आई प्रेरणादायी महिलाओं को गार्गी नारी शक्ति सम्मान से सम्मानित किया गया।

इसी क्रम में नवादा जिला से निशा कुमारी (प्रधानाध्यापिका, व.ल्ट.र. धमानी, कौआकोल) तथा श्रीमति गौरी रानी (सामाजिक कार्यकर्ता) को उनके उत्कृष्ट सामाजिक व शैक्षणिक कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। इन दोनों का नामांकन छी३२ क्ल्ल२स्त्र१ ई१ के नवादा अध्याय की ओर से भेजा गया था। सुश्री



निशा कुमारी विगत लगभग 10 वर्षों से शिक्षा एवं संगीत के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ वे विद्यार्थियों को सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए भी प्रेरित करती रही हैं। वहीं सुश्री गौरी रानी सामाजिक कार्यों के माध्यम से समाज में जागरूकता फैलाने तथा जरूरतमंद लोगों की सहायता करने में निरंतर सक्रिय रही हैं। कार्यक्रम के दौरान दोनों महिलाओं को मंच पर अंगवस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विकास वैभव ने अपने संबोधन में कहा कि समाज के समग्र विकास के लिए महिलाओं का सशक्त और शिक्षित होना अत्यंत आवश्यक है। जब महिलाएँ आगे बढ़ती हैं तो पूरा समाज और आने वाली पीढ़ियाँ आगे बढ़ती हैं। उन्होंने कहा कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए महिलाओं की भागीदारी और नेतृत्व को प्रोत्साहित करना हम सभी की जिम्मेदारी है। लेटस इंस्पायर बिहार के नवादा जिला समन्वयक विश्वजीत कुमार ने कहा कि नवादा जिले की इन दोनों महिलाओं ने अपने कार्यों से समाज में सकारात्मक संदेश दिया है और यह सम्मान जिले के लिए गर्व की बात है। ऐसे सम्मान से समाज में कार्य कर रही अन्य महिलाओं को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। इस उपलब्धि पर नवादा जिले के लोगों ने दोनों सम्मानित महिलाओं को बधाई दी और उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

# टीम इंडिया की जीत पर दी बधाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नगरनौसा (नालंदा)।** प्रखंड स्थित दाहा बिगहा के श्री स्टार युवा क्लब के खेल संचालक स्टेट खिलाड़ी चंदन भारती और बबलू कुमार ने भारतीय टीम के टी20 वर्ल्ड कप जीत बधाई दिया और भविष्य में ओलंपिक गोल्ड जितने की कामना किया। बधाई देने वाले में स्टेट खिलाड़ी संतोष कुमार, टुनटुन यादव,नीरज कुमार, मुन्ना कुमार, लक्ष्मी भारती, शिक्षक गुंजन कुमार, राकेश भारती, सूरज आर्या, डॉक्टर दीपक, डॉक्टर विशाल कमता पंचायत के मिखिया पप्पु कुमार आदि शामिल हैं।

# बढ़ते तापमान से गेहूं की फसल पर संकट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** जिले में इस वर्ष गेहूं की फसल पर मौसम की बेरुखी का असर पड़ने की आशंका जतायी जा रही है। अचानक बढ़ते तापमान और मौसम के बदलते मिजाज से गेहूं के दानों के भराव की क्षमता प्रभावित हो सकती है जिससे उपज में कमी आने की संभावना है। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि जिले में गेहूं की फसल करीब तैयार होने की स्थिति में है। बदलते मौसम के बीच ओलावृष्टि व वर्षा होती है तो फसल को नुकसान की आशंका बढ़ती है। जिले में रबी विपणन मौसम 2025-26 के तहत करीब एक लाख एक हजार 104 हेक्टेयर भूमि में गेहूं की खेती की जा रही है। इस वर्ष जिले में लगभग तीन लाख मीट्रिक टन से अधिक गेहूं उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। हालांकि मौसम के मौजूदा रुख को देखते हुए किसानों की चिंता बढ़ गई है। किसानों का कहना है कि अचानक तापमान में बढ़ोतरी होने से गेहूं के दाने पूरी तरह विकसित नहीं हो पाते जिससे उत्पादन पर सीधा असर पड़ता है। खेतों का पटवन कराकर स्थिति को सामान्य बनाने का प्रयास किया जा रहा है। हालांकि जिला कृषि अधिकारी संजीव कुमार ने बताया कि इस समय गेहूं की फसल का दाना बन गया है। इस चरण में तापमान सामान्य से अधिक होने पर दानों के भराव की प्रक्रिया पर कोई खास असर नहीं हो सकती है। यदि इस दौरान ओलावृष्टि या तेज आंधी व वर्षा आती है तो फसल को नुकसान पहुंचने की आशंका बढ़ जाती है, लेकिन तापमान का कोई खास असर नहीं रहेगा। क्योंकि हमारे जिले में गेहूं की फसल तैयार होने की स्थिति में है। अच्छे किस्म के बीज का उपयोग से उत्तम उपज होने की संभावना है। उन्होंने यह भी कहा कि बढ़ते तापमान का असर तेलहन और दलहन पर दिख सकता है क्योंकि अभी उसमें दना भरने का समय है। पिछले वर्षों के आंकड़ों पर नजर डालें तो वर्ष 2024-25 में जिले में 1 लाख 141 हेक्टेयर भूमि में गेहूं की खेती हुई थी जिससे कुल 3 लाख 7 हजार 877 मीट्रिक टन उत्पादन हुआ था। वहीं वर्ष 2023-24 के रबी विपणन मौसम में 96 हजार 764 हेक्टेयर में गेहूं की फसल लगी थी और कुल 3 लाख 2 हजार मीट्रिक टन उपज हुई थी। मौसम का मिजाज इस बार ठीक नहीं लग रहा है। अचानक तापमान बढ़ने से गेहूं की फसल पर असर पड़ने की चिंता बढ़ गई है। अगर इसी तरह गर्मी बढ़ती रही या ओलावृष्टि हो गई तो फसल प्रभावित होगी और उत्पादन घट सकता है। इससे आर्थिक नुकसान झेलने की चिंता सता रही है। इस समय गेहूं की फसल में दाने बनने की अवस्था में है, लेकिन अचानक बढ़ती गर्मी से फसल प्रभावित होने का डर है। अगर तापमान सामान्य से ज्यादा हो गया तो दानों का विकास सही तरीके से नहीं होगा। मौसम अगर इसी तरह बदलता रहा तो उपज कम होने की पूरी संभावना है। फसल की पटवन की जा रही है।

# पूर्ववर्ती छात्र मिलन समारोह के आयोजन को लेकर कुलपति डा. शशि प्रताप शाही की अध्यक्षता में बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के कुलपति प्रोफेसर शशि प्रताप शाही की अध्यक्षता में कुलपति कक्ष में आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी 18 अप्रैल 2026 को विश्वविद्यालय परिसर में एक भव्य पूर्ववर्ती छात्र मिलन समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया। भव्य कार्यक्रम में बिहार सरकार के कई वर्तमान मंत्री, केंद्र सरकार के मंत्री, आईएएस एवं आईपीएस अधिकारी तथा विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित पूर्व छात्र एवं विद्वान जन शामिल होंगे। कार्यक्रम की तैयारी एवं रूपरेखा को अंतिम रूप देने के लिए बुलाई गई बैठक में विश्वविद्यालय के कुल सचिव प्रोफेसर विनोद कुमार मंगलम, समाज विज्ञान संकाय के अध्यक्ष प्रोफेसर दीपक कुमार, मानविकी संकाय की अध्यक्ष प्रोफेसर निभा सिंह, विधि संकाय के अध्यक्ष डॉ. डी.एन. मिश्रा, डॉ राकेश कुमार रंजन, डॉ. परम प्रकाश राय, पूनम सिंह, डॉ. दीपशिखा पांडेय, डॉ. चंद्र प्रकाश, डॉ. वंदना कुमारी, डॉ. धर्मेंद्र कुमार, डॉ. दिव्या मिश्रा, डॉ. प्रियम शर्मा, डॉ. कविता कुमारी, डॉ. चांदनी रोशन, डॉ. रति पांडेय सहित अन्य शिक्षकों की उपस्थिति रही। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी विभागों द्वारा अपने-अपने 'स्टॉल' लगाए जाएंगे जिनमें विभाग अपनी विगत वर्षों की उपलब्धियों, शोध कार्यों एवं विभिन्न प्रोजेक्ट्स को प्रदर्शित करेंगे। साथ ही यह भी तय किया गया कि कार्यक्रम के दौरान लगाए गए स्टॉलों में से श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विभागों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर शशि प्रताप शाही ने कहा कि यह पूर्ववर्ती छात्र मिलन समारोह विश्वविद्यालय के गौरवशाली इतिहास को पुनः स्मरण कराने तथा वर्तमान छात्रों को पूर्व छात्रों के अनुभवों से प्रेरणा लेने का एक महत्वपूर्ण अवसर होगा।

# गयाजी रेलवे स्टेशन को डिवीजनल जोन बनाने की मांगों को लेकर महाधरना 14 को

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**गयाजी।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह प्रवक्ता विजय कुमार मिट्ठू, पूर्व विधायक मोहम्मद खान अली, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष बाबूलाल प्रसाद सिंह, राम प्रमोद सिंह, दामोदर गोस्वामी, विपिन बिहारी सिन्हा, विशाल कुमार, टिंकू गिरी, शिव कुमार चौरसिया आदि ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से अति प्राचीन अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त, विश्व पर्यटन मानचित्र पर अपना स्थान रखने वाला पूर्व- मध्य रेलवे के वृहद एवं महत्वपूर्ण वर्ल्ड क्लास निर्माणाधीन गयाजी रेलवे जंक्शन को रेलवे डिविजन बनाने तथा डीआरएम कार्यालय खोलने, गयाजी से मुंबई, बंगलुरु, अहमदाबाद, हैदराबाद की सीधी ट्रेनें खोलने, गयाजी के 15 किलोमीटर के अंदर स्थित चाकन्द, काष्ठा, मानपुर, ईश्वर चौधरी हालट, बंधुआ रेलवे स्टेशन का चहुंमुखी विकास करने, रेल यात्री निवास बनाने, कटारी, बंधुआ, रसलपुर रेलवे क्रॉसिंग पर रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण, गया रेलवे जंक्शन से आई आई एम, दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय, गया इंजीनियरिंग कॉलेज, कईया मानपुर, चाकन्द तक रिंग बस चलाने, रेलवे जंक्शन का गयाजी शहर के प्रमुख सड़कों पर अवस्थित खाली जमीन पर मार्केट बनाने, रेलवे सिनेमा के जमीन पर मॉल का निर्माण कराने आदि मांगों को लेकर 14 मार्च 2026 को शांति पूर्ण धरना देकर ज्ञापन देने का काम करेंगे। नेताओं ने गयाजी जिला के सभी जनप्रतिनिधियों एवं गयावासियों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में शामिल होने का आग्रह किया।

# मानसिक रूप से विक्षिप्त दिव्यांग की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा (भोजपुर)।** टाउन थाना क्षेत्र के सदर अस्पताल में सोमवार की दोपहर मानसिक विक्षिप्त अज्ञात दिव्यांग की मौत हो गई। इलाज के दौरान सदर अस्पताल के मेडिकल वार्ड में उसने दम तोड़ दिया। बताया जाता है कि इसी वर्ष 8 जनवरी को बांका जिले के बनकट थाना क्षेत्र अंतर्गत अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसे इलाज के लिए भोजपुर के कोईलवर स्थित मानसिक आरोग्यशाला में भर्ती कराया गया था जहां तबीयत बिगड़ जाने के कारण 5 मार्च को उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल के मेडिकल वार्ड में भर्ती कराया गया था जहां इलाज के दौरान सोमवार की दोपहर उसने दम तोड़ दिया। तब अस्पताल प्रशासन द्वारा इसकी सूचना मेंटल अस्पताल के कर्मचारियों को दी गई। सूचना पाकर मेंटल अस्पताल के कर्मचारी सदर अस्पताल पहुंचे। इसके बाद टाउन थाना पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम कराया गया। इधर, पुलिस द्वारा बनाए गए मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार मानसिक रुप से विक्षिप्त अज्ञात दिव्यांग की मौत बीमारी के कारण इलाज के क्रम में होना प्रतीत होता है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा।

# केस वापस लेने का दबाव बना मारपीट, पांच पर प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** आंती थाना क्षेत्र के आंती निवासी सुनील राम ने मारपीट का आरोप लगाते हुए थाना में मामला दर्ज कराया है। दिए गए आवेदन में उन्होंने बताया कि पहले से दर्ज एक मामले को समझौता करने का दबाव बनाकर उनके साथ मारपीट की गई। उन्होंने आरोप लगाया कि फजलू मियां हमेशा विवाद करवाने में सहयोग करता है। इस संबंध में आंती थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव ने सोमवार को कहा कि कांड संख्या 29/26 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। इस मामले में शुभम कुमार, फजलू मियां, सोनी देवी, ललन राम और सौरभ कुमार को आरोपी बनाया गया है।

# वसंतीय नवरात्र में 'मां तारा देवी महोत्सव' के आयोजन की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** गया जी जिले के टिकारी प्रखंड के केसपा गांव स्थित प्राचीन मां तारा देवी मंदिर में आयोजित होने वाले मां तारा देवी महोत्सव को पूर्व की भांति वसंतीय नवरात्र में ही कराने की मांग तेज हो गई है। इस संबंध में सामाजिक कार्यकर्ता हिमांशु शेखर ने बिहार के मुख्यमंत्री, पर्यटन सचिव एवं जिला पदाधिकारी को आवेदन भेजकर जनभावनाओं से अवगत कराया है। उन्होंने कहा है कि केसपा स्थित मां तारा देवी मंदिर क्षेत्र का प्रमुख आस्था केंद्र है जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। वसंतीय नवरात्र के दौरान यहां श्रद्धालुओं की विशेष भीड़ उमड़ती है। पिछले वर्ष ग्रामीणों की मांग को देखते हुए बिहार सरकार द्वारा वसंतीय नवरात्र के अवसर पर मां तारा देवी महोत्सव की शुरुआत की गई थी जिससे क्षेत्र में धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों को नई पहचान मिली। बताया गया कि इस वर्ष पर्यटन विभाग द्वारा पूर्व विधायक डॉ अनिल कुमार के अनुरोध पर महोत्सव को शारदीय नवरात्र में आयोजित करने का निर्णय लिया गया है जिससे स्थानीय लोगों में असंतोष है। ग्रामीणों का कहना है कि वसंतीय नवरात्र के समय मंदिर के आसपास की कृषि भूमि परती रहती है जिससे आयोजन के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध हो जाता है जबकि शारदीय नवरात्र में खेतों में फसल रहने के कारण आयोजन में कठिनाई हो सकती है। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री से जनभावनाओं का सम्मान करते हुए मां तारा देवी महोत्सव को पूर्ववत वसंतीय नवरात्र में ही आयोजित कराने की मांग की है।

# पानी गिराने के विवाद में महिला की पिटाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा (भोजपुर)।** जिले के बिहिया थाना क्षेत्र के बेलवनिया गांव में सोमवार की सुबह पानी गिराने के विवाद में एक महिला की पिटाई कर दी गई जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गई। उसका इलाज सदर अस्पताल में कराया गया। जानकारी के अनुसार जख्मी महिला बिहिया थाना क्षेत्र के बेलवनिया गांव निवासी छठु नट की 30 वर्षीया पत्नी रीता देवी है। इधर रीता देवी ने बताया कि उनके पड़ोसी राजू नट ने अपने घर के पास एक गड्ढा खोदा है। सोमवार की सुबह जब वह चापाकल पर पानी भर रही थी तो पानी उसके गड्ढे में जा रहा था। उसी बात को लेकर उनके बीच कहासुनी हुई। इसके बाद राजू नट द्वारा उसकी पिटाई कर दी गई। वहीं दूसरी तरफ जख्मी रीता देवी ने अपने पड़ोसी राजू नट पर दाब से मारकर खुद को जख्मी करने का आरोप लगाया है। बहरहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

# भोजपुर में कृषि समन्वयक की हार्ट अटैक से मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा (भोजपुर)।** कृषि समन्वयक की हार्ट अटैक से मौत हो गई। इलाज के लिए उन्हें आरा सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया था, पर उनकी जान नहीं बची। मृतक अगिआंव बाजार थाना क्षेत्र के कथुआ गांव निवासी बिजेंद्र कुमार (46) हैं जो उदवंतनगर प्रखंड मुख्यालय में पदस्थापित थे। मौत की खबर मिलते ही जिले के अन्य कृषि समन्वयक और कृषि पदाधिकारी नीरज कुमार सदर अस्पताल पहुंचे। परिवार को सांत्वना दी। इसके बाद शव को शव वाहन से अंतिम संस्कार के लिए उनके पैतृक गांव के लिए भेज दिया गया है। वर्तमान में आरा ब्लॉक ऑफिस के सामने अपनी पत्नी मीना देवी, एक बेटे आदित्य और बेटी अदिति के साथ किराए के फ्लैट में रहते है। बिजेंद्र के बेटे आदित्य ने बताया कि कृषि समन्वयकों का स्थानांतरण की प्रक्रिया चल रही है। समन्वयकों को 3 प्रखंड चुनने का ऑप्शन दिया गया है। स्थानांतरण का फॉर्म भरने के लिए कृषि विभाग, आरा गए हुए थे जहां अन्य समन्वयक भी मौजूद थे। ऑफिस के बाहर अचानक सड़क पर गिरकर छटपटाने लगे, इसके बाद अन्य साथियों के मदद से इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। परिवार को सभी सुविधा और लाभ मिलेंगे। कृषि पदाधिकारी नीरज कुमार ने बताया कि बिजेंद्र की कुछ दिनों से तबीयत खराब थी। आज उनका देहान्त हो गया है। कृषि विभाग ने आज अपना एक बड़ा सदस्य खो दिया है जिसकी आपूर्ति नहीं हो सकती है।बिजेंद्र एक अच्छे इंसान के साथ अपने कर्तव्य को अच्छे निभाने वाले कॉर्डिनेटर थे। उदवंतनगर प्रखंड में नोडल कॉर्डिनेटर थे वहां का सारा काम बिजेंद्र जी खुद संभालते थे। कृषि विभाग का पूरा परिवार उनके परिवार के साथ है। परिवार को सभी सुविधा और सरकारी लाभ मिलेंगे।

# महिलाओं को बराबरी के दर्जे के लिए अभी और संघर्ष करना होगा : गिरिजा सतीश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोधगया।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला अधिकार सम्मेलन का आयोजन बतासी, शोभ स्थित एके मैरिज हॉल में लोक समिति, मजदूर -किसान समिति और लोकतांत्रिक जेपी सेनानी संगठन के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता लोक समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष, यमुनालाल बजाज पुरस्कार से सम्मानित गिरिजा सतीश और संचालन रामबिलास शर्मा ने किया। सम्मेलन का उद्घाटन सतीश के अलावा बाराचट्टी विधायक ज्योति मांझी, डॉ. श्रीमती कुमुद, लोक समिति के राष्ट्रीय संयोजक कौशल गणेश आजाद, आदिवासी आयोग, बिहार के पूर्व चेयरमैन ललीत भगत ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। स्वागत भाषण के क्रम में लोक समिति के राष्ट्रीय संयोजक कौशल गणेश आजाद ने कहा कि इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस हम अमेरिका, इजराइल-इरान के युद्ध के माहौल में मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि युद्ध को रोकवाने में महिलाओं की बड़ी भूमिका हो सकती है। उन्होंने ऐतिहासिक उदाहरण देते हुए कहा कि प्रथम विश्व युद्ध के समय रुस की महिलाओं ने शांति और रोटी की मांग के साथ बड़े पैमाने पर प्रदर्शन किया और उसका व्यापक असर हुआ। उन्होंने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में अपनी दक्षता साबित कर रही है फिर इन्हें दबाने की कोशिश होती है। उद्घाटन भाषण के दौरान विधायक ज्योति मांझी ने कहा कि आज महिलाएं सशक्त हो रही है। बिहार में निकाय और पंचायत चुनाव में महिलाओं को पचास प्रतिशत आरक्षण मिला हुआ है। इससे महिलाओं में आत्मविश्वास और राजनीति में रुचि बढ़ा है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को केवल भोग की वस्तु समझने वालों से हमें लड़ना होगा। डॉ. कुमुद ने कहा कि जुल्म के खिलाफ महिलाएं लड़ती रही है। उन्होंने कहा कि बोधगया मठ महिलाओं पर अत्याचार करता था जिसके विरुद्ध लड़े और जीते। महिलाओं के नास जमीन का पर्चा मिला। उन्होंने कहा कि फिर भी महिलाओं के साथ भेदभाव किया जाता है। उन्होंने कहा कि हमें संगठित होकर पुरुष-सत्तात्मक व्यवस्था के विरुद्ध आवाज उठानी होगी। अध्यक्षीय भाषण के क्रम में लोक समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष गिरिजा सतीश ने कहा कि समाज का एक धारा महिलाओं को इंसान नहीं मानकर भोग का वस्तु, कम बुद्धि, कमजोर, चूल्हा-चौखट तक सीमित रहना, बच्चा जनना, लालन-पालन करना मानता है। वहीं दूसरी धारा मानती है कि औरत भोग की वस्तु नहीं इंसान है। बिना बराबरी दर्जा के समाज के विकास में बाधा है। उन्होंने कहा कि संविधान में बराबरी का दर्जा तो दिया गया है पर समाज के चलन में महिलाओं के साथ भेदभाव विद्यमान है। उन्होंने सावित्री बाई फुले और शेख फातिमा सैल्यूट करते हुए कहा कि उन्होंने महिलाओं के बीच शिक्षा का अलख जगाई।


**Format C - 2**

(For political party to publish in website, newspapers, TV)

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

*(as per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No.536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)*

Name of political party: **Bharatiya Janata Party**

*Name of Election: Biennial Elections to the Council of States to fill the seat of members retiring in April 2026.

Name of State/UT: **Bihar**

| Sl. No. | Name of Constituency | Name of Candidate | Pending Criminal cases | | Details about cases of conviction for criminal offences | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offences(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed. |
| 1. | For Biennial Election to the Rajya Sabha from Bihar for 2026 | Shri Nitin Nabin | Special Court, Patna Kotwali, Patna PS Case no. 469/15, Pending | U/S 143, 341, 188, 431, 290 IPC | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |
| 2. | Do | Do | CJM, Patna Kotwali PS Case no. 516/2023 Under Investigation | U/S 188, 147, 149, 323, 324, 337, 338 & 353 IPC | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |
| 3. | Do | Do | CJM, Patna Kotwali PS Case No. 1133/19 Pending | U/S 147, 149, 188, 291, 342, 504 IPC | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |
| 4. | Do | Do | सब जज–4, पटना ACJM , Patna S.K. Puri, Patna PS Case no. 303/13 Pending | U/S 147, 341, 323, 504, 353 IPC | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |
| 5. | Do | Do | श्रीमती माधुरी सिंह J.M. First Class, Patna Secretariate PS Case no. 56/14 Pending | U/S 188 IPC BPDP Act, 1987 | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the Election concerned in place of name of constituency.



**Format C - 1**

(For candidate to publish in Newspapers, TV)

**Declaration about criminal cases**

*(As per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No.536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)*

Name and address of candidate: **Nitin Nabin,** 3 Taylor Road, Patna

Name of political party: **Bharatiya Janata Party**

*Name of Election: Biennial Elections to the Council of States to fill the seat of members retiring in April 2026.

*Name of Constituency: For Biennial Election to the Rajya Sabha from Bihar for 2026.

I **Nitin Nabin** a candidate for the Above mentioned election,

declare for public information the following details about my criminal antecedents:

| Pending Criminal cases | | | | Details about cases of conviction for criminal offences | |
|---|---|---|---|---|---|
| S.N. | Name of Court | Case No. and Status of Case | Section(s) of Acts concerned and brief description of offences(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offences(s) & punishment imposed |
| 1. | Special Court, Patna | Kotwali, Patna PS Case no. 469/15, Pending | U/S 143, 341, 188, 431, 290 IPC | Not Applicable | Not Applicable |
| 2. | CJM, Patna | Kotwali PS Case no. 516/2023 Under Investigation | U/S 188, 147, 149, 323, 324, 337, 338 & 353 IPC | Not Applicable | Not Applicable |
| 3. | CJM, Patna | Kotwali PS Case No. 1133/19, Pending | U/S 147, 149, 188, 291, 342, 504 IPC | Not Applicable | Not Applicable |
| 4 | सब जज–4, पटना ACJM , Patna | S.K. Puri, Patna PS Case no. 303/13, Pending | U/S 147, 341, 323, 504, 353 IPC | Not Applicable | Not Applicable |
| 5. | श्रीमती माधुरी सिंह J.M. First Class, Patna | Secretariate PS Case no. 56/14, Pending | U/S 188 IPC BPDP Act, 1987 | Not Applicable | Not Applicable |

*In the case of election to Council of States or Election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

संपादकीय

# औद्योगिक एआई की नई राह दिखा रहा जर्मनी

जब वैश्विक रोजगार बाजार इस आशंका से घिरा हो कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) लाखों नौकरियों को निगल सकती है, तब इसके उजले पक्षों की चर्चा करना कई लोगों को अव्यावहारिक लग सकता है. फिर भी दुनिया के कुछ देशों ने इस तकनीक के सकारात्मक आयामों को गंभीरता से परखना शुरू कर दिया है, ताकि मानव समाज को इसके संभावित लाभों से परिचित कराया जा सके. उदाहरण के तौर पर, फरवरी 2026 के अंत में म्यूनिख में इंडस्ट्रियल एआई क्लाउड की शुरुआत जर्मनी की इसी सोच का परिणाम है. उम्मीद है कि यह पहल नवाचार-आधारित व्यावसायिक मॉडलों को जन्म देगी, जो उद्योग, स्टार्टअप और व्यापक अर्थव्यवस्था को नई गति प्रदान कर सकेंगे. औद्योगिक एआई को सरल शब्दों में समझें तो यह ऐसी प्रणालियों का समूह है जो सीधे औद्योगिक प्रक्रियाओं के भीतर समाहित होकर काम करता है. इसके जरिये कारखानों में पूर्वानुमानित रखरखाव, गुणवत्ता परीक्षण की सटीक निगरानी, आपूर्ति श्रृंखला की लचीलापन क्षमता और स्वायत्त रोबोटिक्स को अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है. इसमें मशीन लर्निंग, डीप लर्निंग, प्रिडिक्टिव एनालिटिक्स, मशीन विजन, रोबोटिक्स तथा इंडस्ट्रियल इंटरनेट ऑफ थिंग्स जैसी उन्नत तकनीकों का समावेश होता है. यह पारंपरिक स्वचालन से भिन्न है. जहां पारंपरिक ऑटोमेशन निश्चित नियमों के आधार पर कार्य करता है, वहीं औद्योगिक एआई डेटा से निरंतर सीखता है, भविष्य की स्थितियों का आकलन करता है, संभावित त्रुटियों का पूर्वानुमान लगाता है और परिस्थितियों के अनुरूप स्वयं को ढाल लेता है. उदाहरणस्वरूप, सेंसरों की सहायता से मशीनों की संभावित खराबी का पूर्व संकेत प्राप्त करना, उत्पादन पंक्तियों में गुणवत्ता संबंधी दोषों का स्वतः विश्लेषण, मांग और आपूर्ति के बीच रियल-टाइम संतुलन कायम रखना तथा डिजिटल ट्विन्स के माध्यम से कारखानों का आभासी परीक्षण करना- ये सभी इसके व्यावहारिक रूप हैं. निश्चय ही, औद्योगिक एआई के मामले में भारत की संभावनाएं जर्मनी से कहीं ज्यादा हैं. जनसांख्यिकी (डेमोग्राफिक) डिविडेंड के कारण भारत को इसमें बढ़त हासिल है क्योंकि देश की युवा आबादी का बड़ा हिस्सा कम्प्यूटर और एआई में पारंगत होने की कोशिश कर रहा है. यूपीआई, आधार, भाषिणी आदि प्रबंधों से देश को बड़ी मात्रा में और बहुभाषी डेटा मिल रहा है जो एआई की हमारी राह आसान करता है. हमारा मैन्युफैक्चरिंग आधार भी काफी मजबूत है जो कपड़े, चमड़ा उद्योग से लेकर इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर के निर्माण तक फैला हुआ है. कपड़ा और चमड़ा उद्योग आदि को औद्योगिक एआई से गुणवत्ता आदि मामलों में मदद मिल सकती है, जबकि इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर आदि में ऑटोमेशन से सटीकता आ सकती है. सबसे उल्लेखनीय है हमारे पास योग्य प्रतिभाओं का होना. हमारे देश में हर साल विज्ञान और तकनीक (स्टेम-एसटीईएम) में 50 लाख से ज्यादा युवा पेशेवर आईआईटी और आईआईएससी आदि से प्रशिक्षण लेकर निकलते हैं, जिससे एआई में अमेरिका और चीन के बाद सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम भारत में बनता है. ध्यान रहे कि औद्योगिक एआई को मिली-जुली शैली वाली हाइब्रिड प्रतिभाओं की जरूरत होगी, जो डोमेन इंजीनियरिंग और एआई विशेषज्ञता वाले क्षेत्रों को एक साथ संभाल सकें.

# ईरान के साथ कौन-से देश हैं?

**इस पूरे संकट के बीच अमेरिका की भूमिका को लेकर भी गंभीर सवाल उठने लगे हैं। कई विश्लेषकों का मानना है कि अमेरिका जिस तरह से सैन्य कार्रवाई कर रहा है, वह अंतरराष्ट्रीय नियमों और संस्थाओं की अनदेखी को दर्शाता है। उदाहरण के तौर पर हिंद महासागर में ईरानी पोत को मार गिराने की घटना ने यह संकेत दिया कि यह संघर्ष केवल मध्य-पूर्व तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि वैश्विक समुद्री मार्गों तक फैल सकता है। इसके अलावा जब स्पेन ने अपने एयरबेस के इस्तेमाल की अनुमति देने से इंकार किया तो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सार्वजनिक रूप से उसकी आलोचना कर दी। दूसरी ओर ब्रिटेन ने अपने सैन्य अड्डों के इस्तेमाल की अनुमति तो दी, लेकिन कई शर्तों के साथ, जिससे ट्रंप स्पष्ट रूप से संतुष्ट नहीं दिखाई देते। इससे यह भी संकेत मिलता है कि अमेरिका अपने सहयोगियों से लगभग बिना शर्त समर्थन की उम्मीद कर रहा है लेकिन ऐसा हो नहीं पा रहा है।**

**नीरज कुमार दुबे**



मध्य-पूर्व में भड़का ईरान का युद्ध अब केवल एक क्षेत्रीय संघर्ष नहीं रह गया है, बल्कि यह पूरी दुनिया की राजनीति को झकझोर देने वाला संकट बन चुका है। अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई शुरू होने के बाद वैश्विक राजनीति स्पष्ट रूप से तीन खेमों में बंटती दिखाई दे रही है। एक ओर वे देश हैं जो ईरान के साथ खड़े हैं, दूसरी ओर वे देश हैं जो अमेरिका और इजराइल की सैन्य कार्रवाई को समर्थन दे रहे हैं, जबकि तीसरा समूह उन देशों का है जो खुलकर किसी पक्ष में नहीं आ रहे और खुद को तटस्थ दिखाने की कोशिश कर रहे हैं।

सबसे पहले उन देशों की बात करें जो ईरान के साथ खड़े दिखाई दे रहे हैं। इस सूची में सबसे प्रमुख नाम रूस और चीन का है। इन दोनों देशों ने अमेरिका और इजराइल की कार्रवाई को अंतरराष्ट्रीय कानून के खिलाफ बताया है और इसे क्षेत्रीय अस्थिरता फैलाने वाला कदम कहा है। रूस पहले से ही पश्चिमी देशों के साथ टकराव की स्थिति में है, इसलिए उसने ईरान के खिलाफ हमले की तीखी आलोचना की है और कूटनीतिक समर्थन दिया है। चीन ने भी संयम बरतने की अपील करते हुए यह स्पष्ट किया है कि क्षेत्रीय समस्याओं का समाधान युद्ध नहीं बल्कि बातचीत से होना चाहिए।

इन महाशक्तियों के अलावा उत्तर कोरिया और वेनेजुएला जैसे देश भी ईरान के समर्थन में खड़े दिखाई देते हैं। इसके साथ ही मध्य-पूर्व में कई ऐसे संगठन हैं जो ईरान के रणनीतिक सहयोगी माने जाते हैं, जैसे लेबनान का हिज़्बुल्लाह और यमन के हूती विद्रोही। ये समूह लंबे समय से अमेरिका और इजराइल के प्रभाव का विरोध करते रहे हैं और इस संघर्ष में भी ईरान के साथ खड़े दिखाई दे रहे हैं। इस पूरे समूह को अक्सर 'प्रतिरोध धुरी' कहा जाता है, जो पश्चिमी प्रभाव को चुनौती देने की कोशिश करता है। अब दूसरे खेमे की बात करें, जो अमेरिका और इजराइल के साथ खड़ा है। इस युद्ध के सबसे बड़े पक्षकार स्वयं अमेरिका और इजराइल हैं। इजराइल लंबे समय से ईरान के परमाणु कार्यक्रम को अपने अस्तित्व के लिए खतरा बताता रहा है, जबकि अमेरिका ने अपने सहयोगी की सुरक्षा का हवाला देकर सैन्य अभियान में भाग लिया है। इनके अलावा कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और खाड़ी क्षेत्र के कुछ देश भी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से अमेरिकी रणनीति के करीब दिखाई देते हैं। बहरीन, संयुक्त अरब अमीरात और सऊदी अरब जैसे देशों में अमेरिकी सैन्य ठिकाने मौजूद हैं और ये देश लंबे समय से ईरान को क्षेत्रीय खतरे के रूप में देखते रहे हैं।

ईरान युद्ध के मुद्दे पर पश्चिमी सैन्य गठबंधन नाटो का रुख भी दिलचस्प है। नाटो के महासचिव मार्क रूट ने अमेरिका और इजराइल की सैन्य कार्रवाई की प्रशंसा करते हुए कहा कि इससे ईरान की परमाणु और बैलिस्टिक मिसाइल क्षमता को कमजोर करने में मदद मिल रही है। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकने की दिशा में महत्वपूर्ण है। हालांकि नाटो प्रमुख ने यह भी साफ किया कि नाटो स्वयं इस युद्ध में शामिल होने की कोई योजना नहीं बना रहा है। उन्होंने कहा कि नाटो एक संगठन के रूप में इस संघर्ष में नहीं उतरेगा, लेकिन उसके कुछ सदस्य देश अमेरिका और इजराइल की कार्रवाई को अपने स्तर पर समर्थन दे सकते हैं। यह बयान इस बात का संकेत देता है कि पश्चिमी गठबंधन के भीतर भी युद्ध को लेकर पूरी तरह एकमत स्थिति नहीं है।

तीसरा समूह उन देशों का है जो खुद को तटस्थ दिखाने की कोशिश कर रहे हैं। इस समूह में भारत, कई यूरोपीय देश, ब्रिटेन, कतर, ओमान और कॉकस क्षेत्र के कुछ देश शामिल हैं। इन देशों ने सीधे किसी पक्ष का समर्थन करने की बजाय युद्ध को रोकने और कूटनीतिक समाधान की अपील की है। भारत जैसे देश ऊर्जा सुरक्षा और क्षेत्रीय स्थिरता दोनों को ध्यान में रखते हुए सावधानी से कदम उठा रहे हैं। वहीं कतर और ओमान जैसे देश मध्यस्थता की भूमिका निभाने की कोशिश कर रहे हैं क्योंकि वे पहले भी अमेरिका और ईरान के बीच संवाद कराने में सक्रिय रहे हैं।

इस पूरे संकट के बीच अमेरिका की भूमिका को लेकर भी गंभीर सवाल उठने लगे हैं। कई विश्लेषकों का मानना है कि अमेरिका जिस तरह से सैन्य कार्रवाई कर रहा है, वह अंतरराष्ट्रीय नियमों और संस्थाओं की अनदेखी को दर्शाता है। उदाहरण के तौर पर हिंद महासागर में ईरानी पोत को मार गिराने की घटना ने यह संकेत दिया कि यह संघर्ष केवल मध्य-पूर्व तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि वैश्विक समुद्री मार्गों तक फैल सकता है। इसके अलावा जब स्पेन ने अपने एयरबेस के इस्तेमाल की अनुमति देने से इंकार किया तो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सार्वजनिक रूप से उसकी आलोचना कर दी। दूसरी ओर ब्रिटेन ने अपने सैन्य अड्डों के इस्तेमाल की अनुमति तो दी, लेकिन कई शर्तों के साथ, जिससे ट्रंप स्पष्ट रूप से संतुष्ट नहीं दिखाई देते। इससे यह भी संकेत मिलता है कि अमेरिका अपने सहयोगियों से लगभग बिना शर्त समर्थन की उम्मीद कर रहा है लेकिन ऐसा हो नहीं पा रहा है।

विडंबना यह है कि ट्रंप एक तरफ यह दावा करते रहे हैं कि उन्होंने कई अंतरराष्ट्रीय संघर्षों को रुकवाया है और इसलिए उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार मिलना चाहिए। उन्होंने गाजा के लिए 'बोर्ड ऑफ पीस' जैसी पहल भी की। लेकिन दूसरी ओर ईरान के खिलाफ युद्ध को जिस तरह आगे बढ़ाया गया है, उसने पूरी दुनिया को अस्थिरता और युद्ध की आशंका से भर दिया है। आलोचकों का कहना है कि शांति की बात करने के साथ-साथ युद्ध की आग को भड़काना गहरे राजनीतिक विरोधाभास को दर्शाता है।

इसके अलावा, इस युद्ध ने विश्व राजनीति में गहरे बदलाव पैदा कर दिए हैं। सबसे बड़ा परिवर्तन यह है कि दुनिया फिर से बड़े शक्ति-गठबंधनों में बंटती दिखाई दे रही है। अमेरिका और उसके सहयोगी एक तरफ हैं, जबकि रूस और चीन जैसे देश दूसरी ओर खड़े दिखाई देते हैं। यह स्थिति एक नई महाशक्ति प्रतिस्पर्धा की ओर इशारा करती है।

दूसरा बड़ा परिवर्तन मध्य-पूर्व की राजनीति में देखने को मिल रहा है। कई अरब देशों और इजराइल के बीच सुरक्षा सहयोग तेजी से बढ़ रहा है क्योंकि वे ईरान को अपने लिए बड़ा खतरा मानते हैं। इससे क्षेत्र में नए सैन्य और राजनीतिक गठबंधन बन रहे हैं। तीसरा असर वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है। ईरान दुनिया के बड़े तेल उत्पादकों में से एक है और फारस की खाड़ी वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति का प्रमुख केंद्र है। युद्ध के कारण तेल और गैस की आपूर्ति बाधित होने का खतरा पैदा हो गया है, जिससे पूरी दुनिया के ऊर्जा बाजार में अस्थिरता बढ़ गई है।

बहरहाल, ईरान का यह युद्ध केवल मिसाइलों और बमों का संघर्ष नहीं है, बल्कि यह वैश्विक शक्ति-संतुलन की लड़ाई भी बन चुका है। आने वाले समय में यह संघर्ष तय करेगा कि विश्व राजनीति का नया नक्शा कैसा होगा और किस शक्ति का प्रभाव कितना बढ़ेगा।

अध्यात्म

# कौओं की गिनती का रहस्य

एक बार की बात है, राजा विक्रम अपनी सभा में बैठे थे। उनके दरबार में बड़े-बड़े विद्वान और मंत्री मौजूद थे। अचानक राजा के मन में एक अजीब सवाल आया। उन्होंने सभा में सभी को देखते हुए पूछा, 'बताओ, हमारे शहर में कुल कितने कौए होंगे?' यह सवाल सुनकर सारे दरबारी हैरान रह गए। कोई हँसने लगा, तो कोई सोच में पड़ गया। किसी को समझ ही नहीं आया कि इसका जवाब कैसे देना है। तभी दरबार में वीरसेन आए। वीरसेन राजा के सबसे चतुर सलाहकार थे। उन्होंने देखा कि सभा में सन्नाटा छाया हुआ है। उन्होंने राजा से पूछा, 'महाराज, क्या बात है? सब इतने चुप क्यों हैं?' राजा ने हँसते हुए कहा, 'वीरसेन, मैंने एक सवाल पूछा है–हमारे शहर में कितने कौए हैं? कोई जवाब नहीं दे पा रहा। तुम्हारे पास कोई जवाब है? ' वीरसेन ने एक पल सोचा और फिर मुस्कुराते हुए बोले, 'महाराज, हमारे शहर में ठीक 32,456 कौए हैं।' यह सुनकर सभा में मौजूद सभी लोग हैरान रह गए। एक मंत्री ने पूछा, 'वीरसेन, तुम इतने यकीन से कैसे कह रहे हो? क्या तुमने गिनती की है? ' वीरसेन ने शांत स्वर में जवाब दिया, 'महाराज, आप अपने सैनिकों को भेजकर कौओं की गिनती करवा लीजिए। अगर इससे ज़्यादा कौए मिलें, तो समझ लीजिए कि कुछ कौए अपने रिश्तेदारों से मिलने बाहर से आए होंगे। और अगर कम मिलें, तो समझिए कि हमारे शहर के कुछ कौए अपने रिश्तेदारों से मिलने पास के गाँव गए होंगे।'वीरसेन का जवाब सुनकर राजा विक्रम जोर-जोर से हँसने लगे। उन्होंने कहा, 'वीरसेन, तुम्हारी बुद्धि का कोई जवाब नहीं! तुमने न सिर्फ़ जवाब दिया, बल्कि उसकी ऐसी दलील दी कि किसी को शक की गुंजाइश ही नहीं रही।' सभा में मौजूद सभी दरबारियों ने तालियाँ बजाकर वीरसेन की तारीफ़ की। राजा विक्रम ने वीरसेन को इनाम में एक सोने की माला और एक कीमती हीरे का हार भेंट किया। उन्होंने कहा, 'वीरसेन, तुमने आज एक बार फिर साबित कर दिया कि तुम्हारी चतुराई हमारे दरबार की शान है।' वीरसेन ने सिर झुकाकर राजा का आभार माना और बोले, 'महाराज, यह सब आपकी कृपा है।' उस दिन के बाद गाँव में यह बात फैल गई कि वीरसेन ने राजा के सवाल का कितना चतुर जवाब दिया। बच्चे-बड़े, सभी इस कहानी को सुनकर हँसते और वीरसेन की तारीफ़ करते।

# ममता की जिद के कारण अंधियारे की तरफ पश्चिम बंगाल !

**देश में कर्ज के बोझ तले दबे सबसे बड़े राज्यों में पश्चिम बंगाल टॉप पर है। बंगाल को अपने राजस्व का 42 फीसदी हिस्सा सिर्फ ब्याज के भुगतान में खर्च करना पड़ा है। वित्त वर्ष 2025 में पश्चिम बंगाल पर ब्याज भुगतान का बोझ अन्य राज्यों की तुलना में सबसे ज्यादा था। राज्य को टैक्स और नॉन टैक्स रेवेन्यू से 1.09 लाख करोड़ रुपए मिले थे, लेकिन सिर्फ ब्याज भुगतान पर 45 हजार करोड़ से अधिक खर्च किए गए। इसका मतलब हुआ कि उसके राजस्व का 42 फीसदी हिस्सा तो ब्याज चुकाने में ही चला गया। पश्चिम बंगाल की आर्थिक सेहत खराब होने के साथ जिद के चलते शिक्षा की व्यवस्था भी लड़खड़ा रही है। हो सकता है विधानसभा चुनाव ममता की तृणमूल कांग्रेस जीत जाए किन्तु ममता बनर्जी की जिद के कारण इससे विकास की गति को रफ्तार नहीं मिल सकेगी।**

**योगेंद्र योगी**

बंगाल में 19वीं सदी के दौरान शिक्षा के केंद्र के रूप में बंगाली पुनर्जागरण ने साहित्यिक और बौद्धिक चेतना का विकास किया, जिससे पश्चिमी शिक्षा का आगमन हुआ। पश्चिम बंगाल ऐतिहासिक रूप से भारत का एक प्रमुख शैक्षणिक और बौद्धिक केंद्र रहा है, जो बंगाली पुनर्जागरण से लेकर आधुनिक काल तक ज्ञान का गढ़ बना रहा है। कोलकाता (तत्कालीन कलकत्ता) ने आधुनिक शिक्षा प्रणाली की शुरुआत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसमें 1857 में स्थापित कलकत्ता विश्वविद्यालय, विश्व-भारती, और आईआईटी खड़गपुर जैसे प्रतिष्ठित संस्थान शामिल हैं। ऐतिहासिक दौर में शिक्षा की कीर्ति पताका फहराने वाले पश्चिम बंगाल की आज हालत यह हो गई है कि 4 हजार स्कूल राम भरोसे हैं। पश्चिम बंगाल की शिक्षा व्यवस्था वेंटिलेटर पर है।

ममता सरकार की जिद से केंद्र सरकार से मिलने वाले 10 हजार करोड़ रुपए डूब गए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करने पर यह राशि केंद्र सरकार से मिलने थी। ममता बनर्जी सरकार ने पश्चिम बंगाल में राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू नहीं की। ममता सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति को अहंकार का मुद्दा बना लिया है। केंद्र सरकार के बार-बार अनुरोध करने के बावजूद बंगाल सरकार ने शिक्षा नीति लागू नहीं की नतीजा यह हुआ कि समग्र शिक्षा मिशन के तहत मिलने वाली 10,000 करोड़ रुपये की अतिरिक्त केंद्रीय निधि राज्य को नहीं मिल पाई। पूरे देश में जितने भी स्कूल बिना शिक्षकों के चल रहे हैं, उनमें से 50% अकेले पश्चिम बंगाल में हैं। अर्थात बाकी पूरा देश एक तरफ और ममता का बंगाल एक तरफ।

शिक्षा व्यवस्था में आई यह गिरावट बताती है कि टीएमसी सरकार के राज में बच्चों के भविष्य के साथ कैसा खिलवाड़ हो रहा है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने तीखा हमला बोलते हुए कहा कि नई शिक्षा नीति मातृभाषा (बंगाली) में पढ़ाई की बात करती है, लेकिन ममता सरकार इसे लागू नहीं करना चाहती। क्या राज्य सरकार बंगाली में शिक्षा की अनुमति नहीं देना चाहती? केंद्रीय मंत्री ने साफ कर दिया कि अगर 2026 के विधानसभा चुनावों के बाद भाजपा सत्ता में आती है, तो शिक्षा क्षेत्र उनका 'प्राइम फोकस' होगा। उन्होंने बंगाल की जनता को संदेश दिया कि वर्तमान सरकार ने शिक्षा को बर्बाद कर दिया है और अब बदलाव ही एकमात्र रास्ता है।

इतना ही नहीं पश्चिम बंगाल सरकार ने जादवपुर विश्वविद्यालय के लिए केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित अतिरिक्त निधि को स्वीकार करने से इनकार कर दिया। जहां पूरा देश डिजिटल हो रहा है, वहां बंगाल के स्कूल पाषाण युग में जी रहे हैं। राष्ट्रीय स्तर पर स्कूलों में इंटरनेट की पहुंच 70% है, लेकिन पश्चिम बंगाल के सरकारी स्कूलों में यह आंकड़ा गिरकर महज 16% रह गया है। जून 2025 में, केंद्र सरकार ने मध्याह्न भोजन योजनाओं का लाभ उठाने वाले छात्रों की संख्या में आई तीव्र गिरावट पर चिंता व्यक्त की। केंद्र सरकार के स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग ने भी इस मामले में पश्चिम बंगाल सरकार से रिपोर्ट मांगी थी, जिसमें इसे राज्य में स्कूल छोड़ने वालों की संख्या में वृद्धि का मुख्य कारण बताया गया था। इससे पहले, वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान पश्चिम बंगाल में मध्याह्न भोजन के लिए बजटीय आवंटन 2,377 करोड़ रुपये था। हालांकि, समीक्षाधीन वित्तीय वर्ष के दौरान वास्तविक उपयोग मात्र 515.04 करोड़ रुपये (21.66 प्रतिशत) था। इसका अर्थ यह है कि तीनों वित्तीय वर्षों को मिलाकर दोपहर के भोजन के लिए आवंटित बजट का औसत उपयोग प्रतिशत मात्र 16.96 प्रतिशत है। संभवतः, कम प्रतिशत उपयोग को ध्यान में रखते हुए, पश्चिम बंगाल सरकार ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए इस मद के अंतर्गत बजटीय आवंटन को घटाकर 1,150.90 करोड़ रुपये कर दिया है, जो कि 2023-24, 2024-25 और 2025-26 के संबंधित आंकड़ों की तुलना में काफी कम है।



शिक्षा के लिए बेशक धन नहीं हो किन्तु चुनाव जीतने के लिए ममता सरकार ने खजाने का मुंह खोल दिया है। वर्ष 2026 के विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बेरोजगार युवाओं के लिए राज्य के मासिक ?1,500 भत्ते की शुरुआत 15 अगस्त से आगे बढ़ाकर 1 अप्रैल कर दी है। राज्य की महिलाओं के लिए लक्ष्मी भंडार प्रत्यक्ष नकद हस्तांतरण योजना के तहत मासिक भत्ते में ?500 की वृद्धि भी की थी, जिसे पिछले सप्ताह 5 फरवरी को अंतरिम बजट पेश किए जाने के बाद फरवरी से लागू किया जा चुका है। सम्मानजनक वेतन वृद्धि की मांग को लेकर पश्चिम बंगाल के सरकारी स्कूलों के पैरा शिक्षकों विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। पैरा शिक्षकों को प्रति माह 10,000 से 13,000 रुपये के बीच वेतन मिलता है और वे संविदा आधार पर काम करते हैं।

देश में कर्ज के बोझ तले दबे सबसे बड़े राज्यों में पश्चिम बंगाल टॉप पर है। बंगाल को अपने राजस्व का 42 फीसदी हिस्सा सिर्फ ब्याज के भुगतान में खर्च करना पड़ा है। वित्त वर्ष 2025 में पश्चिम बंगाल पर ब्याज भुगतान का बोझ अन्य राज्यों की तुलना में सबसे ज्यादा था। राज्य को टैक्स और नॉन टैक्स रेवेन्यू से 1.09 लाख करोड़ रुपए मिले थे, लेकिन सिर्फ ब्याज भुगतान पर 45 हजार करोड़ से अधिक खर्च किए गए। इसका मतलब हुआ कि उसके राजस्व का 42 फीसदी हिस्सा तो ब्याज चुकाने में ही चला गया। पश्चिम बंगाल की आर्थिक सेहत खराब होने के साथ जिद के चलते शिक्षा की व्यवस्था भी लड़खड़ा रही है। हो सकता है विधानसभा चुनाव ममता की तृणमूल कांग्रेस जीत जाए किन्तु ममता बनर्जी की जिद के कारण इससे विकास की गति को रफ्तार नहीं मिल सकेगी।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
नि:सन्तान दम्पतियों को शुभ समाचार मिल सकते हैं। विद्यार्थी पढ़ाई के साथ-साथ कुछ अतिरिक्त जॉब करने की योजना बनायेंगे।

**वृषभ**
आज आपके घर में सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। सम्पत्ति के मामलों में विजय प्राप्त हो सकती है। कारोबारी उद्देश्य से यात्रा हो सकती है।

**मिथुन**
कार्यक्षेत्र में आपके प्रदर्शन की आलोचना होगी। युवा प्रेमी आज प्रेमीजन के साथ अच्छा समय बितायेंगे। स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं का निराकरण होगा।

**कर्क**
नकदी की समस्या दूर होने की सम्भावना है। कोई गोपनीय बात बाहर आ सकती है। कुछ लोग आपकी निश्छलता का गलत फायदा उठाने का प्रयास करेंगे।

**सिंह**
प्रत्येक समस्या का समाधान व्यवहार-कुशलता से निकाल लेंगे। आपकी कलात्मक क्षमताओं का विकास होगा। बच्चों के लिये कुछ उपहार ले सकते हैं।

**कन्या**
कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी। नये कार्यों की शुरुआत करने की योजना बना सकते हैं। बिना जाँच-पड़ताल के निवेश करने से आर्थिक हानि हो सकती है।

**तुला**
आपको काफी दौड़धूप करनी पड़ सकती है। स्वयं द्वारा बनाये हुये नियमों की स्वतः अवहेलना न करें। रात के समय सड़क यात्रा करने से बचें।

**वृश्चिक**
व्यवसाय में बड़े निवेश मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र के विघ्नों पर विजय प्राप्त कर लेंगे। प्रेम सम्बन्धों में परस्पर समर्पण की भावना में वृद्धि होगी।

**धनु**
अपनी महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिये परिश्रम करेंगे। विदेश यात्रा से धन लाभ होगा। पाचन तन्त्र में कुछ परेशानी हो सकती है। मार्केटिंग के क्षेत्र से जुड़े लोगों को अच्छे क्लाइन्ट मिल सकते हैं।

**मकर**
व्यर्थ के प्रपंचों से आपको दूर रहना चाहिये। आपको सहकर्मियों का साथ नहीं मिलेगा। शेयर और जोखिम भरे निवेशों से थोड़ी परेशानी होगी। यात्रा के कारण थकान हो सकती है।

**कुंभ**
सामाजिक और व्यावसायिक क्षेत्र में नये विरोधी उभर सकते हैं। प्रेम सम्बन्धों में शंका की भावना न पनपने दें। गुप्त विद्याओं के प्रति आपका रुझान बढ़ेगा।

**मीन**
आपके ऊपर कार्यभार बढ़ सकता है। सन्तान की उपलब्धियों से प्रसन्न होंगे। साहस और बुद्धिमत्ता युक्त निर्णय लेने से आपको व्यवसाय में शानदार सफलता मिलेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### एनडीपीएस एक्ट मामले के आरोपी को भेजा जेल

**अथमलगोला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट मामले में आरोपित युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष राहुल कुमार नवनीत ने बताया कि सालिमपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत काला दियारा निवासी गुल्लू राय उर्फ राम कृपाल कुमार को स्थानीय थाना पुलिस के सहयोग से गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि उक्त अभियुक्त की अथमलगोला थाना कांड संख्या 142/20 में काफी समय से तलाश थी। गिरफ्तारी के उपरान्त अथमलगोला थाना पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में गई टीम द्वारा उसे थाना लाया गया। जहां से आवश्यक पूछताछ एवं विधि सम्मत कार्रवाई के उपरान्त न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

### ज्ञानस्थली विद्यालय में सजी सुरों की महफिल

**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्पिक मैके व ज्ञान स्थली इंटरनेशनल स्कूल , सिगरियावां के तत्वावधान में एक भव्य संगीत वसंतोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय स्तर के प्रसिद्ध कलाकारों तबला वादक पं0 मिथिलेश कुमार झा, हारमोनियम पर पंडित धर्म नाथ झा व पंडित हरीश तिवारी ने शास्त्रीय गायन व अपनी शानदार प्रस्तुतियों से समा बांध दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में संगीत प्रेमियों और दर्शकों ने भाग लेकर इसका आनंद लिया। विद्यालय के बच्चे भी इस प्रकार के कार्यक्रम से लाभान्वित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ किया गया। विद्यालय के निदेशक रवि रंजन व समाजसेवी मुरली यादव ने आगत अतिथियों की अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। उसके बाद राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों ने अपने मधुर स्वरों और बेहतरीन संगीत प्रस्तुति से उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कलाकारों द्वारा प्रस्तुत विभिन्न गीतों और संगीत की धुनों पर दर्शक झूम उठे और पूरे विद्यालय परिसर में उत्साह का माहौल बना रहा। कार्यक्रम के दौरान आयोजकों ने कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक और संगीत कार्यक्रम समाज में कला और संस्कृति को बढ़ावा देने के साथ-साथ नई प्रतिभाओं को प्रेरणा देने का कार्य करते हैं।इस कार्यक्रम में अभिभावक , बच्चे व कई गणमान्य लोग उपस्थित रहें। यह भव्य संगीत संध्या सभी के लिए यादगार बन गई।



### हड़ताल पर गए सभी सीओ, राजस्व कर्मचारी पहले से नहीं कर रहे काम, काम ठप

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राजस्व सेवा संघों के आह्वान पर सभी अंचलाधिकारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं. जिससे अंचलों में कामकाज ठप हो गया है. डीसीएलआर पद पर तैनाती न होने और सरकार की वादाखिलाफी से नाराज अधिकारियों के इस कदम से राज्य में जारी जमीन सर्वे और चकबंदी कार्य पूरी तरह रुक गया है।इस हड़ताल का व्यापक असर मसौढी धनरूआ एवं पुनपुन के महत्वपूर्ण सरकारी प्रोजेक्ट्स पर पड़ रहा है। वर्तमान में चल रहे विशेष भूमि सर्वे और चकबंदी का काम पूरी तरह से रुक गया है, जो सीधे तौर पर आम जनता और किसानों से जुड़ा हुआ है. गौरतलब है कि राजस्व प्रशासन की स्थिति पहले से ही चुनौतीपूर्ण बनी हुई थी, क्योंकि पिछले 17 दिनों से राजस्व कर्मचारी भी हड़ताल पर हैं। ये कर्मचारी प्रोन्नति, स्थानांतरण और वेतन विसंगतियों समेत अपनी 17 सूत्री मांगों को लेकर कार्य बहिष्कार कर रहे हैं.ऐसे मे अब अधिकारियों और कर्मचारियों, दोनों के एक साथ हड़ताल पर होने से अंचल कार्यालयों में सन्नाटा पसरा है और दाखिल-खारिज से लेकर प्रमाण पत्र निर्गत करने तक के सभी कार्य बाधित हो गए है। मसौढी अंचल की बात करें तो तकरीबन 1010 मामले पेंडिंग है वहीं धनरूआ मे तकरीबन 1400 मामले पेंडिंग है।बहरहाल जमीन संबंधी विवादों के निपटारे और राजस्व वसूली जैसे कार्यों में भारी गिरावट देखने को मिल सकती है, जिससे अंततः आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।



### देसी शराब कारोबारियों के खिलाफ मसौढी पुलिस सख्त

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शराब कारोबारी और सप्लायरों के लिए मसौढ़ी पुलिस काल बन गई है। लगातार तबातोड़ टीम गठित करते हुए छापेमारी चल रही है। इस दौरान विभिन्न गांव में अब तक सैकड़ो भठ्ठीयां ध्वस्त कर दी गई है। इसके अलावा दो दर्जन से अधिक शराब पीने पिलाने वालों की गिरफ्तारी की गई है। ऐसे में सोमवार कि अलहे सुबह मसौढी पुलिस ने संगत पर मुसहरी और नदौल मुसहरी में छापेमारी की गई, जहां पर तकरीबन डेढ़ हजार दर्जन अवैध देशी शराब की भठ्ठियां को ध्वस्त की है। जहां संगत पर मुसहरी में 2000 किलो जावा महुआ को नष्ट किया गया है। इसके अलावा नदौल मुसहरी में 1000 जावा महुआ को नष्ट किया गया है। थानाध्यक्ष विवेक भारती ने बताया कि सूचना मिली की देसी शराब बनाने वाले कारोबारी सुबह 3:00 से शराब बनाने के कार्य में लिप्त हो जाते हैं, इस सूचना को सत्यापन करते हुए टीम गठित करते हुए विभिन्न मुसहरी में छापेमारी की गई, जहां पर उस वक्त शराब बनाने का कार्य चल रहा था,ऐन मौके पर भट्ठियों को ध्वस्त किया गया है और जावा महुआ को नष्ट करने की कार्रवाई की गई है। हालांकि पुलिस को दूर से देखते ही नदौल मुसहरी में और संगत पर मुसहरी में लोग भागने में सफल हो गए हैं।



### दावते इफ्तार में दिखी एकता-भाईचारे की झलक

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पवित्र माहे रमजान को लेकर सोमवार को मनेर के मेहदावां में मनेर नगर परिषद उपसभापति शंकर यादव की ओर से आयोजित दावते इफ्तार में पूर्व मंत्री तेजप्रताप यादव समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। दावते इफ्तार में हिन्दू मुस्लिम समुदाय के लोगो ने शिरकत कर एकता एवं भाईचारे की मिसाल पेश की। मौके पर मौजूद रोजेदारों ने रोजा खोला एवं देश में अमन चैन की दुआ मांगी। इस दौरान नगर के कई मोहल्ले के लोग शामिल हुए। पूर्व मंत्री तेजप्रताप यादव ने कहा कि रमजान इफ्तार के माध्यम से एक भाईचारे व सोहार्द का माहौल बनता है।

# सखी सहायता डेस्क के जरिए बेटियों ने स्कूल की शिक्षिकाओं से खुल कर बात

## महावारी, खून की कमी,यौन उत्पीड़न की दी गई जानकारी ●सरकारी स्कूलों में सखी हेल्प डेस्क बन रही बेटियों की आवाज






**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी के सरकारी विद्यालयों में छात्राओं के स्वास्थ्य, सुरक्षा और आत्मविश्वास को बढ़ाने के लिए "सखी सहायता डेस्क" की शुरूआत की गई है। ऐसे में सोमवार को मसौढी के खरांट उच्च माध्यमिक विद्यालय में स्कूल की प्रधानाचार्य अनुपम कुमारी और शिक्षिका ब्यूटी कुमारी के नेतृत्व में छात्राओं के बीच उनकी समस्याओं को सुनी गई, इसके अलावा, एनीमिया (खून की कमी) की जांच, परामर्श, माहवारी के प्रति जानकारी के अलावा यौन उत्पीड़न के बारे में जानकारी दी गई।दरअसल प्रारंभिक शिक्षा व समग्र शिक्षा अभियान में सभी माध्यमिक व उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं प्रभारी प्रधानाध्यापक को आदेश जारी किया है. शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा के साथ बेटियों के आत्मविश्वास, आगे बढ़ने पर इसके।जरिए काम होगा.ऐसे में मसौढी के खरांट उच्च माध्यमिक विद्यालय में इसे विधवत रूप से शुरू कर दिया गया है, जहां पर सभी महिला शिक्षकों के द्वारा छात्राओं को बखूबी तौर पर उनके शारीरिक बदलाव खून की कमी अन्य पोषक तत्व गुड टच बैड टच के अलावा स्कूल से बाहरी स्थिति के बारे में विशेष तौर पर उन सभी छात्रों के बीच सिखाया जा रहा है और बताया भी जा रहा है कि वह कैसे अपने आप को इसके प्रति जागरूक हो सके, इस सखी डेस्क का संचालन कर रही महिला शिक्षिका ब्यूटी कुमारी ने बताया की स्कूल के अंदर और स्कूल के बाहर के लड़कियों को और उसके शारीरिक बदलाव के बारे में जरूरी बातें उन्हें बताया जा रही है माहवारी के दिन कैसे अपने आप को सुरक्षित रखें, कैसे खुलकर अपने शिक्षकों से अपने माता-पिता से बात करें उनसे भी चीजों के बारे में बतलाया जा रहा है। स्कूल की प्रधानाध्यापक अनुपम कुमारी ने बताया कि स्कूलों को सखी सहायता डेस्क किशोर होती बेटियों को यह सखी सहायता डेस्क हर तरह से रास्ता दिखायेगा. इसमें स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से सभी किशोरियों की स्वास्थ्य जांच करायी जायेगी.. हम लोग हर चीज के बारे में उनसे बात कर सकेंगे।छात्राओं में सुहानी,डॉली, शिवानी, रितु, ललिता प्रियंका कुमारी आदी ने कहा की यह एक अच्छा प्लेटफार्म है हमें कई चीजों के लिए असहज महसूस होती थी, कई लोगों से बहुत सारी बात नहीं कर पाते थे लेकिन हमारे स्कूल मे हमारी मैंम बहुत कुछ खुलकर बात करेंगे। मौके पर स्कूल के प्रधानाध्यपी का अनुपमा कुमारी, ब्यूटी कुमारी, सोनी आनंद, नीतू कुमारी, बॉबी प्रवीण आदि शामिल रहे ।

## राजेश कुमार ने साहसिक खेलों के क्षेत्र में देश और बिहार का नाम रोशन करते हुए वर्ष 1994 और 2001 में दो बार गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज कराया






**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पटना के राजेंद्र नगर निवासी तथा बक्सर ज़िले के डुमरांव के मूल निवासी कर्नल (डॉ.) राजेश कुमार ने साहसिक खेलों के क्षेत्र में देश और बिहार का नाम रोशन करते हुए वर्ष 1994 और 2001 में दो बार गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज कराया है। भारतीय सेना के एक सुसज्जित अधिकारी के रूप में उन्होंने लंबे समय तक देश की सेवा की और सेवानिवृत्ति के बाद भी विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दिया। सैन्य सेवा के साथ-साथ उन्होंने शैक्षणिक क्षेत्र में भी उत्कृष्ट उपलब्धियाँ हासिल कीं। कर्नल (डॉ.) राजेश कुमार ने पीएच.डी. की उपाधि प्राप्त की तथा चार पुस्तकों का लेखन किया। इसके अतिरिक्त उन्होंने विश्वविद्यालयों में महत्वपूर्ण शैक्षणिक और प्रशासनिक पदों पर भी कार्य किया। सेना से सेवानिवृत्ति के पश्चात उन्होंने भारत सरकार की संस्था एक्स-सर्विसमेन कॉन्ट्रिब्यूटरी हेल्थ स्कीम में बिहार के लिए ऑफिसर-इन-चार्ज के रूप में लगभग पाँच महीनों तक दानापुर छावनी स्थित एउल्टर पॉलीक्लिनिक का नेतृत्व किया। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने प्रशासनिक और संचालन संबंधी प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित कर व्यवस्था में पारदर्शिता और कार्यकुशलता बढ़ाने का कार्य किया। उनके नेतृत्व में लाभार्थियों की संतुष्टि के स्तर में उल्लेखनीय सुधार देखा गया। नोडल मेन मिलिट्री पॉलीक्लिनिक के रूप में ECHS पॉलीक्लिनिक दानापुर लगभग 79,400 प्राथमिक लाभार्थियों एवं उनके आश्रितों को चिकित्सा सेवाएँ प्रदान करता है तथा बिहार भर में चार लाख से अधिक पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों के लिए चिकित्सा सेवाओं के समन्वय का दायित्व निभाता है। कर्नल (डॉ.) राजेश कुमार अब इस पद से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेकर सामाजिक एवं राष्ट्रीय जीवन में सक्रिय योगदान देने के उद्देश्य से पश्चिम बंगाल में सामाजिक-राजनीतिक गतिविधियों से जुड़ने जा रहे हैं। इस अवसर पर ECHS संगठन तथा बिहार के पूर्व सैनिक संगठनों के अधिकारियों और साथियों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी और उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएँ व्यक्त कीं।

### मवेशी चोर हुआ सक्रिय, मसौढी के जगपुरा मे दो भैंस खोल ले गए चोर, ग्रामीणों में आक्रोश

**चोरी करने से पहले किसान के दरवाजे के बाहर लगाया था ताला**

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी के ग्रामीण क्षेत्रों में एक बार फिर से मवेशी चोर सक्रिय हो चुका है। ऐसे में मसौढी थाना क्षेत्र के जगपुरा गांव में बीते देर रात को किसान सीताराम सिंह के केबिन पर में बंधे हुए दो भैंस को चोर खोलकर बड़े आराम से ले गए, यह घटना रविवार की रात 12 बजे के बाद की है।जो घर के बाहर खूंटे से बंधी भैंस को चोर चुरा ले गए। दरअसल घटना के संदर्भ में पीड़ित किसान सीताराम सिंह ने बताया कि पिकअप लेकर आए हुए चोर ने सबसे पहले हमारे दरवाजे पर बाहर से ताला लगा दिया उसके बाद पिकअप वैन में लादकर लेकर चले गए। सोमवार की सुबह जब आंख खुली तो सबसे पहले देखा कि हमारे दरवाजे के बाहर से ताला लगा हुआ है किसी तरह से ताला तोड़कर बाहर निकले तो देखा की भैंस खूंटे से गायब थी। अगल-बगल के गांवो में भैंस की तलाश की लेकिन कुछ पता नही लग सका। पीड़ित सिताराम सिंह ने मसौढी थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है।

## बिहार एनिमल साइंसेज यूनिवर्सिटी पटना में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार एनिमल साइंसेज यूनिवर्सिटी, पटना में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति डॉ. इंद्रजीत सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर बीवीसी के डीन डॉ पल्लव शेखर, एसजीआईडीटी के डीन डॉ. उमेश सिंह, निदेशक अनुसंधान डॉ एन.के. सिंह, डीईई डॉ निर्मल दहिया, पूर्व डीईई डॉ. ए.के. ठाकुर सहित महाविद्यालय के सभी शिक्षक, छात्र-छात्राएँ और कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. ज्योति प्रकाश (डेंटल सर्जन) तथा डॉ. सुषमा कुमारी (विभागाध्यक्ष एवं सीओई) शामिल हुईं। आयोजन सचिव डॉ. सीउली साहा रॉय, प्रोफेसर, वीपीएचई के नेतृत्व में कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस दौरान अतिथियों को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में डॉ. रविकांत निराला, डॉ. सुषमा कुमारी और डॉ. ज्योति प्रकाश ने महिला दिवस के महत्व और समाज में महिलाओं की भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए। अपने संबोधन में कुलपति डॉ. इंद्रजीत सिंह ने समाज, संस्थान और परिवार में महिलाओं के योगदान को रेखांकित करते हुए महिला सशक्तिकरण की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम का समापन डॉ. अमृता बेहरा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## टीपीएस कॉलेज के प्रो. शांडिल्य ने राज्यपाल से मुलाकात की



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** टी.पी.एस. कॉलेज, पटना के प्राचार्य एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के पूर्व कुलपति प्रो. तपन कुमार शांडिल्य ने महामहिम राज्यपाल श्री आरिफ मोहम्मद खान से राजभवन में शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर प्राचार्य ने महामहिम को प्रसिद्ध ग्रंथ 'संस्कृति के चार अध्याय' तथा 'योगा एंड कार्डियोवैस्कुलर मैनेजमेंट' पुस्तक भेंट स्वरूप प्रदान की। मुलाकात के दौरान प्राचार्य प्रो. शांडिल्य ने टी.पी.एस. कॉलेज में संचालित शैक्षणिक एवं शोध कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। महामहिम राज्यपाल ने महाविद्यालय द्वारा शिक्षा, शोध, खेलकूद और सांस्कृतिक क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना की तथा इस दिशा में निरंतर प्रयास जारी रखने की प्रेरणा दी। उन्होंने उच्च शिक्षा में गुणवत्ता, शोध उन्मुखता तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के महत्व पर भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. शांडिल्य ने राज्यपाल के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान शिक्षा, सामाजिक समरसता, नैतिक मूल्यों तथा बौद्धिक विमर्श को बढ़ावा देने के लिए किए गए महत्वपूर्ण प्रयासों की भी सराहना की। प्राचार्य ने उनके सफल एवं प्रेरणादायक कार्यकाल के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका मार्गदर्शन और विचार आने वाले समय में भी शिक्षा जगत के लिए प्रेरणास्रोत बने रहेंगे।

### हथियार के बल पर लूटी 3 लाख व सोने की चेन

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना क्षेत्र के वीर गांव स्थित दरधा पुल के पास सोमवार की सुबह बाइक सवार तीन अपराधियों ने बाईक सवार युवक को रोककर पिस्टल के बल पर उससे सोने की चेन लूट ली है। दरअसल बताया जाता है की मसौढ़ी थाना क्षेत्र के तारेगना गोला निवासी 22 वर्षीय अंकित राज सोमवार की सुबह अपनी बाइक से रोज की तरह गौरीचक स्थित परा मेडिकल कॉलेज जा रहा था,जहाँ दरधा पुल के पास घात लगाये दो बाइक पर सवार तीन बदमाशों ने उसे ओवरटेक कर जबरन गाड़ी रुकवई,उसके बाद बदमाशो ने अंकित के गले से सोने की चेन छीनने लगे जिसका विरोध किया तो दोनों पक्षों के बीच हाथापाई भी हुई। इसके बाद बदमाशों ने कमर से पिस्तौल निकाल ली और पिस्तौल के बल पर करीब 3 लाख रुपए के सोने की चेन लूट ली।और भागने के क्रम में बाइक की चाबी छीन कर पइन किनारे फेंक दी, जिसके बाद तीनों बदमाश मौके से फरार हो गए।पीड़ित अंकित राज, मसौढ़ी के तारेगना गोला निवासी सुनील कुमार गावस्कर के पुत्र बताए जाते हैं।

## ध्वनि प्रदूषण की रोकथाम को लेकर मसौढी एसडीएम ने की नोडल अधिकारी व मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति

**अनुमंडल कार्यालय को बनाया गया नियंत्रण कक्ष**



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी में अनुमंडल प्रशासन की ओर से ध्वनि प्रदूषण की रोकथाम को लेकर डीजे ध्वनि विस्तारक यंत्र एवं वाहनों में लगे प्रेशर हॉर्न से हो रहे प्रदूषण की रोकथाम हेतु विधि सम्मत कार्रवाई सुनिश्चित करने को लेकर प्रखंड एवं अंचल स्तर के पदाधिकारीयों का धावादल का गठन किया है।इसके अलावा अनुमंडल कार्यालय में नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। जो ध्वनि प्रदूषण से संबंधित प्राप्त शिकायतों को नोडल पदाधिकारी को जानकारी देंगे, इसके लिए प्रभु सिंह सहायक प्रशासी पदाधिकारी अनुमंडल कार्यालय को प्रतिनियुक्त किया गया है। गठित धावादल में नोडल पदाधिकारी के रूप में सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी राणा रणजीत कुमार को जिम्मेदारी तय की गई है ,इसके अलावा प्रतिनियुक्त नोडल पुलिस पदाधिकारी में सहायक पुलिस अधीक्षक कोमल मिणा एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कन्हैया सिंह को जिम्मेवारी दी गई है। वही दंडाधिकारीयों में मसौढी प्रखंड में बीडीओ प्रभाकर कुमार,सीओ प्रभात रंजन के अलावा कार्यपालक पदाधिकारी राजू रंजन एवं प्रखंड के सभी पंचायत के पंचायत सचिव, राजस्व कर्मचारी और सभी थानो के थानाध्यक्ष को धावादल में शामिल किया गया है। उसी प्रकार धनरूआ में सीओ श्वेता कुमारी, बीडीओ सीमा कुमारी के अलावा सभी प्रखंडों के पंचायत सचिव और धनरूआ थानाध्यक्ष को शामिल किया गया है एवं पुनपुन में सीओ ममता कुमारी बीडीओ उदय कुमार, कार्यपालक नगर पंचायत के पदाधिकारी को शामिल किया गया है और सभी पंचायत सचिव थानाध्यक्ष को इस पूरे धावादल के टीम में गठित की गई है। अनुमंडल पदाधिकारी अभिषेक कुमार ने बताया कि जैसे ही ध्वनि प्रदूषण से संबंधित शिकायत प्राप्त होंगे सहायक प्रशासी पदाधिकारी अनुमंडल कार्यालय में नोडल पदाधिकारी को इसकी सूचना देंगे और नोडल पदाधिकारी के द्वारा संबंधित बीडीओ, सीओ और पुलिस पदाधिकारी के साथ मिलकर उस पर कार्रवाई करेंगे, सभी नोडल पदाधिकारी को प्रत्येक माह कम से कम एक बार सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारी एवं कर्मियों के साथ बैठकर समीक्षा करेंगे। नियंत्रण कक्ष का नं 06122434246 भी जारी किया गया है।

# सड़क हादसे में पटना हाईकोर्ट के वकील दंपती की मौत

**मसौढ़ी में सभी अधिवक्ताओं ने की शोक सभा**



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सड़क हादसे में पटना हाईकोर्ट के वकील दंपती की मौत,की बाद मसौढ़ी में सभी अधिवक्ताओं ने किया शोक सभा का आयोजन करते हुए दिवगंत आत्मा के लिए प्रार्थना की, इसके अलावा शोक में एक दिन का न्यायिक कार्य से अपने आप को अलग रखा, अधिवक्ता संघ मसौढी के महासचिव राकेश कुमार ने बताया कि बंगाल के इस्लामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गुंजरिया बंगापुल में राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर हुए एक भीषण सड़क हादसे में पटना हाई कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अजय कुमार ठाकुर के पुत्र ऋतिक ठाकुर और पुत्रवधू वैष्णवी की मौत हो गई। ऋतिक और वैष्णवी भी अधिवक्ता थे। यह दुर्घटना बंगाल में गुंजरिया बंगापुल में उस समय हुई, जब ऋतिक और वैष्णवी अपने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ फार्च्यूनर कार से सिलीगुड़ी से पटना लौट रहे थे। इसी दौरान एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी गाड़ी को जोरदार टक्कर मार दी। इससे उनकी कार अनियंत्रित होकर पलट गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। इस भीषण दुर्घटना में अधिवक्ता वैष्णवी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि उनके पति ऋतिक ठाकुर गंभीर रूप से घायल हो गए। बाद में उपचार के दौरान उन्होंने भी अस्पताल में दम तोड़ दिया। इस पूरी घटना को संवेदनशीलता के रूप में देखते हुए मसौढी सिविल कोर्ट के सभी अधिवक्ताओं ने एक दिन का शोक सभा करते हुए न्यायीक कार्य से अपने आप को अलग रखा है। जहां अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अरविंद कुमार, पूर्व अध्यक्ष महेंद्र सिंह अशोक, महासचिव राकेश कुमार,हसन इमाम, कृष्ण मुरारी, अजीत कुमार अमरितेश कुमार ,लोकेश कुमार, समेत सभी अधिवक्ता शामिल रहे।

### नाबालिग के साथ दुष्कर्म का प्रयास

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना क्षेत्र के एक गांव में एक नाबालिक 14 वर्षीय किशोरी के साथ उसी गांव के तीन मनचले युवकों ने दुष्कर्म करने का प्रयास किया। हालांकि इस दौरान नाबालिक किशोरी के हो हल्ला पर उसकी अस्मत बच गई। और तीनों बदमाश वहां से फरार हो गए। बताया जाता है कि 14 वर्षीय किशोरी रविवार की शाम मसौढ़ी के सरवां गांव स्थित एक मैरिज हॉल में किसी शादी समारोह में शामिल होने जा रही थी।

जिसे अकेले देख तीनों लड़के उसी रास्ते से गुजर रहे थे और उन तीनों ने सन्नाटा देखते हुए उसे पकड़ लिया पकड़ कर जोर जबरदस्ती करने लगे और उसके साथ दुर्व्यवहार करना चाहा लेकिन तभी किशोरी ने शोर मचा दिया जिससे सभी युवक डर कर वहां से भाग गए, घटना के बाद पीड़िता की मां के बयान पर उसी के गांव के सुमित कुमार अमित कुमार समेत अन्य के खिलाफ धनरूआ थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है।पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## पशु चिकित्सा सह जागरूकता शिविर का आयोजन, मुफ्त में दवा का किया गया वितरण, 200 पशुओं का हुआ इलाज





**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी प्रखंड के लखनौर गांव में जीविका एवं पशुपालन विभाग के संयुक्त प्रयास से पशु स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया. इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रभाकर कुमार, प्रखंड परियोजना पदाधिकारी दिग्विजय नारायण समदर्शी एवं पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ संजीव के द्वारा इस शिविर का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया गया. बीडीओ ने पशु शिविर के कुछ महत्पूर्ण जानकारी देते हुए पशुपालकों को बताया गया कि इस समय पशु को अच्छे से ध्यान रखें और उचित पोषण दें. इसके साथ ही समय समय पर पशु के स्वास्थ्य का ख्याल भी रखें. इस शिविर में पशुपालन विभाग के डॉक्टरों ने पशुओं की देखभाल करने, मुंह पका, खुरपा रोग, गर्भधारण अन्य जरूरी बातें जैसे समेत समय-समय पर पानी, मिनिरल, कृमिनासक दवा और पशुचिकित्सक से चिकित्सीय सलाह लेने की सलाह दी. इस शिविर में 205 जीविका दीदियों एवं पशुपालकों ने अपने 200 से अधिक मवेशियों की जांच कराई. इस अवसर पर पशुओं का निःशुल्क इलाज एवं निःशुल्क दवा एवं मिनरल मिक्चर का वितरण किया गया. इसके साथ ही पशुपालकों को आवास प्रबंधन एवं अन्य पशुपालन गतिविधियों पर जागरूक किया गया. यह शिविर जीविका द्वारा निःशुल्क आयोजित किया गया और इसमें विशेषज्ञ डॉक्टर द्वारा पशुओं से संबंधित हर प्रकार की बीमारी की जांच की गई. इस मौके पर जीवकोपार्जन विशेषज्ञ युसूफ सिद्दीकी, कोऑर्डिनेटर श्वेता कुमारी के अलावा डॉ रौशन कुमार, डॉ आदिल कुमार समेत कई कर्मचारी उपस्थित रहे।

CMYK

# देव चैती छठ मेला की तैयारियों को लेकर डीएम ने की बैठक

## 48 स्थानों पर बनेगा ड्राप गेट, श्रद्धालुओं के आवासन के लिए पांच स्थलों को किया गया चिह्नित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** चैती छठ मेला की तैयारी एवं विधि व्यवस्था के मद्देनजर समाहरणालय के योजना भवन के सभाकक्ष में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के अध्यक्षता में सभी जिलास्तरीय एवं देव प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। डीएम ने बताया कि जिले के देव प्रखंड में पौराणिक सूर्य मंदिर होने के कारण आस्था का पर्व छठ बड़े ही श्रद्धा भक्ति एवं आस्था के साथ मानाया जाता है। देव मेला के सफल आयोजन में मेला क्षेत्र में विधि व्यवस्था बनाए रखने एवं श्रद्धालु भक्तों को समुचित सुविधा प्रदान करने की स्थानीय लोगों की भागीदारी भी अपेक्षित है। बैठक में सर्वसम्मति से छठ मेला का उदघाटन जिले के प्रभारी मंत्री डॉ संतोष सुमन तथा मुख्य अतिथि के रूप में भूमि सुधार एवं राजस्व विभाग के मंत्री विजय कुमार सिन्हा को आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया। व्रतियों एवं श्रद्धालुओं के आवासन हेतु मेला क्षेत्र में कुल 05 स्थलों को चिन्हित किया गया है। इनमें राजा जगन्नाथ उच्च विद्यालय के पश्चिम का भाग, थाना परिसर के समीप, संत विजय दास धर्मशाला बहुआरा मोड, सूर्यकुंड तालाब के पूर्व एवं हाजी नगर के पूर्व मस्जिद रोड के पास शामिल हैं। इन स्थलों पर टेंट, पंडाल,



लाइटिंग, जनरेटर, दरी आदि की संपूर्ण व्यवस्था बीआरबीसीएल नबीनगर, एनपटीपीसी नबीनगर, श्री सीमेंट औरंगाबाद, पंजाब नेशनल बैंक औरंगाबाद, भारतीय स्टेट बैंक औरंगाबाद, इंडियन बैंक औरंगाबाद, आईसीआईसीआई बैंक औरंगाबाद, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, एचडीएफसी बैंक औरंगाबाद औरंगाबाद एवं अंचल अधिकारी औरंगाबाद के सहयोग से कराई जाएगी। मेला परिसर के चिन्हित स्थलों पर बैरिकेडिंग एवं ड्राप गेट स्थलों को चिन्हित कर कल 48 स्थान पर ड्रॉप गेट बनाया जाएगा। देव के आसपास जोड़ने वाले सभी मार्गों की मरम्मति कार्य तत्काल पूर्ण करने हेतु संबंधित कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि श्रद्धालुओं के आवागमन में किसी प्रकार की कठिनाई न हो, इसके लिए सभी मार्गों को दुरुस्त करना अनिवार्य है। मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु पर्याप्त संख्या में पुलिस बल, विशेषकर महिला पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। स्थायी एवं अस्थायी अतिक्रमणों को चिह्नित कर अभिलंब हटाने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया गया। विधि व्यवस्था प्रबंधन समिति का गठन किया गया है, जिसमें अनुमंडल पदाधिकारी औरंगाबाद एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी औरंगाबाद को दायित्व सौंपा गया है। लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग को निर्देश दिया गया है कि बंद पड़े चापाकलों की मरम्मती की जाए तथा मेला अवधि में 24 घंटे पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। चिकित्सा सुविधा हेतु सिविल सर्जन औरंगाबाद को निर्देश दिया गया। मेला अवधि में वाहनों की भारी आवाजाही को देखते हुए यातायात प्रबंधन समिति का गठन किया गया है। इस समिति में जिला परिवहन पदाधिकारी तथा अन्य संबंधित पदाधिकारी को दायित्व सौंपा गया है। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि पर्याप्त पार्किंग स्थल चिह्नित कर वाहनों की सुव्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मेला क्षेत्र में अग्निशामक वाहनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु अग्निशमन विभाग को निर्देशित किया गया है। आकस्मिक परिस्थितियों से निपटने हेतु एनडीआरएफ एवं एसडीआरएफ की टीम को प्रतिनियुक्त करने हेतु आपदा प्रबंधन विभाग से अनुरोध किया जाएगा। दोनों सूर्यकुंड तालाबों के पास पर्याप्त संख्या में लाइफ जैकेट, गोताखोर, जाल एवं अन्य सुरक्षा उपकरण की व्यवस्था भी अनिवार्य रूप से की जाएगी। मेला क्षेत्र के प्रमुख स्थानों, सूर्य मंदिर के गर्भगृह एवं अर्घ्य स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए जाएंगे। साथ ही, मेला क्षेत्र में नियंत्रण कक्ष की स्थापना की जाएगी, जिसमें एक दंडाधिकारी एवं एक पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, अपार समाहर्ता आपदा उपेंद्र पंडित, अपार समाहर्ता जिला लोक शिकायत निवारण जयप्रकाश नारायण, अपर समाहर्ता विशेष शाखा मोहम्मद सादुल हसन खा, सदर एसडीओ संतन कुमार सिंह सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# औरंगाबाद-नबीनगर पथ पर ब्रेकरों से होती है परेशानी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** माली से नबीनगर जाने वाला मुख्य पथ पर ब्रेकर होने से इन दिनों ग्रामीणों को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। बता दें कि करीब 30 किमी लंबी सड़क पर जगह-जगह बने अवैध व अनियंत्रित ब्रेकर व उभरे गड्ढों से आवागमन करने में परेशानी हो रही है। हालत यह है कि वाहन चालकों को 100 मीटर पर ब्रेक लगाना पड़ता है जिससे समय की बर्बादी होने के साथ दुर्घटनाओं का भी खतरा बढ़ जाता है। माली गांव निवासी प्रिंस कुमार, विवेक कुमार, सचिन कुमार बताते हैं कि 30 किमी की दूरी में करीब 80 से अधिक ब्रेकर है जिसमें से अधिकांश न तो मानक के अनुरूप हैं और न ही उन पर किसी तरह का संकेतक या चेतावनी बोर्ड लगाया गया है। रात्रि के समय स्थिति और भी भयावत हो जाती है। जब अंधेरे में ब्रेकर दिखाई नहीं देते और तेज रफ्तार वाहन अचानक से उछल जाते हैं। जिससे दोपहिया वाहन चालकों, बुजुर्गो व मरीजों को काफी परेशानी झेलनी पड़ती है। सड़क पर जगह-जगह उभरे गड्ढों यात्रियों की मुश्किलें बढ़ा रहे हैं। वहीं बारिश के मौसम के बाद कई स्थानों पर सड़क की परत उखड़ गई है परंतु अबतक मरम्मत नहीं कराया गया है। गड्ढों और ब्रेकर के दोहरे संकट के कारण बस, ऑटों और निजी वाहनों की रफ्तार धीमी हो गई है जिससे औरंगाबाद से नबीनगर पहुंचने में जहां पहले कम समय लगता था और अब यात्रियों को देर लग रही है। यात्रियों का कहना है कि सड़क की हालत काफी खराब है। यहां तक एंबुलेंस और आपातकालीन सेवाओं को इस मार्ग पर काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मरीजों को अस्पताल पहुंचाने में में देरी होना गंभीर चिंता का विषय बन गया है।


**e-Procurement Cell**
**Office of the Executive Engineer,**
**Building Construction Department, Building Division, Daltonganj,**
**e-Procurement Notice**
(Short Notice)
**Tender Ref. No.-32/E.E.,BCD/Building Div. Daltonganj/2025-26-Date: 09.03.2026**

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | Renovation of Honourable Principal District Judge, Palamu Residence with fully sanitary fittings and electrification at daltonganj, Palamu. | 53,33,700 | 03 Months |
| i | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 18-03-2026 | |
| ii | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 25-03-2026 को अपराह्न 3:00 बजे | |
| iii | निविदा खोलने की तिथि/समय | 28-03-2026 को अपराह्न 3:00 बजे | |
| iv | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | Office of the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division, Daltonganj | |
| v | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 9430783582 | |
| vi | ई-प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 9529503499 | |

• इस निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना/बदलाव/संशोधन का अवलोकन http://jharkhandtenders.gov.in पर किया जा सकता है।

**Nodal Officer,**
e-Procurement Cell,
Office of the Executive Engineer,
Building Construction Department,
Building Division, Daltonganj

PR 374497 Building(25-26)D


# शादी की नीयत से युवती का अपहरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज थाना क्षेत्र के ढोसिला पंचायत के एक गांव से एक युवती के अपहरण का मामला सोमवार को सामने आया है। युवती की नानी ने गांव के ही एक युवक पर शादी की नीयत से अपहरण करने का आरोप लगाया है। मिली जानकारी के अनुसार युवती अपनी नानी के घर रहकर पढ़ाई करती थी। परिजनों के मुताबिक 7 मार्च 2026 की रात करीब 1 बजे से वह अचानक घर से गायब हो गई। काफी खोजबीन के बाद भी युवती का कोई सुराग नहीं मिला। युवती की नानी ने गांव के शिव कुमार दास के पुत्र अजीत कुमार पर शादी की नीयत से अपहरण करने का आरोप लगाया है। इस संबंध में रफीगंज थाना अध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि मामले में शिकायत दर्ज कराई गई है। फिलहाल पुलिस युवती की तलाश में लगी हुई है।

## पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपित को किया गिरफ्तार

**रफीगंज (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना कांड संख्या 653/24 में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पोक्सो एक्ट एवं आईटी एक्ट के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अभियुक्त गया जिला के आंती थाना क्षेत्र के विरनामा गांव निवासी सुरेन्द्र कुमार उर्फ बाहु कुमार है। पुलिस के अनुसार आरोपी पर दुष्कर्म से संबंधित मामला दर्ज था। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।
रफीगंज थाना पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त को जेल भेज कर मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

# प्राथमिक विद्यालय दशवतखाप की स्थिति बदहाल

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिले के सरकारी विद्यालयों का हाल बेहाल है। कमरों की स्थिति जर्जर है परंतु विभाग का ध्यान नहीं है। स्थिति यह है कि भवन के अभाव में छात्र-छात्राएं किसी तरह बैठकर शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। मदनपुर प्रखंड के राजकीय कन्या प्राथमिक विद्यालय दशवतखांप छत जर्जर है। वर्षा के दिनों में छात्रों की पढ़ाई नहीं हो पाती है। जिसके कारण छात्रों की पढ़ाई नहीं हो पाती है। विद्यालय का छत कब गिर जाए कहां नहीं जा सकता। विद्यालय में पांचवीं कक्षा तक की पढ़ाई होती है। दो कमरों में विद्यालय संचालित है। ग्रामीणों ने बताया कि 40 वर्ष पहले भवन निर्माण हुआ था जो अब पूरी तरह से जर्जर हो गया है। भवन के अभाव में एक कमरे में वर्ग प्रथम व द्बितीय एवं दूसरे कमरे में तीन से पांच वर्ग के छात्र-छात्राओं को शिक्षा दी जाती है। बता दें कि जिस कमरे में छात्र-छात्रा बैठकर पढ़ते हैं उसी में कार्यालय है।


**झारखण्ड स्टेट फौरेस्ट डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लि०**
**Jharkhand State Forest Development Corporation Ltd.**
**(A Govt. of Jharkhand undertaking )E-mail ID dm.daltan_jsfdc@yahoo.co.in**
**कार्यालयः प्रमण्डलीय प्रबंधक,लघु वन पदार्थ परियोजना प्रमण्डल डालटनगंज,पलामू**

**आवश्यक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वन निगम मुख्यालय रॉची के निदेशानुसार लघु वन पदार्थ परियोजना प्रमण्डल, डालटनगंज अन्तर्गत डालटनगंज स्थित चैनपुर वनागार, चैनपुर में भण्डारित विभिन्न प्रजाति के प्रकाष्ठ एवं जलावन की बिक्री आम नीलामी द्वारा की जायेगी। नीलामी में रखे गये प्रकाष्ठ प्रचयों की सूची प्रमण्डलीय कार्यालय, डालटनगंज से प्राप्त कर अवलोकन किया जा सकता हैं। वनागार में आम नीलामी की तिथि निम्नवत् हैः–

| वनागार का नाम | समय | मार्च– 2026 |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| चैनपुर वनागार चैनपुर | प्रारम्भ 11:00 बजे पूर्वाह्न से 1:00 बजे अपराह्न तक। | 18-03-2026 |

नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति/व्यक्तियों/कम्पनियों को गेट मनी के रूप में 5000.00 रू0 (पॉच हजार ) रूपया नगद नीलामी में भाग लेने के पूर्व गेट पर जमा करना होगा । नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति/व्यक्तियों/कम्पनियों को पैन कार्ड,जी0एस0टी0 एवं आधार कार्ड की छाया प्रति जमा करना होगा।

ह0/
प्रमण्डलीय प्रबन्धक
लघु वन पदार्थ परियोजना प्रमण्डल,डालटनगंज

PR 374513 District(25-26).D


## शैक्षणिक परिभ्रमण पर बोधगया गए हसनपुरा के छात्र

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मध्य विद्यालय हसनपुरा के छात्रों ने शैक्षणिक परिभ्रमण पर रवाना हुए। परिभ्रमण दल को हरी झंडी दिखाकर प्रधानाध्यापक नवल सिंह ने रवाना किया। प्रधानाध्यापक ने छात्रों को उज्जवल भविष्य की कामना की। कहा कि शैक्षणिक परिभ्रमण छात्रों के हित में काफी उपयोगी है। इस परिभ्रमण से छात्रों को हर जगहों की जानकारी प्राप्त होगी। ऐसे भी सरकार गुणात्मक शिक्षा को ले दृढ़ संकल्पित है। सरकार द्वारा छात्रों को बेहतर शिक्षा हेतु छात्रवृत्ति पोशाक के साथ मध्यान भोजन भी उपलब्ध करा रही है ताकि छात्रों को बौद्धिक एवं मानसिक विकास हो सके। इस मौके पर शिक्षक निरंजन कुमार, बबन राम, शिवप्रकाश जी समेत अन्य शिक्षक भी उपस्थित रहे।

# किसान गोष्ठी में मशरूम उत्पादन बढ़ाने पर दिया गया जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित ई-किसान भवन के प्रांगण में सोमवार को एक दिवसीय किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमार अश्वनी कुमार, प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी अरुण कुमार सिंह, प्रखंड कृषि पदाधिकारी अमृता कुमारी मौर्य तथा विधायक प्रतिनिधि विनोद कुमार सिंह, जदयू नेता विजय विश्कर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।
कार्यक्रम का संचालन प्रखंड तकनीकी प्रबंधक प्रेम रंजन ने किया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमार अश्वनी कुमार ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए पारंपरिक खेती के साथ-साथ वैकल्पिक खेती को अपनाना जरूरी है। उन्होंने विशेष रूप से मशरूम उत्पादन को बढ़ावा देने की बात कही और बताया कि कम लागत में मशरूम की खेती कर किसान अच्छी आमदनी प्राप्त




कर सकते हैं। वहीं प्रखंड कृषि पदाधिकारी अमृता कुमारी मौर्य ने किसानों को कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने आधुनिक खेती की नई तकनीकी प्रणालियों, उन्नत बीज, फसल सुरक्षा एवं सरकारी अनुदान योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया और किसानों से इन योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि विनोद कुमार सिंह ने कहा कि राज्य सरकार किसानों की समृद्धि के लिए लगातार नई योजनाएं चला रही है। उन्होंने कहा कि किसानों को जागरूक होकर आधुनिक तकनीक अपनानी चाहिए ताकि उत्पादन बढ़े और उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हो। उन्होंने आश्वासन दिया कि किसानों की समस्याओं को सरकार और जनप्रतिनिधियों तक पहुंचाकर समाधान कराने का प्रयास किया जाएगा। गोष्ठी में क्षेत्र के सैकड़ों किसान उपस्थित रहे और कृषि से जुड़े विभिन्न विषयों पर जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर कृषि सलाहकार मनोज कुमार, भूदेव सिंह, राकेश प्रजापति, मनिंद्र कुमार, प्रेम कुमार सहित कई किसान मौजूद रहे।


**कार्यालय,कृषि उत्पादन बाजार समिति,डालटनगंज (पलामू)**

**इच्छा की अभिव्यक्ति**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कृषि उत्पादन बाजार समिति, डालटनगंज अंतर्गत मुख्य बाजार प्रांगण, बैरिया में पूर्व से निर्मित बैंक भवन को भारतीय स्टेट बैंक, कृषि बाजार प्रांगण, नरसंडा शाखा द्वारा खाली कर दिया गया है, जिसे समिति द्वारा पुनः अन्य बैंको/सरकारी संस्थाओं को समिति के राजस्व हित में आवंटित किया जाना है। बैंक भवन का कुल क्षेत्रफल 1715 वर्गफीट है तथा किराया 05.00 (पाँच) रू0 प्रति वर्गफीट की दर से प्रतिमाह निर्धारित है साथ ही उक्त बैंक भवन कहीं–कहीं से क्षतिग्रस्त है जिसे आवंटी द्वारा अपने व्यय से मरम्मति कराना होगा।
यदि कोई भी इच्छुक बैंक/सरकारी संस्थान उक्त बैंक भवन का मरम्मति कराकर उपयोग करने हेतु इच्छुक है, तो वैसे बैंक/सरकारी संस्थानों से दिनांक – 17.03.2026 तक आवेदन आमंत्रित किए जातें है।
इच्छुक बैंक/सरकारी संस्थान अपना–अपना आवेदन दिनांक–17.03.2026 तक बाजार समिति, डालटनगंज के कार्यालय में कार्यालय समयावधि में समर्पित कर सकते है। उक्त बैंक भवन के मरम्मति हेतू खर्च की गई राशि किसी भी स्वरूप में बाजार समिति, डालटनगंज द्वारा वापस नहीं की जाएगी एवं उक्त खर्च की गई राशि पर कोई दावा भी मान्य नहीं होगा।
प्राप्त आवेदन के अनुसार पर्षदीय निदेशानुसार निर्धारित नियम एवं शर्त्त के आलोक में उक्त बैंक भवन के आवंटन की प्रक्रिया अपनायी जाएगी तथा किसी भी आवेदन को अस्वीकृत/रद्द करने का अधिकार समिति/पर्षद को सुरक्षित रहेगा। अधिक जानकारी हेतु बाजार समिति, कार्यालय से कार्यालय समयावधि में संपर्क किया जा सकता है।

पणन सचिव
कृषि उत्पादन बाजार समिति,
डालटनगंज (पलामू)

PR 374487 (District)25-26*D


# दूबे क्लिनिक में सेक्स समस्याओं का अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर इलाज : डा. सुनील

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** प्रसिद्ध आयुर्वेदाचार्य एवं शहर के लंगरटोली स्थित दूबे क्लिनिक के निदेशक डॉ. सुनील कुमार दूबे (गुप्त एवं यौन रोग विशेषज्ञ) ने कहा है कि दूबे क्लिनिक में सेक्स समस्याओं का अन्तर्राष्ट्रीय स्तर का इलाज होता है। उन्होंने आगे कहा कि दूबे क्लिनिक आइएसओ प्रमाणित है। यहाँ इलाज के अतिरिक्त बीमारियों पर डॉक्टरों की टीम लगातार शोध करती है। दवाएँ वह अपनी देखरेख में विशुद्ध जड़ी-बूटियों, रस-रसायन एवं भष्मों से बनवाते हैं जिनका कोई साइड इफ़ेक्ट नहीं है। यहाँ तक कि मधुमेह, हृदयरोग एवं अन्य बीमारियों से ग्रसित मरीज भी इनका बेधड़क इस्तेमाल कर सकते हैं। दूबे क्लिनिक लगातार 50 वर्षों से आयुर्वेद के क्षेत्र में सक्रिय है। लाखों मरीज यहाँ से स्वस्थ होकर सुखी पारिवारिक जीवन व्यतीत कर रहे हैं। डॉ. दूबे ने आगे कहा कि गुप्त एवं यौन रोगों का इलाज आज



एक बड़े बाजार के रूप में परिवर्तित हो गया है। इलाज के नाम पर गलत ढंग से लोगों का इलाज किया जा रहा है। गुप्त एवं यौन रोगों के बारे में काफी भय एवं गोपनीयता बरती जाती है। इसलिए इस संबंध में काफी भ्रांतियां भी है। डॉ. दूबे ने आगे कहा कि भ्रांतियों का प्रमुख कारण झोला छाप डॉक्टर एवं फर्जी सेक्सोलॉजिस्ट हैं, जिन्हें गुप्त एवं यौन रोगों के कारणों की पर्याप्त जानकारी ही नहीं होती है। वैसे भी सेक्स भारत में एक वर्जित विषय है, जिसके बारे में खुलेतौर पर कोई चर्चा नहीं की जाती है। इसी कारण से सेक्स के संबंध में आम लोगों के बीच प्रमाणिक जानकारी का अभाव है। दूसरी ओर आधुनिक जीवन शैली, मधुमेह, शराब एवं मादक पदार्थों का सेवन, तनाव, हृदय रोग, काम का अत्यधिक दबाव, धूम्रपान एवं उचित खानपान के अभाव में बहुत सारे लोग विभिन्न प्रकार के सेक्स समस्याओं से पीड़ित हैं। शर्म के कारण ऐसे लोग अपनी समस्या के बारे में न तो किसी को कुछ बताते हैं और न चिकित्सक से सम्पर्क करते हैं। नीम-हकीम एवं झोला छाप डॉक्टरों के चक्कर में अपना पैसा और स्वास्थ्य दोनों बर्बाद करते हैं।
डॉ. दूबे ने आगे कहा कि इस संबंध में इंटरनेट पर जानकारी उपलब्ध है, लेकिन सही जानकारी के साथ ही गलत और भ्रामक जानकारियाँ भी उपलब्ध है। आम आदमी यह तय ही नहीं कर पाता कि इनमें से कौन सी जानकारी सही एवं कौन-सी गलत है।

# झूलते बिजली के तारों से परेशानी


**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**औरंगाबाद।** जिले के ओबरा प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय अरंडा के रास्ते में झूलती हुई बिजली की तार छात्रों और ग्रामीणों के लिए खतरा बन गई है। यह जर्जर तार करंट से प्रभावित है जिसके नीचे से विद्यालय जाने वाले छात्र गुजरते हैं। इससे छात्रों पर तार टूटकर गिरने का खतरा बना रहता है। बिजली तार के टूटने से होने वाले हादसों की आशंका ने अभिभावकों को चिंतित कर रखा है। विशेषकर बरसात के दिनों में। इस क्रम में छात्र, शिक्षक और अभिभावक सभी बिजली तार की चपेट में आने से भयभीत रहते हैं। यह समस्या कई वर्षो से बनी हुई है। विद्यालय के शिक्षकों ने विभाग को इस बारे में सूचित किया है परंतु विभाग ने अबतक कोई कार्रवाई नहीं की है। ग्रामीणों का कहना है कि कोई घटना झघटने के बाद ही अधिकारी सजग होंगे। शिक्षकों ने बताया कि 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन तार झूल रही है और विद्यालय के समीप प्राथमिक स्वास्थ्य कें द्र भी है। छात्र, मरीज और ग्रामीण सभी इस खतरे से गुजरते हैं। ग्रामीण के अनुसार विभाग को इस स्थिति के बारे में ध्यान आकृष्ट कराया गया है। शिक्षक धीरेंद्र कुमार शर्मा ने कहा कि बिजली विभाग को सूचना दी गई थी परंतु कोई कार्रवाई नहीं हुई। विद्युत विभाग के कनीय अभियंता ने बताया कि उन्हें इस संबंध में कोई सूचना नहीं मिली है परंतु सूचना मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।


**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा**

**आवश्यक सूचना।**
**(नोटिस)**


Court of Sri A. Kachchap ACJM Nagar Untari
Schedule XLIII - High Court (M) 31C, [Old Criminal Process No. 4]
PROCLAMATION REQUIRING THE APPEARANCE OF A PERSON ACCUSED
[Form No. 4 Schedule II Act 2 1974.]
(Section 82 of the Code of Criminal Procedure.)
एक मलजम शखस को हाजिर करने का इश्तिहार।
Alok Vishwakarma S/o- Ramraj Vishwakarma Vill- Papi Karki Miner PS- Karma Distt- Sonbhadra (U.P.)
U/s- 69, 126(2), 115(2), 351(2) BNS.
05th Feb 2026
C.J.M. - ACJM
Printed by : Prisoners of L.J.N. Central Jail, Hazaribag.

नाम–(1) आलोक विश्वकर्मा, पिता–रामराज विश्वकर्मा, सा0–पापी करकी माईनर, थाना–करमा, जिला–सोनभद्र, उतर प्रदेश आपको सूचित किया जाता है कि आप महिला थाना नगरउंटारी कांड सं0–34/2025, दिनांक–09.11.2025 धारा–69, 126(2), 115(2), 351(2) बी0एन0एस0 के प्राथमिकी अभियुक्त हैं। आप उक्त काण्ड में अबतक फिरार चल रहे है। आपके विरूद्ध माननीय न्यायालय, श्री अरविन्द कच्छप अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, नगर उंटारी कोर्ट, जिला–गढ़वा, झारखण्ड के द्वारा दिनांक–05.02.2026 को इश्तिहार निर्गत किया गया है। दिनांक–27.03.2026 को आपके घर पर उक्त इश्तिहार का विधिवत तामिला किया गया। परन्तु आप अपने घर से फिरार चल रहे हैं। उक्त इश्तिहार में आपको दिनांक–27.03.2026 तक माननीय न्यायालय, श्री अरविन्द कच्छप अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, नगर उंटारी कोर्ट, जिला–गढ़वा, झारखण्ड के न्यायालय में आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया गया है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि आप दिनांक–27.03.2026 तक माननीय न्यायालय, श्री अरविन्द कच्छप अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, नगर उंटारी कोर्ट, जिला–गढ़वा, झारखण्ड के न्यायालय में आत्मसमर्पण करना सुनिश्चित करें।

पुलिस अधीक्षक, गढ़वा।

PR.NO.374411 Police(25-26):D

# सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की मिली धमकी, परिसर में हाई अलर्ट

## ई मेल से आया था संदेश, डॉग स्कवैड व बम निरोधक दस्ता कर रहा जांच

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बेगूसराय।** सोमवार को जिला सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप मच गया। सोमवार देर रात 12:42 बजे एक सनसनीखेज ई-मेल के जरिए जिला न्यायालय को धमकी भेजी गई। जिसमें कोर्ट परिसर और जज के चैंबर में बम लगाए जाने का दावा किया गया है। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन ने पूरे कोर्ट परिसर को सुरक्षा घेरे में लेकर सघन जांच शुरू कर दी है। धमकी भरे ई-मेल में दावा किया गया है कि कोर्ट परिसर और जज के चैंबर में सायनाइड गैस से भरे 14 बम रखे गए हैं। जो सोमवार दोपहर 1 बजे से पहले कभी भी फट सकते हैं। मेल में लोगों को तुरंत परिसर खाली करने की चेतावनी भी दी गई है। धमकी की सूचना मिलते ही एसपी मनीष खुद सिविल कोर्ट परिसर पहुंचे और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उनके नेतृत्व में बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वॉड की टीम पूरे कोर्ट परिसर में सघन तलाशी अभियान चला रही है।कोर्ट के सभी भवनों, जजों के चैंबर, कार्यालयों और आसपास के इलाकों की बारीकी से जांच की जा रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए सदर डीएसपी आनंद कुमार पांडे और साइबर डीएसपी इमरान अहमद भी कोर्ट परिसर पहुंच गए हैं और जांच की निगरानी कर रहे हैं। पुलिस टीम द्वारा कोर्ट परिसर के चप्पे-चप्पे की तलाशी ली जा रही है और किसी भी संदिग्ध वस्तु या गतिविधि पर विशेष नजर रखी जा रही है। घटना के बाद कोर्ट परिसर में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है। मुख्य प्रवेश द्वार पर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है और कोर्ट में आने-जाने वाले वकीलों, कर्मचारियों और आम लोगों की सघन जांच की जा रही है। साथ ही कोर्ट परिसर के बाहर और आसपास के इलाकों में भी पुलिस गश्त बढ़ा दी गई है ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोका जा सके। गौरतलब है कि इससे पहले 28 जनवरी को भी बेगूसराय सिविल कोर्ट को ई-मेल के माध्यम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। उस समय भी कोर्ट परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया था और कुछ समय के लिए न्यायिक कार्य प्रभावित हुआ था।

**साइबर टीम कर रही जांच**

फिलहाल पुलिस और साइबर टीम ई-मेल भेजने वाले की पहचान करने में जुटी हुई है। सुरक्षा एजेंसियां इस पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच कर रही हैं। अधिकारियों का कहना है कि अभी तक कोई संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई है, लेकिन सुरक्षा के लिहाज से तलाशी अभियान जारी है। प्रशासन ने लोगों से अफवाहों से बचने और सतर्क रहने की अपील की है।

# निदेशक ने की जीविका के कार्यों की समीक्षा

## कार्यों में गति लाने का दिया निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बेगूसराय।** जीविका के निदेशक रामनिरंजन सिंह ने सोमवार को जिले में संचालित जीविका की विभिन्न गतिविधियों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जिले में चल रहे कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा डीपीसीयू सभागार में की। उन्होंने संबंधित प्रबंधकों को कार्यों में और अधिक गति लाने एवं लक्ष्य को ससमय पूरा करने का निर्देश दिया। जीविका के जिला परियोजना प्रबंधक अविनाश कुमार जिले में संचालित जीविका की विभिन्न गतिविधियों एवं उपलब्धियों से निदेशक को अवगत कराया। निरीक्षण के क्रम में निदेशक ने स्वयं सहायता समूहों की गतिविधियों, आजीविका संवर्धन से जुड़े कार्यों तथा समुदाय स्तर पर संचालित विभिन्न पहलों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जीविका के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक और सामाजिक सशक्तीकरण की दिशा में लगातार कार्य हो रहा है, इसलिए सभी संबंधित कर्मियों को पूरी प्रतिबद्धता के साथ योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर ध्यान देना चाहिए। मौके पर मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना को एक क्रांतिकारी कदम बताते हुए कहा कि आने वाले दिनों में औद्योगिक क्रांति का कारण बनेगा। उन्होंने अधिकारियों और कर्मियों से वित्तीय प्रबंधन की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि समूहों को आत्मनिर्भर बनाने तथा योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक जरूरतमंद परिवारों तक पहुंचाने के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक है। साथ ही उन्होंने क्षेत्र में बेहतर समन्वय के साथ कार्य करते हुए निर्धारित लक्ष्यों को समय पर पूरा करने पर बल दिया। ब्लॉक मेंटर की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए निदेशक ने लगातार क्षेत्र भ्रमण पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान निदेशक ने दीदी की रसोई, डीपीसीयू, दीदी का सिलाई घर आदि का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर जीविका के जिला स्तरीय प्रबंधक, अन्य अधिकारीगण एवं कर्मी उपस्थित थे।

# जनगणना को लेकर कर्मियों को दी गई ट्रेनिंग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** जनगणना कार्य निदेशालय पटना के निदेशानुसार भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण (मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना) के सफल संचालन हेतु जिला पदाधिकारी सह प्रधान जनगणना पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के मार्गदर्शन में मंगलवार से जिले के डीआरडीए सभागार में जिला चार्ज स्तर के अधिकारियों एवं कर्मियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम तीन अलग-अलग बैचों में 9 मार्च से 17 मार्च तक आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण प्रतिदिन प्रातः 9:30 बजे से सायं 6 बजे तक संचालित होगा। प्रशिक्षण निदेशालय द्वारा प्राधिकृत जिला नोडल प्रशिक्षक अमर ज्योति कुमार एवं प्रशिक्षक श्वेता सिन्हा द्वारा प्रशिक्षण में उपस्थित कर्मियों को जनगणना कार्य के विभिन्न तकनीकी एवं प्रक्रियात्मक पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। नोडल अधिकारी द्वारा बताया गया कि इस बार भारत की जनगणना का कार्य पूर्णतः डिजिटल माध्यम से पूर्ण किया जाएगा, उन्होंने बताया कि जनगणना दो चरणों में आयोजित होगा। प्रथम चरण में मकान सूचिकरण एवं मकानों की गणना 2 मई से 31 मई (कुल 30 दिन) तक किया जाएगा एवं द्वितीय चरण में वास्तविक परिगणना 9 फरवरी से 28 फरवरी 2027 को किया जाएगा।उन्होंने बताया कि इस बार सामान्य नागरिक के द्वारा स्वगणना पोर्टल से भी स्वगणना कर सकते है। इसके लिए 17 अप्रैल से 1मई तक की अवधि निर्धारित की गई है। प्रशिक्षण के प्रथम बैच में जिला स्तर के कुल 64 कर्मियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, ताकि वे जनगणना के प्रथम चरण के कार्यों का प्रभावी एवं त्रुटिरहित क्रियान्वयन सुनिश्चित कर सकें। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, बेगूसराय-सह-नोडल पदाधिकारी, जनगणना प्रशिक्षण कोषांग द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देशित किया गया कि वे निर्धारित तिथि एवं समय पर प्रशिक्षण में अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर जनगणना कार्य के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य जनगणना 2027 के प्रथम चरण के कार्यों को समयबद्ध, सटीक एवं त्रुटिरहित तरीके से संपन्न कराना है। मौके पर वरीय उप समाहर्ता सह अपर जिला जनगणना अधिकारी सुश्री पूजा कुमारी, जिला नियोजन पदाधिकारी, सहायक सांख्यिकी पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य केन्द्र में 66 महिलाओं का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

## तीन महिलाएं पाई गईं एनीमिया से पीड़ित, एक में हुई हेपिटाइटिस बी की पुष्टि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना के तहत स्वास्थ्य केंद्र, नावकोठी में गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की गई। इस दौरान कुल 66 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जांच के क्रम में तीन महिलाएं एनीमिया से पीड़ित पाई गईं, जबकि एक महिला में हेपेटाइटिस बी की पुष्टि हुई। चिकित्सकों ने सभी गर्भवती महिलाओं को आवश्यक उपचार एवं विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी।जांच के दौरान गर्भवती महिलाओं का रक्तचाप, हीमोग्लोबिन, वजन, ब्लड शुगर सहित अन्य आवश्यक जांचें की गईं। चिकित्सकों ने महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान संतुलित आहार लेने, समय पर जांच कराने तथा नियमित रूप से दवा लेने के प्रति जागरूक किया। मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राजीव रंजन चौधरी, डॉ नीतिन कुमार एवं डॉक्टर योगिता ने बताया कि जांच में चिन्हित मरीजों को आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई गईं तथा उन्हें आगे की चिकित्सा सुविधा के लिए परामर्श भी दिया गया। जांच शिविर में गर्भवती महिलाओं को पीने के लिए पानी की अव्यवस्था पाई गई।साथ ही साथ जिलाधिकारी के निर्देश पर गर्भवती महिलाओं को नाश्ता देने का प्रावधान किया गया था। जो कि इस शिविर में किसी भी लाभुको को नाश्ता देते नहीं देखा गया। इस मौके पर एलटी पंकज जोशी, सी एच ओ सूर्य भूषण,राजा कुमार, जुली कुमारी, प्रियदर्शनी कुमारी, भारती कुमारी एएनएम शशि कला, सुधीरा, मंचन, मीना, शालिनी सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी एवं आशा मौजूद थी।

### 17 महिलाओं का किया गया बंध्याकरण

**नावकोठी।** प्रखण्ड क्षेत्र के परिवार कल्याण कार्यक्रम के तहत हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर सह अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र देवपुरा में सोमवार को बंध्याकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में महिला सर्जन डा शोभा रानी ने 17 महिलाओं का सफलता पूर्वक बंध्याकरण किया। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ राजीव रंजन चौधरी ने बताया कि ऑपरेशन से पूर्व हेमोग्लोबीन, डायबिटीज, ब्लडप्रेशर सहित अन्य पैथोलॉजिकल जांच एल टी पंकज कुमार जोशी ने किया।ऑपरेशन उपरांत आवश्यक दवा एवं परामर्श दिया गया।मौके पर डा हिमांशु, फर्मासिस्ट नवीन कुमार, जीएनएम सुमन रानी एएनएम प्रियंका कुमारी, सदानंद भारती, सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

# सैकड़ों गर्भवतियों की हुई एएनसी जांच

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भगवानपुर।** प्रखण्ड के पीएचसी में सोमवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गर्भवतियों की प्रसव पूर्व एएनसी जांच की गयी। इस कैंप में परिवार कल्याण काउंसलर नियति कुमारी मिश्रा ने 97 से अधिक महिलाओं को गर्भनिरोधक दवाइयां दी। इस कैंप में गर्भवती महिलाएं को स्वास्थ्य जांच के बाद परिवार नियोजन के विभिन्न तरीकों को समझाया गया और जरूरी चिकित्सा परामर्श भी दिए गए। गर्भवती महिलाएं की एएनसी, ब्लड, यूरिन, एचआईवी, ब्लड ग्रुप, बीपी, हार्ट बीट आदि की भी जांच डॉ ज्योति शबनम एवं डॉ किरण की उपस्थिति में एलटी फिरोज आलम, सीएचओ नवीन, राजू, निशा भारती, एएनएम चांदनी आदि के द्वारा किया गया। काउंसलर नियति मिश्रा ने बताया की प्रसव अवधि के दौरान किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर तुरंत जांच करानी चाहिए। समय पर जांच कराने से किसी भी प्रकार की परेशानी का शुरुआती दौर में ही पता चल जाने से उसे आसानी से दूर किया जा सकता है। खानपान के बारे में बताते हुए सभी गर्भवती महिलाओं को आयरन, कैल्शियम, एल्बेंडाजोल की टेबलेट व ओआरएस दी गई तथा योग्य दम्पतियों को परिवार नियोजन की दवाइयां दी गयी।

# रोजगार कैंप में 113 अभ्यर्थियों का चयन

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग पटना के तत्वावधान में जिला नियोजनालय द्वारा एक दिवसीय विशेष रोजगार कैम्प का आयोजन किया गया। इस कैम्प का आयोजन जिला नियोजन पदाधिकारी राणा अमितेश की अध्यक्षता में संपन्न हुई। विशेष रोजगार कैम्प में कुल 09 नियोजकों (कंपनियों) ने भाग लिया। कैम्प के दौरान विभिन्न नियोजकों द्वारा कुल 444 अभ्यर्थियों का बायोडाटा प्राप्त किया गया, जिनमें से 113 अभ्यर्थियों का रोजगार के लिए चयन किया गया। वहीं 112 अभ्यर्थियों को अगले चरण के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया।कैम्प में उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा अभ्यर्थियों को नियोजन के अवसरों तथा कौशल विकास से संबंधित विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई एवं उनके करियर उन्नयन हेतु आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया।इस अवसर पर राहुल कुमार, पंकज कुमार सिंह, कुमार रंजय सिंह देव, सतीश पटेल, सामंत कुमार सहित जिला नियोजनालय के सभी कर्मी उपस्थित थे।

# दो बाइकों की टक्कर में युवक की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**शिवाजीनगर।** दो बाइकों की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई। मृत युवक की पहचान शिवाजीनगर थाना के दसौत पंचायत के दसौत गांव के घनश्याम राय के 25 वर्षिय पुत्र कृष्ण मोहन राय के रूप में किया गया। बताया जा रहा है कि युवक सोमवार को अपनी भांजी को लाने के लिए अपने बाइक से सिमरिया गया था। वापस लौटने के दौरान तेज गति से आ रही एक और बाइक से आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें दसौत गांव निवासी कृष्ण मोहन राय और उसकी दोनो भगिनी बुरी तरह जख्मी हो गये। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया जहां इलाज के दौरान कृष्ण मोहन राय को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। और उसके दोनों भांजियों का इलाज जारी है। गांव में चर्चा है कि कृष्ण मोहन राय के घर में छोटी बहन की दुरागमन को लेकर उत्सवी माहौल था जो अब गम में तब्दील हो गया। कृष्ण मोहन की माता-पिता छोटी बहन, बड़ी बहन सगे संबंधियों की रो-रो कर बुरा हाल बना हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय मुखिया नटवर कुमार राय, समाजसेवी विमलेश कुमार राय, कृष्ण कुमार राय, सरपंच विश्वनाथ राय, पंचायत समिति सदस्य मोहन झा फूल बाबू राय, सहित अन्य शोक संतप्त स्वजनों को सांत्वना दी।

## मूलभूत सुविधाओं से वंचित है नरसिंहा गांव

**अंबा।** उत्कृष्ट विकास कार्य के लिए कुटुंबा प्रखंड का चयन पीएम अवॉर्ड फॉर एक्सीलेंस के लिए किया गया है परन्तु ग्राम पंचायत वर्मा का नरसिंहा गांव प्रखंड क्षेत्र में विकास के कागज़ी दावों से इतर हालात बयां कर रहा है। आजादी के कई दशक के बीत जाने के बाद भी उक्त गांव तक सड़क नहीं पहुंच पाई है।

## पुलिस ने वारंटी को किया गिरफ्तार

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** समकालीन अभियान के तहत नावकोठी पुलिस ने अलग अलग गांव से एक वारंटी तथा दो वांछित को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। प्रशिक्षु एसडीपीओ सह थानाध्यक्ष अमरजीत तिवारी ने बताया कि गिरफ्तार वारंटी इनैया के नालिसी वाद संख्या 9382/13 के सत्य नारायण पोद्दार एवं कांड संख्या 38/26 के नामजद वृंदावन के भोला राम तथा कांड संख्या 39/26 के वांछित डफरपुर पूर्वी के माधव कुमार हैं। लंबी अवधि से न्यायालय से गैर हाज़िर थे। न्यायालय ने पोद्दार के विरूद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। इस कार्रवाई में एस आई विश्व जीत कुमार, रंजीत कुमार, पूनम कुमारी साहा, गुड़िया कुमारी, अंकिता कुमारी, मिथिलेश कुमार, विपिन कुमार ओझा, मो इसमाइल एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

**फार्मेट-सी-2**

**(राजनैतिक दलों के लिए वेबसाइट, समाचार-पत्रों/टी वी में प्रकाशन हेतु)**

दल द्वारा खड़े किये गये अभ्यर्थियों के आपराधिक पूर्ववृत के बारे में घोषणा

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) संख्या-536 (पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन एवं अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य) में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार)

राजनीतिक दल का नाम : **राष्ट्रीय लोक मोर्चा**

निर्वाचन क्षेत्र का नाम : **राज्यसभा**

राज्य का नाम : **बिहार**

| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र. सं. | अभ्यर्थी का नाम | निर्वाचन क्षेत्र का नाम | (क) लंबित आपराधिक मामले | | आपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धि के लिए मामलों के संबंध में विवरण | | |
| | | | न्यायालय का नाम मामले सं एवं मामलों की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धाराएं एवं अपराध का संक्षिप्त विवरण | न्यायालय का नाम, आदेश की तारीख | अपराध और अधिरोपित किये गये दण्ड का विवरण | अधिकतम अधिरोपित दण्ड |
| 1 | **उपेन्द्र कुशवाहा** | **बिहार से राज्यसभा के लिए वर्ष 2026 में होने वाला द्विवार्षिक चुनाव** | ए सी जे एम-1, पटना एमपी/एमएलए/एमएलसी न्यायालय, पटना कोतवाली पटना कांड संख्या 83/20 | भारतीय दंड संहिता की धारा 147, 148,149,188,341,342,323, 353, 504, 506 सरकारी कार्य में बाधा डालना, यातायात बाधित करना, निषेधाज्ञा का उल्लंघन | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 2 | | | ए सी जे एम-1, पटना एमपी/एमएलए/एमएलसी न्यायालय, पटना गांधी मैदान पटना कांड संख्या 241/20 | भारतीय दंड संहिता की धारा 269,270,188,143,145 एवं महामारी रोग अधिनियम, 1897 की धारा 03 सरकारी कार्य में बाधा डालना, यातायात बाधित करना, निषेधाज्ञा का उल्लंघन कोरोना प्रोटोकॉल का उल्लंघन | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 3 | | | प्रथम श्रेणी न्यायालय, सासाराम करगहर (रोहतास) कांड संख्या 206/20 | भारतीय दंड संहिता की धारा 188 एवं आपदा प्रबंधन अधिनियम की धारा 51 सरकारी कार्य में बाधा डालना, यातायात बाधित करना, कोरोना प्रोटोकॉल का उल्लंघन | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 4 | | | ए सी जे एम-1, पटना एमपी/एमएलए/एमएलसी न्यायालय, पटना कोतवाली पटना कांड संख्या 91/19 | भारतीय दंड संहिता की धारा 147,148,149,188,352,341 ,342, 323, 332, 353, 506, 427 सरकारी कार्य में बाधा डालना, यातायात बाधित करना, निषेधाज्ञा का उल्लंघन | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 5 | | | ए सी जे एम-1, पटना एमपी/एमएलए/एमएलसी न्यायालय, पटना कोतवाली पटना कांड संख्या 1126/19 | भारतीय दंड संहिता की धारा 147, 149, 188, 341, 342, 504, 505, एवं ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) कानून की धारा 09 सरकारी कार्य में बाधा डालना, यातायात बाधित करना, निषेधाज्ञा का उल्लंघन, लाउडस्पीकर प्रयोग संबंधित | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 6 | | | ए सी जे एम, दानापुर बिहटा, पटना कांड संख्या 1059/19 | भारतीय दंड संहिता की धारा 147,149,188, 363, 34 सरकारी कार्य में बाधा डालना, यातायात बाधित करना, निषेधाज्ञा का उल्लंघन | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 7 | | | ए सी जे एम-1, मुजफ्फरपुर मीनापुर(मुजफ्फरपुर) कांड संख्या 201/19 | भारतीय दंड संहिता की धारा 188 एवं जनप्रतिनिधत्व अधिनियम की धारा 126 सरकारी कार्य में बाधा डालना, चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |

राज्य सभा के निर्वाचन या विधान सभा सदस्यों द्वारा, विधान परिषद के निर्वाचन के मामले में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।

# भारत ने 3 साल में 3 आईसीसी ट्रॉफी जीतीं

● एक टी-20 वर्ल्डकप में 100+ सिक्स लगाए, संजू ने कोहली का रिकॉर्ड तोड़ा ● लगातार 2 वर्ल्ड कप जीतने वाली पहली टीम, पहली बार होम टीम ने टाइटल जीता

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** भारत ने तीसरी बार टी-20 वर्ल्ड कप का खिताब जीत लिया। अहमदाबाद में खेले गए फाइनल में टीम इंडिया ने न्यूजीलैंड को 96 रन से हराया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 5 विकेट पर 255 रन बनाए, न्यूजीलैंड की टीम 159 रन पर ऑलआउट हो गई।


इस जीत के साथ भारत ने तीन साल में तीसरी आईसीसी ट्रॉफी अपने नाम कर ली। साथ ही टीम इंडिया टी-20 वर्ल्ड कप के एक एडिशन में 100 से ज्यादा छक्के लगाने वाली पहली टीम बनी, जबकि संजू सैमसन ने टूर्नामेंट में एक एडिशन में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाकर विराट कोहली का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया।

**2024 का कारनामा 2026 में दोहराया–** रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय टीम ने 29 जून 2024 को टी-20 वर्ल्ड कप का खिताब जीता था। टीम ने बारबाडोस में साउथ अफ्रीका को 7 रन के अंतर से हराया। आज टीम इंडिया ने टी-20 वर्ल्ड कप जीतने का कारनामा 2026 में भी दोहरा दिया।

### 3 इतिहास बदले

- **पहला–** पहली बार किसी होम टीम ने टी-20 वर्ल्ड कप जीता। इससे पहले कोई मेजबान टीम इस टूर्नामेंट में चैंपियन नहीं बनी।
- **दूसरा–** पहली बार किसी टीम ने लगातार दो टी-20 वर्ल्ड कप जीते। इससे पहले कोई भी टीम अपना टाइटल डिफेंड नहीं कर सकी थी।
- **तीसरा–** पहली बार किसी टीम ने तीन बार टी-20 वर्ल्ड कप जीते। किसी अन्य टीम ने इस टूर्नामेंट के 3 टाइटल नहीं जीते हैं।





### फाइनल के टॉप रिकॉर्ड्स

**भारत ने 3 साल में 2 टी-20 वर्ल्ड कप और एक चैंपियंस ट्रॉफी जीती–** भारत ने सिर्फ तीन साल के भीतर तीन आईसीसी ट्रॉफियां अपने नाम कर लीं। टीम ने 2024 में टी-20 वर्ल्ड कप जीतकर 17 साल बाद यह खिताब हासिल किया। इसके बाद 2025 में चैंपियंस ट्रॉफी अपने नाम कर जीत की लय बरकरार रखी और अब 2026 में टी-20 वर्ल्ड कप जीतकर भारत ने तीन साल में तीसरी आईसीसी ट्रॉफी हासिल कर ली। टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल में दो-दो बार हारने वाली टीमों में पाकिस्तान, श्रीलंका और न्यूजीलैंड शामिल हैं। पाकिस्तान 2007 और 2022 में, श्रीलंका 2009 और 2012 में, जबकि न्यूजीलैंड 2021 और 2026 में फाइनल हार चुका है।

### भारत 3 टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाली पहला देश

भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप इतिहास में नया अध्याय लिख दिया। टीम इंडिया 2024 के बाद 2026 में भी चैंपियन बनी और टी-20 वर्ल्ड कप का खिताब डिफेंड करने वाली पहली टीम बन गई। इसके साथ ही इंडिया तीन टी-20 वर्ल्ड कप (2007, 2024 और 2026) जीतने वाली दुनिया की पहली टीम भी बन गया। अहमदाबाद में खेले गए फाइनल में जीत के साथ भारत ने पहली बार अपने घरेलू मैदान पर टी-20 वर्ल्ड कप ट्रॉफी भी जीती। इससे पहले टीम ने 2007 में साउथ अफ्रीका और 2024 में वेस्टइंडीज में खिताब जीता था। अब भारत के नाम तीन टी-20 वर्ल्ड कप ट्रॉफी हो गई हैं, जबकि वेस्टइंडीज और इंग्लैंड दो-दो बार ही यह खिताब जीत सके हैं।

### भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा बार 200+ का स्कोर बनाया

इंडिया टी-20 वर्ल्ड कप इतिहास में सबसे ज्यादा बार 200+ का स्कोर बनाने वाली टीम बन गई। टीम इंडिया ने अब तक सात बार 200+ रन बनाए हैं। इस रिकॉर्ड में साउथ अफ्रीका 6 बार 200+ स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर है, जबकि वेस्टइंडीज, श्रीलंका और इंग्लैंड 4-4 बार यह आंकड़ा पार कर चुके हैं। टी-20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा 250+ स्कोर बनाने के मामले में भी भारत टॉप पर है। टीम इंडिया अब तक सात बार 250 से ज्यादा का स्कोर बना चुकी है। इस रिकॉर्ड में आईपीएल टीम सनराइजर्स हैदराबाद 5 बार 250+ स्कोर के साथ दूसरे नंबर पर है। भारत ने 2026 में चार बार 250+ स्कोर बनाया, जो किसी भी टीम से एक साल में सबसे ज्यादा है।

## गंभीर बोले- जीत द्रविड़ और लक्ष्मण को समर्पित

संजू ने कहा- सचिन की सलाह काम आई, सूर्या ने बुमराह को राष्ट्रीय धरोहर बताया



**अहमदाबाद (एजेंसी)।** भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल में न्यूजीलैंड को 96 रन से हराया। टीम तीसरी बार टी-20 में वर्ल्ड चैंपियन बनी। अहमदाबाद में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने चार विकेट झटके और उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। टूर्नामेंट के आखिरी तीन मैचों में शानदार प्रदर्शन के कारण सैमसन को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया। इसमें इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल और न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल की अहम पारियां शामिल हैं। उन्होंने टूर्नामेंट के 5 मैचों में 321 रन बनाए। संजू सैमसन ने टी-20 वर्ल्ड कप में अपने शानदार प्रदर्शन का श्रेय सचिन तेंदुलकर से हुई बातचीत को दिया। वहीं, कप्तान सूर्या ने जसप्रीत बुमराह को नेशनल धरोहर बताया। गंभीर बोले- जीत द्रविड़ और लक्ष्मण को समर्पित है।

## दिव्या को प्राग चैलेंजर शतरंज में तीसरा स्थान, विश्व टॉप 10 में पहुँची



**प्राग, चेक गणराज्य (एजेंसी)।** वर्तमान महिला विश्व कप विजेता भारत की दिव्या देशमुख नें फ़ीडे कैंडिडेट के पहले प्राग चैलेंजर में 9 राउंड के बाद 5 अंक बनाते हुए तीसरा स्थान हासिल करते हुए ना सिर्फ़ विश्व टॉप 10 महिला खिलाड़ियों में खुद को शामिल कर लिया है बल्कि कैंडिडेट शुरू होने के पहले अपनी मजबूत दावेदारी भी प्रस्तुत कर दी है ।

दिव्या इस 10 खिलाड़ियों के राउंड रॉबिन मजबूत टूर्नामेंट में शामिल दो महिला खिलाड़ियों में से एक थी विश्व नंबर 3 चीन की जू जिनर भी इस मुक़ाबले का हिस्सा थी जो 2.5 अंकों के साथ अंतिम स्थान पर रही। दिव्या देशमुख नें आख़िरी राउंड में मेजबान चेक गणराज्य के स्टीफन हर्बेक को मात देते हुए अपनी दूसरी जीत दर्ज की । चेक गणराज्य के फिनेक वैक्लेव 6.5 अंकों के साथ पहले और स्पेन के यूफ़ा डेनियल 6 अंक बनाकर दूसरे स्थान पर रहे । भारत के सूर्य शेखर गांगुली 4 अंक बनाकर आठवें स्थान पर रहे । फ़िलहाल दिव्या 2510 फ़ीडे रेटिंग अंकों के साथ विश्व रैंकिंग में दसवें स्थान पर पहुँच गई है . 2535 अंकों के साथ अभी भी कोनेरू हंपी विश्व में नंबर 5 और भारत की शीर्ष खिलाड़ी बनी हुई है ।

# भारत को टी-20 वर्ल्ड कप जिताने वाले 5 हीरो

सैमसन ने लगातार 3 फिफ्टी लगाईं, बुमराह टूर्नामेंट के टॉप विकेट टेकर बने

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप जीत लिया है। टीम ने रविवार रात न्यूजीलैंड को 96 रन से हराया। वैसे तो इस ट्रॉफी के लिए सभी प्लेयर्स ने योगदान दिया, लेकिन कुछ प्लेयर्स ऐसे रहे, जिन्होंने कठिन परिस्थियों में प्रदर्शन कर खुद को साबित किया।

- **बड़े मैचों में सैमसन ने फिफ्टी लगाई–** भारत के विकेटकीपर बैटर संजू सैमसन भारत के लिए ट्रंप कार्ड साबित हुए। उन्होंने टीम के लिए लगातार 3 मैचों में फिफ्टी लगाई। लीग स्टेज में प्लेइंग-11 के लिए स्ट्रगल कर रहे संजू को वेस्टइंडीज के खिलाफ कोलकाता में मौका मिला। यहां टीम को जीत चाहिए थी। सैमसन ने बैटिंग के लिए चैलेंजिंग पिच पर नाबाद 97 रनों की पारी खेलकर भारत को फाइटिंग टोटल तक पहुंचाया। इतना ही नहीं, सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ और फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ 89-89 रनों की पारी खेली। वे इस टूर्नामेंट में भारत के टॉप स्कोरर रहे। उन्हें प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया।



- **बुमराह इस टूर्नामेंट के टॉप विकेट टेकर–** जसप्रीत बुमराह प्लेयर ऑफ द फाइनल रहे। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने कोटे के चार ओवर में 15 रन देकर 4 विकेट झटके। इतना ही नहीं, वे इस टूर्नामेंट के टॉप विकेट टेकर भी बने। उन्होंने 8 मैचों में 14 विकेट झटके। सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ बुमराह की सटीक गेंदबाजी ने भारत को जीत दिला दी। गुरुवार को 254 रन का टारगेट चेज कर रही इंग्लैंड ने 15 ओवर में 5 विकेट पर 185 रन बना लिए थे। मैच इंग्लैंड के पाले में जाता दिख रहा था, तभी कप्तान सूर्यकुमार यादव ने जसप्रीत बुमराह को गेंद थमाई। उन्होंने मिडिल ओवर्स में 2 ओवर फेंके और मात्र 14 रन देकर इंग्लैंड पर दबाव बना दिया। यहां से भारत ने 7 रन से मैच जीत लिया।



- **ईशान किशन के नाम 3 फिफ्टी–** टी-20 वर्ल्ड कप से पहले आखिरी समय में टीम में चुने गए ओपनर ईशान किशन ने टूर्नामेंट में 3 फिफ्टी लगा दीं। उन्होंने फाइनल में 21 बॉल में 247.61 के स्ट्राइक रेट से 52 रन बनाए। किशन ने संजू सैमसन के साथ 48 बॉल पर 105 रन की साझेदारी की। इससे पहले पाकिस्तान के खिलाफ ईशान ओपनिंग करने उतरे, लेकिन उनके सामने अभिषेक शर्मा शून्य पर आउट हो गए।



- **हार्दिक के नाम 217 रन के साथ 9 विकेट–** हार्दिक पंड्या ने बैट और बॉल दोनों से योगदान दिया। उन्होंने 9 मैचों में एक फिफ्टी के सहारे 217 रन बनाए। 160.74 की स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की। इतना ही नहीं, पंड्या ने 9 विकेट भी निकाले। इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में हार्दिक पंड्या ने ऑलराउंड प्रदर्शन किया। उन्होंने 12 गेंदों पर 225 के स्ट्राइक रेट से 27 रन बनाए और टीम इंडिया का स्कोर 250 के पार पहुंचा दिया। बॉलिंग करते हुए पहली ही गेंद पर फिल सॉल्ट का विकेट निकाल दिया। उन्होंने 19वें ओवर में 9 ही रन दिए और जीत दिला दी।





- **शिवम दुबे ने फाइनल में 225 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए–** भारत ने फाइनल में 15 ओवर में 203 रन बना दिए थे। तब जिमी नीशम ने 16वें ओवर में संजू सैमसन (89 रन), ईशान किशन (52 रन) और सूर्यकुमार यादव (जीरो) को पवेलियन भेज दिया। उसके बाद अगली 24 गेंद में 28 रन बने। ऐसे में टीम इंडिया का 250 भी पहुंचना मुश्किल लग रहा था। शिवम दुबे ने पारी के 20वें ओवर में जिमी नीशम के खिलाफ दो छक्के और 3 चौके लगाए। उनकी 8 बॉल पर 26 रन की पारी की बदौलत टीम इंडिया ने फाइनल में 255 रन का स्कोर बनाया। उन्होंने सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ 25 बॉल पर 43 रन की पारी खेली थी।

## कप्तान सूर्या वर्ल्ड चैंपियन बनने के बाद हनुमान मंदिर पहुंचे

● देशभर में जश्न, आतिशबाजी के साथ लोग नाचे, तिरंगा लेकर सड़कों पर उतरे



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में रविवार को खेले गए टी20 वर्ल्ड कप के फाइनल में भारत ने न्यूजीलैंड को हराकर खिताब जीत लिया है। इस ऐतिहासिक जीत के बाद पूरे देश में दिवाली जैसा माहौल है। प्रशंसक सड़कों पर नाच रहे हैं, आतिशबाजी कर रहे हैं और तिरंगा फहराकर खुशी मना रहे हैं। इधर कप्तान सूर्यकुमार यादव देर रात वर्ल्ड कप ट्रॉफी लेकर अहमदाबाद के हनुमान मंदिर पहुंचे और पूजा की। इस दौरान आईसीसी चेयरमैन जय शाह और टीम के हेड कोच गौतम गंभीर भी उनके साथ थे।

महिला हॉकी विश्व कप क्वालीफायर

## उरुग्वे के खिलाफ जीत से अभियान शुरू करना चाहेगा भारत

**हैदराबाद (एजेंसी)।** भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप में जगह बनाने के लक्ष्य के साथ क्वालीफायर टूर्नामेंट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए तैयार है। अनुभवी कोच Sjoerd Marijne के टीम से जुड़ने के बाद खिलाड़ियों में नया उत्साह देखने को मिल रहा है। मेजबान भारत अपने पहले मुकाबले में Uruguay के खिलाफ जीत के साथ अभियान की सकारात्मक शुरुआत करना चाहेगा।



**विश्व कप के लिए तीन स्थान दांव पर–** इस क्वालीफायर टूर्नामेंट में कुल आठ टीमें हिस्सा ले रही हैं, जिनमें भारत, इंग्लैंड, स्कॉटलैंड, कोरिया, इटली, उरुग्वे, वेल्स, ऑस्ट्रिया शामिल हैं। टूर्नामेंट के पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीमें आगामी FIH Women's Hockey World Cup के लिए क्वालीफाई करेंगी। यह विश्व कप 14 से 30 अगस्त के बीच Belgium और Netherlands में आयोजित होगा।

**कोच मारिन की वापसी से टीम में जोश–** डच कोच स्जोएर्ड मारिन के लिए यह टूर्नामेंट मुख्य कोच के रूप में पहली जिम्मेदारी होगी। वह इससे पहले Tokyo 2020 Olympics में भारतीय टीम को ऐतिहासिक चौथे स्थान तक पहुंचाने के बाद पद छोड़ चुके थे और अब एक बार फिर टीम के साथ जुड़े हैं। उनकी वापसी से भारतीय टीम में नई ऊर्जा और आत्मविश्वास देखने को मिल रहा है।

### भारत की रैंकिंग और दावेदारी

भारतीय टीम इस समय विश्व रैंकिंग में नौवें स्थान पर है और टूर्नामेंट में इंग्लैंड (7वें स्थान) के बाद दूसरी सबसे ऊंची रैंकिंग वाली टीम है। रैंकिंग के आधार पर देखा जाए तो उरुग्वे के खिलाफ भारत को जीत का प्रबल दावेदार माना जा रहा है।

## 28 मार्च से शुरू होगा आईपीएल 2026

● टी-20 वर्ल्डकप फाइनल से पहले ऐलान ● बंगाल-तमिलनाडु समेत 5 राज्यों में चुनावों के चलते शेड्यूल बदला



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 2026 की शुरुआत 28 मार्च को होगी। इसकी घोषणा रविवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होने वाले भारत-न्यूजीलैंड टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल से पहले ब्रॉडकास्टर स्टार स्पोर्ट्स ने की।

पहले टूर्नामेंट 26 मार्च से शुरू होना था, लेकिन तमिलनाडु, केरल, असम, पश्चिम बंगाल और पुडुचेरी में होने वाले चुनावों के कारण शेड्यूल में बदलाव किया गया है। हालांकि आईपीएल की ओर से अभी तक टूर्नामेंट का पूरा कार्यक्रम जारी नहीं किया गया है।

**चेपॉक, ईडन गार्डन्स में होते हैं मैच–** विधानसभा चुनाव वाले राज्यों में तीन ऐसे प्रमुख स्टेडियम हैं जो आईपीएल वेन्यू के रूप में इस्तेमाल होते रहे हैं। तमिलनाडु के चेन्नई स्थित एमए चिदंबरम स्टेडियम (चेपॉक) चेन्नई सुपर किंग्स का होम ग्राउंड है।

पश्चिम बंगाल के कोलकाता में स्थित ईडन गार्डन्स कोलकाता नाइट राइडर्स का घरेलू मैदान है, जबकि असम के गुवाहाटी में बना बारसापारा क्रिकेट स्टेडियम राजस्थान रॉयल्स का सेकेंड होम वेन्यू रहा है।

**चुनाव के कारण दो चरणों में आ सकता है शेड्यूल–** 2008 में आईपीएल शुरू होने के बाद जब भी देश में आम चुनाव (2009, 2014, 2019 और 2024) या किसी राज्य में विधानसभा चुनाव हुए हैं, टूर्नामेंट का शेड्यूल दो हिस्सों में जारी किया गया है। ऐसे में संभावना है कि इस बार भी बीसीसीआई ऐसा ही करेगा।

**बेंगलुरु में होगा ओपनिंग और फाइनल मैच–** कर्नाटक क्रिकेट एसोसिएशन (केसीए) के सेक्रेटरी संतोष मेनन ने कन्फर्म किया कि बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में ही ओपनिंग और फाइनल मैच खेले जाएंगे। होम टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) इस बार अपने 5 होम मैच चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेलेगी।



## धोनी बोले- कोच साहब, आप पर मुस्कुराहट अच्छी लगती है

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** भारत की टी-20 वर्ल्ड कप जीत ने एमएस धोनी को भी सोशल मीडिया पोस्ट करने पर मजबूर कर दिया। पूर्व कप्तान धोनी ने चैंपियन टीम की फोटो इंस्टाग्राम पर शेयर की और लिखा, अहमदाबाद में इतिहास रचा गया। कोच साहब (गौतम गंभीर), आपके चेहरे पर मुस्कुराहट अच्छी लगती है।

वहीं सचिन तेंदुलकर पूरे मैच के दौरान एक्स पर एक्टिव नजर आए। जीत के बाद उन्होंने कहा, टीम इंडिया ने इनक्रेडिबल वर्क किया। विराट कोहली बोले, अहमदाबाद में भारत ने अद्भुत जीत हासिल की।भारत ने रविवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल जीता। टीम ने न्यूजीलैंड को 96 रन से हराया और 3 साल में तीसरा आईसीसी टाइटल अपने नाम किया। भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप भी तीसरी बार ही जीता है।

### सचिन ने कहा- इनक्रेडिबल वर्क टीम इंडिया, कोहली ने जीत को अद्भुत बताया

**बुमराह चैंपियन बॉलर–** एमएस धोनी ने 21 महीने बाद अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कोई फोटो शेयर की। उन्होंने लिखा, अहमदाबाद में इतिहास रचा गया। टीम इंडिया, सपोर्ट स्टाफ और सभी फैंस को बधाइयां। आप सभी को खेलते हुए देखकर बहुत खुशी हुई।कोच साहब (गौतम गंभीर) आपके चेहरे पर मुस्कुराहट अच्छी लगती है। मैच इंटेंसिटी के साथ आपकी स्माइल एक किलर कॉम्बिनेशन है। बेहतरीन प्रदर्शन, मजे कीजिए। बुमराह के बारे में कुछ न लिखूं तो ही अच्छा है। चैंपियन बॉलर।धोनी ने इससे पहले 2024 में टीम इंडिया को टी-20 वर्ल्ड कप जीतने पर ही सोशल मीडिया पर बधाई दी थी। इस बार तो वे सेमीफाइनल और फाइनल के दौरान स्टेडियम में भी मौजूद रहे।



### संजू ने स्मार्ट बैटिंग की- सचिन

सचिन तेंदुलकर फाइनल के दौरान सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक्टिव नजर आए। उन्होंने संजू सैमसन, अभिषेक शर्मा, ईशान किशन, शिवम दुबे, अक्षर पटेल और जसप्रीत की तारीफ की। संजू पर उन्होंने कहा, सैमसन बड़ी स्मार्ट बैटिंग कर रहे हैं, वे जानते हैं कि कहां अटैक करना है और कहां डिफेंड करना है। ईशान किशन ने भी बेहतरीन शॉट्स खेले। मैच के बाद तेंदुलकर बोले, भारत और न्यूजीलैंड के बॉलर्स में यही अंतर रहा कि इंडिया ने स्लोअर गेंदें बहुत ज्यादा इस्तेमाल कीं। अहमदाबाद में शॉर्ट पिच गेंदें और वैरिएशन ही कारगर रहे। टी-20 वर्ल्ड कप लगातार 2 बार जीतना खास अहसास है। भारत इस ट्रॉफी को जीतना डिजर्व करता है।भारत ने बेहतरीन प्रदर्शन किया, टीम ने स्पेशल ब्रांड का क्रिकेट खेला। बेहतरीन टीम इंडिया, जय हिंद। जीत के बाद सेलिब्रेशन के लिए मुंबई में नहीं हूं, लेकिन मेरे घर के बाहर लोगों के जश्न के वीडियो देख रहा हूं। बेहतरीन रात। बेहतरीन काम, टीम इंडिया।



# पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए प्रशासन गंभीर
## डीएम ने जागरूकता रथ को दिखाई हरी झंडी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। ग्रीष्मकालीन मौसम को ध्यान में रखते हुए जिले में पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से चलंत चापाकल मरम्मती दल रथ को समाहरणालय परिसर से जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, औरंगाबाद अंतर्गत ग्रीष्मकाल 2026 के दौरान 9 मार्च 2026 से चापाकल मरम्मति कार्य के लिए जिले में कुल 11 वाहनों के साथ 11 मरम्मति गैंग को तैनात किया गया है। प्रत्येक वाहन में चापाकल मरम्मति के लिए आवश्यक सामग्री पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराई गई है, ताकि खराब पड़े चापाकलों की मरम्मत शीघ्रता से सुनिश्चित की जा सके।विभाग द्वारा इन मरम्मति दलों



के माध्यम से जिले में कुल लगभग 3435 चापाकलों की मरम्मति किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्रत्येक चापाकल की मरम्मति के उपरांत उसका सोशल ऑडिट भी कराया जाएगा तथा इसकी ऑनलाइन प्रविष्टि लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार के वेब पोर्टल पर की जाएगी। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी मरम्मति दलों को युद्ध स्तर पर संचालित करते हुए जिले में मौजूद सभी खराब चापाकलों की मरम्मति यथाशीघ्र कराना सुनिश्चित करें, ताकि आमजन को पेयजल की समस्या का सामना न करना पड़े। इस कार्य के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला स्तर पर एक नियंत्रण कक्ष की स्थापना भी की गई है। कनीय अभियंता, सहायक अभियंता एवं कार्यपालक अभियंता द्वारा मरम्मति कार्यों की नियमित निगरानी की जाएगी। लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, औरंगाबाद द्वारा स्थापित जिला नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या – 8544428862 एवं टोल फ्री नंबर 18001231121 है। इस नंबर पर ग्रामीण पेयजल संबंधी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। प्राप्त शिकायतों का त्वरित गति से निवारण किया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि जिले के सभी ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल की उपलब्धता बनी रहे तथा पेयजल संबंधी समस्याओं का त्वरित समाधान हो सके।

## एटीएम कार्ड बदलकर 19 हजार रुपये निकाले

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। एटीएम कार्ड बदलकर महिला से ठगी का मामला सामने आया है। मामला मदनपुर थाना क्षेत्र के बाज़ार की है। घटना को लेकर देव थाना क्षेत्र कुम्हार बिगहा निवासी विनोद पासवान की पत्नी रोषी देवी ने बताया कि वह अपने मायका मदनपुर के दशवतखाप आई थी। मदनपुर थाना रोड में स्थित पीएनबी के एटीएम से रूपये निकालने गई थी। इसी दौरान पहले से मौजूद एक युवक ने महिला को बातों में उलझाकर उसका एटीएम कार्ड बदल दिया। युवक बोला यहां से पैसे नहीं निकल रहे है। इससे पहले महिला कुछ समझ पाती आरोपी ने महिला के सामने ही उसके खाते से 19 हजार की नकदी पर हाथ साफ कर दिया। इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। महिला के मोबाइल पर पैसे निकाले जाने के मैसेज आने पर उसके होश उड़ गए। पीड़ित महिला ने तत्काल मदनपुर थाना पहुंचकर घटना की जानकारी दी। वहीं, पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि आरोपी को पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने आम लोगों से अपील की है कि वे एटीएम का इस्तेमाल करते समय बेहद सतर्क रहें। किसी भी अनजान व्यक्ति से मदद न लें और अपना एटीएम पिन हमेशा गुप्त रखें।

# जिलाधिकारी ने किया मोनिका को सम्मानित

**मोनिका ने यूपीएससी की परीक्षा में 16वीं रैंक प्राप्त कर जिले का नाम किया गौरवान्वित**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। अपने कार्यालय कक्ष में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा जिले की बेटी मोनिका श्रीवास्तव को सम्मानित किया गया। मोनिका ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की परीक्षा में 16वीं रैंक प्राप्त कर जिले तथा राज्य का नाम गौरवान्वित किया है। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उन्हें सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि मोनिका की यह उपलब्धि जिले के युवाओं, विशेषकर बेटियों के लिए प्रेरणास्रोत है। इस अवसर पर मोनिका श्रीवास्तव के पिता




ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव, माता भारती श्रीवास्तव तथा उनके मामा कमल किशोर उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने उनके परिवारजनों को भी इस सफलता के लिए बधाई देते हुए कहा कि परिवार के सहयोग और मार्गदर्शन से ही ऐसे उत्कृष्ट परिणाम संभव हो पाते हैं।

# यूपीएससी परीक्षा पास करने पर मोनिका का किया स्वागत



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। सरस्वती शिशु मंदिर में सोमवार को यूपीएससी की 2026 परीक्षा पास करने वाली मोनिका श्रीवास्तव को सम्मानित किया। सोमवार को प्रधानाचार्य नीरज कुमार कौशिक, कोषाध्यक्ष डॉ. संजीव रंजन, सह सचिव ओमप्रकाश सिंह, उप-प्रधानाचार्य आचार्य संजय कुमार सिंह, प्राथमिक खंड के प्रधानाचार्य सुमन कुमार सिंह सहित अन्य ने मोनिका को शाल, स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि मोनिका शुरू से ही होनहार छात्रा रही। इस सफलता से उसने जिले और राज्य का नाम रौशन किया है। मोनिका ने यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2026 में 16 वां स्थान प्राप्त किया। इस दौरान उसके पिता बी.के. श्रीवास्तव और उनके भाई भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन सामाजिक विज्ञान के वरिष्ठ आचार्य विपिन कुमार सिंह ने अत्यंत प्रभावशाली एवं सुव्यवस्थित शैली में किया। इस अवसर पर मोनिका ने अपने गुरुजन का आभार व्यक्त किया। साथ ही विद्यार्थियों को लक्ष्य के प्रति समर्पण, अनुशासन और निरंतर परिश्रम की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि किसी भी महान उपलब्धि की आधारशिला विद्यालयीन शिक्षा और शिक्षकों के मार्गदर्शन से ही निर्मित होती है। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए विद्यार्थियों को बड़े लक्ष्य निर्धारित कर उन्हें प्राप्त करने के लिए सतत प्रयासरत रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के विद्यार्थियों ने उनसे अपने मन में उठने वाले अनेक प्रश्न भी पूछे, जिनका उन्होंने सरल, सारगर्भित और प्रेरणादायी उत्तर देकर विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। यह सम्मान समारोह विद्यालय परिवार के लिए गौरव का क्षण साबित हुआ तथा उपस्थित विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का महत्वपूर्ण स्रोत बन गया।

# प्रत्येक परिवाद का गुणवत्तापूर्ण व पारदर्शिता के साथ हो निष्पादन : अभिलाषा


**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। अपने कार्यालय कक्ष में सात निश्चय-3 के अंतर्गत "सबका सम्मान – जीवन आसान" पहल के तहत जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार के दौरान जिलाधिकारी ने विभिन्न प्रखंडों से आए आम नागरिकों से सीधे संवाद स्थापित करते हुए उनकी समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना। इस अवसर पर कुल 72 परिवादियों ने अपने-अपने आवेदन प्रस्तुत किए। प्राप्त परिवादों में मुख्य रूप से दाखिल-खारिज, अतिक्रमण हटाने, राशन कार्ड, नाली-गली निर्माण, भूमि विवाद, जमाबंदी, इंदिरा आवास, भूमि मापी, जमीन पर अवैध कब्जा, परिमार्जन, एलपीसी निर्गत करने, पैक्स से संबंधित, मानदेय भुगतान, आंगनबाड़ी बहाली में अनियमता, सहित अन्य जनहित से जुड़े विषय शामिल रहे। जनता दरबार में प्राप्त सभी परिवादों को विधिवत पंजी में दर्ज कर संबंधित विभागों को अग्रसारित किया गया तथा त्वरित एवं आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। जिला प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी मामलों का निष्पादन निर्धारित समय-सीमा के भीतर हो तथा किसी भी प्रकार की अनावश्यक विलंब की स्थिति उत्पन्न न हो। जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक परिवाद का गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी एवं न्यायसंगत निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, निष्पादन की नियमित समीक्षा करते हुए प्रगति से परिवादियों को समय पर अवगत कराने का भी निर्देश दिया गया।

# श्रद्धालुओं व पर्यटकों की सुरक्षा के साथ सुविधाओं पर जोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। अपने कार्यालय कक्ष में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा देव प्रखंड स्थित सूर्यकुंड तालाब परिसर में बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड द्वारा निर्माणाधीन अतिथि गृह से संबंधित समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित पदाधिकारियों को कार्य में तेजी लाते हुए इसे निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि देव स्थित सूर्यकुंड परिसर धार्मिक एवं पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थल है तथा छठ पर्व के अवसर पर यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं व्रती आते हैं। ऐसे में अतिथि गृह का निर्माण समय पर पूर्ण होने से श्रद्धालुओं एवं आगंतुकों को सुविधा मिल सकेगी। साथ ही अतिथि गृह में निर्मित शौचालय को भी सुचारु रूप से संचालित (फंक्शनल)



रखने का निर्देश दिया गया, ताकि आने वाले श्रद्धालुओं एवं व्रतियों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। जिलाधिकारी द्वारा कार्यपालक अभियंता, बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड को निर्माण कार्य की गुणवत्ता बनाए रखते हुए कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त सूर्यकुंड परिसर में निर्माणाधीन वॉच टावर पर रेलिंग लगाने का भी निर्देश दिया गया ताकि वहां आने वाले श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। इस अवसर पर जिला योजना पदाधिकारी अविनाश प्रकाश, कार्यपालक अभियंता, बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड उपस्थित थे।

# वाहन जांच के नाम पर पुलिसकर्मियों पर दादागिरी का आरोप

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। अंबा थाना की पुलिस द्वारा वाहन जांच के नाम पर दादागिरी का मामला सामने है। बता दें सोमवार को अंबा थाना में पदस्थापित दारोगा नारायणी शिवम और एएसआई औरंगजेब खान के द्वारा वाहन जांच किया जा रहा था। इसी दौरान एक स्विफ्ट डिजायर औरंगाबाद से हरिहरगंज जा रहा था। वाहन में एक महिला अपने बेटे के साथ बैठी हुई थी। वर्दी के हनक में दोनों पुलिसकर्मियों ने वाहन को रुकवाया, तभी महिला दारोगा ने वाहन में बैठी महिला को असभ्यता से पेश आते हुए गाड़ी से उतरने को कहा। महिला ने कहा कि आप सारे कागजात की जांच कर लीजिए, अगर आपको लगता है कि कही गाड़ी के कागजात में कोई गड़बड़ी है तो उसका चालान काटिए। इतने में महिला दारोगा गाली गलौज पर उतर आई और उस महिला की बेटे एवं चालक के सामने बेइज्जती कर दी। महिला पुलिस की उस हरकत देखकर आस पास लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी और लोग महिला पुलिसकर्मी को ऐसा करने से मना भी किया। लेकिन वर्दी की गर्मी ने उसके आंख को अंधा बना दिया था। वह किसी भी कीमत पर अपनी गलती मानने को तैयार नहीं थी, तभी किसी के द्वारा इसका वीडियो बनाया जाने लगा। इस दौरान दारोगा द्वारा मोबाइल छीनने की कोशिश की गई। मामला जब काफी हद तक बढ़ गया तो इसकी सूचना सदर एसडीपीओ संजय पांडे को दी गई। पूरे मामले की जानकारी मिलते ही उन्होंने कार्रवाई का आश्वासन दिया। गौरतलब है कि महिला पुलिस पूर्व में भी अपनी इन्हीं आदत को लेकर चर्चे में रही है। अगर पुलिसकर्मियों की स्थिति यही रही तो पुलिस और पब्लिक के बीच संबंध को सुधारने का प्रयास सिर्फ कागज पर ही समझा जायेगा।

# लोक अदालत का प्रचार-प्रसार करने के लिए जागरूकता रथ रवाना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। 14 मार्च को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर जिला जज सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष राजीव रंजन कुमार द्वारा प्राधिकार के प्रांगन से हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ को रवाना किया गया ताकि अधिक से अधिक वादों के निस्तारण हेतु जिले के सुदरवर्ती क्षेत्रों के लोगो को जागरूक करने के लिए बिहार ग्रामीण बैंक से संबधित जागरूक किया जा सके। इस अवसर पर प्राधिकार के सचिव तान्या पटेल सहित कई न्यायिक पदाधिकारीगण उपस्थित थे। जिला जज ने बताया




कि 14 मार्च को आयोजित होने वाले लोक अदालत का फायदा न सिर्फ शहर एवं कस्बों के लोगों मिले बल्कि जिले के सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों तक पहुंचे इस उद्देश्य के लिए यह जागरूकता रथ कारगार साबित होगा। जिला जज ने कहा कि इस लोक अदालत के माध्यम से सभी शमनीय वादों का निस्तारण एवं बैंक से सम्बन्धित वादों का निस्तारण निश्चित किया गया है। जिला जज ने औरंगाबाद जिला के वासियों से अपील की है कि राष्ट्रीय लोक अदालत में उपस्थित होकर अपने से सम्बन्धित सुलहनीय वादों का निस्तारण करायें और बैंक से सम्बन्धित जो भी बकाया राशिया है जो भी संभव हो उनका निदान किया जायेगा और बैंक के पदाधिकारियों द्वारा पूरा सहयोग किया जायेगा। यह रथ जिले के सभी प्रखण्डों के साथ-साथ समस्त ग्रामीण क्षेत्रों तक जायेगा एवं लोगो को हर तरह के सुलहनीय वादों के साथ-साथ बैंक ऋण से सम्बन्धित वादों का निस्तारण राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से करने के लिए प्रेरित करेगा। जागरूकता रथ रवाना के बाद जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव तान्या पटेल ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियां अंतिम चरण में है और अधिक से अधिक लोगों को इसकी जानकारी उपलब्ध हो इसके लिए जागरूकता रथ के साथ-साथ सोशल मीडिया, समाचार-पत्र, तथा अन्य कई माध्यमों से लोगो से यह अपील की जा रही है कि वे अपने सुलहनीय वादों का निस्तारण राष्ट्रीय लोक अदालत में कराए। इस अवसर पर बिहार ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबन्धक अरविन्द कुमार के साथ-साथ अन्य प्रबन्धक उपस्थित रहें।

# राम लखन बाबू के आदर्शों को अपनाने की जरूरत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

औरंगाबाद। शेर-ए-बिहार' के नाम से प्रसिद्ध पूर्व केंद्रीय मंत्री व बिहार में शिक्षा के क्षेत्र में क्रांति लाने वाले स्व. राम लखन सिंह यादव की जयंती शहर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान राम लखन सिंह यादव के सभागार में समारोह पूर्वक मनाया गया। आयोजित जयंती समारोह में अतिथियों ने राम लखन बाबू के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। सभी प्रमुख वक्ताओं ने सामूहिक रूप से निर्णय लिया और कहा कि रामलखन बाबू के आदर्शों को आत्मसात कर ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।



हम रामलखन बाबू के पद चिन्हों को अंगीकार करते हुए समाज का विकास करेंगे और समाज की सभी जाति एवं धर्म के लोगों को साथ लेकर समरस समाज और राष्ट्र का निर्माण करेंगे। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि राम लखन बाबू ने महात्मा गांधी के आह्वान पर 1942 के अंग्रेजों भारत छोड़ो आंदोलन में सक्रिय होकर अंग्रेजों के खिलाफ बगावत का झंडा बुलंद किया। इस दौरान उन्हें कई बार जेल भी जाना पड़ा। उन्होंने पालीगंज विधानसभा का 1952 से 1957 तथा 1962 से 1967 तक प्रतिनिधित्व किया। 1963 से 1967 तक बिहार सरकार में केबी सहाय के मंत्रिमंडल में लोक निर्माण मंत्री बने। 1994 से 1996 तक केंद्र के नरसिम्हा राव सरकार में रसायन एवं उर्वरक मंत्री बने। बिहार में शिक्षा क्रांति का श्रेय राम लखन सिंह यादव को जाता है। बिहार के सभी जिलों में स्कूल कॉलेज खोलकर समाज के सभी वर्ग के छात्र-छात्राओं को शिक्षा प्राप्त करने का अवसर प्रदान किए थे। राम लखन बाबू कोई व्यक्ति नहीं बल्कि एक विचारधारा थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता तरुण माथुर और संचालन शिक्षक डॉ संतोष यादव ने किया। जयंती कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बिहार सरकार के पूर्व मंत्री सुरेश पासवान, विशिष्ट अतिथि जेपी सेनानी अजय कुमार श्रीवास्तव, प्रमाद कुमार सिंह, राघवेन्द्र प्रताप सिंह, अमोद चंद्रवंशी, सिद्धेश्वर विद्यार्थी, सुबोध कुमार सिंह, जिला पार्षद सुरेंद्र यादव, डॉ रमेश यादव, मुखिया संजय यादव, गोरडिहा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि नगेंद्र सिंह, संजीत यादव, अजय यादव, श्यामता प्रसाद, तुलसी यादव, मुखिया बृजमोहन यादव, चंचला कुशवाहा, सबिता देवी, पूनम देवी, चन्द्रीप राम सहित बड़ी संख्या लोग मौजूद रहे।

## 5 अप्रैल को मनाई जाएगी माता कर्मा व दानवीर भामाशाह की जयंती

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। माता कर्मा क्लब के सदस्यों की बैठक दाउदनगर स्थित जीवक हॉस्पिटल परिसर में डॉ. जेपी कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से कृष्ण भक्त शिरोमणि माता कर्मा तथा दानवीर भामाशाह की जयंती आगामी 5 अप्रैल को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने जयंती समारोह को भव्य और सफल बनाने के लिए एक कमेटी का गठन किया। साथ ही आयोजन की तैयारियों को लेकर विभिन्न सदस्यों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गईं। वक्ताओं ने कहा कि इस तरह के आयोजन से समाज में आपसी भाईचारा और सौहार्द की भावना मजबूत होती है।

# मध्य विद्यालय खुटहन के छात्र-छात्राएं शैक्षणिक परिभ्रमण पर रवाना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। मध्य विद्यालय खुटहन के छात्र-छात्राएं मुख्यमंत्री बिहार दर्शन योजना के तहत शैक्षणिक परिभ्रमण के लिए राजगीर और बोधगया रवाना हुए। यह कार्यक्रम विद्यालय के प्रधानाध्यापक कमलेश कुमार के निर्देशन में आयोजित किया गया। परिभ्रमण दल को प्रखंड प्रमुख श्रीनिवास सिंह, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी दीपक कुमार, प्रधानाध्यापक कमलेश कुमार तथा पूर्व प्रधानाध्यापक रामस्वरूप शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर वरीय शिक्षक अमरेंद्र नारायण एवं शिक्षक अमित कुमार के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं का दल रवाना हुआ। कार्यक्रम के दौरान प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी दीपक कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री बिहार दर्शन योजना सरकार की महत्वाकांक्षी




पहल है। इसके माध्यम से छात्र-छात्राओं को बिहार के ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक स्थलों का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त होता है, जिससे उनके शारीरिक और बौद्धिक विकास में मदद मिलती है। प्रखंड प्रमुख श्रीनिवास सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि परिभ्रमण के दौरान जो भी ऐतिहासिक और शैक्षणिक जानकारी मिले, उसे अपनी कॉपी में नोट करें और विद्यालय लौटने के बाद अपने सहपाठियों के साथ साझा करें। परिभ्रमण दल के साथ शिक्षक वेद प्रकाश, रविकांत कुमार, स्वीटी कुमारी सहित कई शिक्षक मौजूद रहे। वहीं छात्र-छात्राओं में काजल कुमारी, रागनी कुमारी, खुशबू कुमारी, विजय कुमार, आदर्श कुमार, अंकुश कुमार, पीयूष कुमार सहित दर्जनों विद्यार्थी शामिल हुए।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक – कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# शहर की सड़कों पर आवारा मवेशियों का लगा रहता है जमावड़ा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। शहर की सड़कों पर इन दिनों आवारा मवेशियों का जमावड़ा लगा रहता है। दिन में ही नहीं बल्कि रात में भी विभिन्न शहरी क्षेत्र में सड़क पर मवेशियों का जमावड़ा रहता है जिसके कारण यातायात काफी खतरनाक हो गया है। शहर के रमेश चौक, सब्जी बाजार, कारगिल चौक, जामा मस्जिद, धर्मशाला चौक सहित मुख्य सड़कों आम रास्तों पर आवारा मवेशियों का जमावड़ा लगा रहने से वाहन चालकों सहित राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इससे कभी भी दुर्घटनाएं घट सकती हैं। मुख्य सड़क पर मवेशियों का जमावड़ा के कारण लगातार सड़क दुर्घटनाएं हो रही है परंतु नगर परिषद के अधिकारियों द्वारा कोई ध्यान नहीं




दिया जाता है और मवेशियों का जमावड़ा हटने का नाम नहीं ले रहा है। बता दें कि लोग अपने अपने घरों में पशु धन के रूप में मवेशियों का पालन करते आ रहे हैं। अभी भी हर गांव में बड़ी संख्या में गाय, बैल, भैंस एवं भेड़ बकरी पाले जाते हैं। मवेशियों की संख्या घटते ही लोग गांव के चारागाह का अतिक्रमण कर मकान आदि बनाए जा रहे हैं जिसके कारण गांव के चारागाह लुप्त के कगार पर है और गांव के मवेशी बेसहारा होकर आश्रय के लिए भटकते रहते हैं। वह विचरण के लिए गांव की चारागाह की खूब की तलाश करते हैं परंतु जगह नहीं मिलने पर वे मजबूरन मुख्य सड़क पर ही विचरण करने लग जाते हैं। शहर में यातायात प्रभावित हो रहा है। सड़क पर विचरण कर रहे इन मवेशियों के कारण आए दिन छोटी बड़ी सड़क दुर्घटनाएं हो रही है पर इस ओर न तो प्रशासन का और ना ही कोई संगठन का इस ओर ध्यान जा रहा है। अगर इस पर नियंत्रण नहीं हुआ तो मुख्य मार्ग पर सड़क दुर्घटनाओं का सिलसिला जारी रहेगा जिसने ना केवल पशुधन की क्षति होगी बल्कि राहगीरों का भी जान-माल नुकसान होगा। शाहपुर के दानी बिगहा के अंकित सिंह, प्रदीप कुमार ने कहा कि सबसे ज्यादा रात के समय वाहन चालकों को समस्या होती है। कुछ आवारा पशु ऐसे हैं जिनका रंग काला होता है और बीच सड़क पर झुम्मड़ लगाकर बैठे रहते हैं। तेज गति से आवागमन वाले वाहन चालकों को ये जानवर दिखाई नहीं देते जिसके कारण दुर्घटना घट जाती है। आवारा पशुओं का झुम्मड़ क्षेत्रों में दिखाई देता हैं, वहीं बीच सड़क पर बैठ जाते हैं जिसके कारण वाहनो के आवागमन में परेशानियां होती हैं। इन जानवरों को इसी तरह आवारा छोड़कर रखा गया तो एक दिन बड़ा हादसा भी हो सकता है। लोगों का कहना है कि शहर हो या ग्रामीण क्षेत्र सभी मुख्य मार्गों में आवारा पशु बीच सड़क पर बैठ कर दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रहे हैं। नगर परिषद के अधिकारियों को इस पर ध्यान देने की जरूरत है।